भोपाल
सोमवार, 26 अक्टूबर 2026
आश्विन मास शुक्ल पक्ष-पूर्णिमा
वर्ष : 13, अंक : 206
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 32
न्यून. 19

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



महर्षि वाल्मीकि जयंती
आज



आसमान में शानदार नजारा

पीएम मोदी ने देखा वायुसेना का भव्य एयर शो

काशी के आसमान में सुखोई, राफेल और तेजस का शौर्य

- 'विंग्स ओवर गंगा' थीम पर नमो घाट के ऊपर विमानों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब
- सारंग और सूर्य किरण टीम ने भी किया प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

काशी के आसमान में रविवार को भारतीय वायुसेना के शौर्य, पराक्रम और हवाई ताकत का शानदार नजारा देखने को मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी के नमो घाट पहुंचे और भारतीय वायुसेना की 94वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित एयर शो देखा। 'विंग्स ओवर गंगा' थीम पर हुए इस हवाई प्रदर्शन में सुखोई, राफेल, तेजस समेत कई लड़ाकू और परिवहन विमानों ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया। गंगा ▶▶शेष पेज 6 पर



चिनूक हेलीकॉप्टर

कैलाश और विश्वनाथ फॉर्मेशन ने दिखाया दम

'कैलाश फॉर्मेशन' में सी-130जे सुपर हरक्यूलिस विमान ने वी-आकार की संरचना का नेतृत्व किया। उसके दोनों ओर एएन-32 परिवहन विमान नजर आए। 'विश्वनाथ फॉर्मेशन' में सुखोई-30 एमकेआई विमानों ने शानदार तालमेल के साथ उड़ान भरी और तीन विमानों के 'त्रिशूल' स्प्लिट का प्रदर्शन किया। 'प्रचंड' फॉर्मेशन में छह विमानों ने तीर के सिरे जैसी संरचना बनाकर उड़ान भरी। इसके अलावा सुखोई-30 एमकेआई के एक विमान ने गंगा के ऊपर करीब नौ मिनट तक हैरतअंगेज करतब दिखाए। वायुसेना की प्रसिद्ध सारंग हेलीकॉप्टर प्रदर्शन टीम ने करीब 20 मिनट तक अपने करतब दिखाए। टीम ने ▶▶शेष पेज 6 पर



पीएम मोदी एयर शो को देखते हुए

वाराणसी को गारमेंट फैक्ट्री की सौगात

एयर शो में शामिल होने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने वाराणसी में अरविंद मिल की गारमेंट फैक्ट्री का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने करीब 300 महिलाओं से संवाद भी किया।

Tinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

पाठक सूचना
हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
का मास्टर कूपन
कल के अंक में देखें।

खबर संक्षेप

जेईई मेन 2027 का सिलेबस जारी

नई दिल्ली। एनटीए ने जेईई मेन 2027 का सिलेबस जारी कर दिया है। आईआईटी, एनआईटी सहित



केंद्रीय तकनीकी संस्थानों में बीई और बीटेक में प्रवेश की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट से सिलेबस डाउनलोड कर सकते हैं। सिलेबस में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पेपर-1 में भौतिकी की 20, रसायन विज्ञान की 20 और गणित की 14 यूनिट शामिल हैं। मैकेनिक्स, केमिकल बॉन्डिंग, ऑर्गेनिक केमिस्ट्री, कैलकुलस, बीजगणित,ज्यामिति शामिल हैं।

धीरेंद्र शास्त्री की कथा से पहले पंडाल में लगी आग

शिवपुरी। करैरा में रविवार दोपहर बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की श्रीराम कथा शुरू



होने से पहले मुख्य पंडाल के ऊपरी हिस्से में आग लग गई। पंडाल में सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद थे। शुरुआती जानकारी के अनुसार, शॉर्ट सर्किट से बिजली के तारों में स्पार्किंग हुई, जिससे सजावट के पर्दों में आग लग गई। पुलिस और सुरक्षाकर्मियों ने सीढ़ी व अग्निशमन यंत्रों की मदद से करीब 15 मिनट में आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझने से हादसा टल गया।

पटना के कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे के अभद्र बयान पर छिड़ा सियासी संग्राम

पीएम के पिता पर टिप्पणी, थाने में शिकायत शाह बोले-कांग्रेस ने मर्यादा तार-तार कर दी

- शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस हर रोज अभद्रता की सीमाएं पार कर रही है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास मुद्दे नहीं बचे हैं और वह गाली-गलौज की राजनीति कर रही है



लाल शर्ट में युवक बीच में टोकते हुए

भाजपा ने आज देशभर में खरगे के खिलाफ प्रदर्शन का भी ऐलान किया



मल्लिकार्जुन खरगे

कांग्रेस ने भाजपा और आरएसएस पर खरगे के साथ बार-बार अपमानजनक व्यवहार करने का आरोप लगाया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/पटना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की कथित टिप्पणी पर सियासी विवाद तेज हो गया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस हर रोज अभद्रता की सीमाएं पार कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास मुद्दे नहीं बचे हैं और वह गाली-गलौज की राजनीति कर रही है। भाजपा ने सोमवार को देशभर में खरगे के खिलाफ प्रदर्शन करने का ऐलान किया है। कांग्रेस के कई नेता इस मामले में सफाई देकर खड़गे का बचाव कर रहे हैं।

पटना के कोतवाली थाने में भाजपा नेता कृष्ण कुमार सिंह की शिकायत पर खरगे के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। ▶▶शेष पेज 6 पर

खरगे की टिप्पणी पर अमित शाह की आपत्ति



अमित शाह

कांग्रेस ने अभद्रता की सीमाएं लांघी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की टिप्पणी पर आपत्ति जताई। उन्होंने एक्स पर लिखा कि खरगे ने पटना में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता के बारे में अभद्र टिप्पणी कर मर्यादाएं तार-तार ▶▶शेष पेज 6 पर

भाजपा और संघ पर भड़के पवन खेड़ा



पवन खेड़ा

खरगे के साथ बदतमीजी कर रहे

कांग्रेस ने पार्टी अध्यक्ष खरगे की टिप्पणी पर उठे विवाद के बीच भाजपा पर पलटवार किया है। कांग्रेस सांसद पवन खेड़ा ने आरोप लगाया कि संघ और भाजपा के लोग दूसरी बार खरगे के साथ बदतमीजी कर रहे हैं। ▶▶शेष पेज 6 पर

खरगे के बयान की सीएम डॉ. मोहन यादव ने की निंदा

भोपाल। सीएम डॉ. यादव ने खरगे की टिप्पणी पर पलटवार करते हुए इसकी कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि राजनीतिक स्वार्थ के लिए दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को राजनीति में घसीटना दुर्भाग्यपूर्ण है। राजनीति में विचारों का मतभेद स्वाभाविक है, लेकिन भाषा और व्यवहार में मर्यादा बनाए रखना जरूरी है। राजनीतिक विरोध के दौरान भी गरिमा और शालीनता का ध्यान रखा जाना चाहिए। कांग्रेस के नेता अनर्गल बयानबाजी कर देश में अराजकता फैलाने का प्रयास कर रहे हैं।

सीएम ने शहडोल में कहा- एसटी विद्यार्थियों को अब 10 नहीं पूरे 12 माह की छात्रवृत्ति दी जाएगी

9.77 लाख तेंदूपत्ता संग्राहकों को 22.89 करोड़ बोनस बांटा

462 करोड़ रुपए के 134 विकास कार्यों की दी सौगात



टॉपर विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री स्कूटी योजना अंतर्गत स्कूटी की चाबियां सौंपी



सिंगल क्लिक से राशि वितरित करते हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण लाखों वनवासी परिवारों की आजीविका का माध्यम है। राज्य सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि मेहनतकश परिवारों को उनके हक का पूरा लाभ समय पर मिले। उन्होंने पांच जिलों (शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सतना एवं सीधी) के तेंदूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2024 के 9 लाख 77 हजार 696 पात्र संग्राहकों को 22 करोड़ 89 लाख रुपए से अधिक की प्रोत्साहन राशि (तेंदूपत्ता बोनस) का वितरण किया। मुख्यमंत्री ने ▶▶शेष पेज 6 पर

सीएम की घोषणाएं

1. शहडोल में इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनेगा
2. हाथियों के उत्पात से क्षतिग्रस्त मकान की जगह लोगों को पक्के मकान बनाकर दिए जाएंगे
3. शहडोल में निजी सहभागिता से एक नई यूनिवर्सिटी खोली जाएगी
4. फुटबॉल के लिए प्रसिद्ध गांव विचारपुर में 5.10 करोड़ के विकास कार्य होंगे

पिकनिक मनाने आए थे लोग

बेकाबू कार ने तीन लोगों को रौंदा, तीनों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास



■ टक्कर के बाद पेड़ से टकराकर रुकी कार

उदयनगर थाना क्षेत्र के दड़ गांव के पास रविवार सुबह तेज रफ्तार कार ने तीन लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में 80 वर्षीय बुजुर्ग और दो महिलाओं की मौत हो गई। कार सड़क किनारे खड़ी महिलाओं को टक्कर मारने के बाद घर के बाहर कुर्सी पर बैठे बुजुर्ग को रौंदते हुए पेड़ से जा टकराई। पुलिस ने कार चालक धर्मेंद्र जैन को हिरासत में लेकर ▶▶शेष पेज 6 पर

एसीएस संजय दुबे का दावा

नगरीय निकायों में 392 लोगों के खिलाफ एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



■ 3-4 करोड़ की वसूली, 80 लोगों पर कार्रवाई

नगरीय निकायों में वित्तीय अनियमितताओं और लापरवाही के मामलों में राज्य सरकार ने कार्रवाई की है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय दुबे के अनुसार अब तक अलग-अलग स्तर के 392 अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जा चुकी है। इनमें 135 मुख्य नगरपालिका ▶▶शेष पेज 6 पर

दावा-दंपती ने भागकर बचाई जान

घर के बाहर बंधे दो बछड़ों का चीतों ने किया शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



■ कूनो प्रबंधन ने हमले की आशंका नकारी

कराहल विकासखंड की ग्राम पंचायत लहरोनी के बमोरी गांव में रविवार तड़के चीतों ने घर के बाहर बाड़े में खूंटे से बंधे दो बछड़ों का शिकार कर लिया। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत फैल गई। बछड़ों के मालिक का दावा है कि घटना के समय वह पत्नी के साथ उसी टपरी में सो रहा था। चीतों को देखकर दोनों ने भागकर अपनी जान बचाई। ▶▶शेष पेज 6 पर

न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर जयराम रमेश ने उठाए सवाल

पूर्व जस्टिस किशन कौल की किताब के हवाले से केंद्र सरकार पर निशाना साधा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश जस्टिस



जयराम रमेश

संजय किशन कौल की किताब के हवाले से मोदी सरकार के कार्यकाल में न्यायपालिका की स्वतंत्रता को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने न्यायाधीशों की नियुक्ति में सरकार की कथित दखलंदाजी,



कौल और चंद्रचूड़

कॉलेजियम की प्रक्रिया और संवेदनशील मामलों की सुनवाई करने वाली पीठ में बदलाव से जुड़े मुद्दों पर चिंता जताई है। रमेश ने एक्स पर अपनी पोस्ट में कहा कि जस्टिस कौल ने अपनी ▶▶शेष पेज 6 पर

पीएमएलए मामले में पीठ के समक्ष उठे सवालों का भी उल्लेख

कांग्रेस नेता ने पीएमएलए से जुड़े मामले का उल्लेख करते हुए कहा कि जस्टिस कौल ने अपनी अध्यक्षता वाली पीठ के फैसले के कुछ पहलुओं पर पुनर्विचार की जरूरत से जुड़े घटनाक्रम का जिक्र किया है। रमेश के अनुसार, ▶▶शेष पेज 6 पर

हिंदुत्व पर बयान से गरमाई सियासत

दिग्विजय सिंह बोले- हिंदुत्व का सनातन धर्म से लेना-देना नहीं

सनातन परंपरा में नफरत और कटुता का स्थान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाजापुर

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के हिंदुत्व पर दिए बयान और उनकी 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' को लेकर सियासी चर्चा तेज हो गई है। रविवार को शाजापुर में प्रेस वार्ता के दौरान सिंह ने कहा कि वे कभी हिंदुत्व के समर्थक नहीं रहे और न रहेंगे। उनके मुताबिक हिंदुत्व का सनातन धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने दावा किया



दिग्विजय सिंह

कि सनातन धर्म हजारों साल पुराना है, जबकि हिंदुत्व शब्द सावरकर ने दिया था। सिंह ने कहा कि सनातन धर्म में कटुता और नफरत के लिए कोई जगह नहीं है। इससे पहले सिंह ने ▶▶शेष पेज 6 पर

'मन की बात' के 139 में संस्करण में पीएम नरेंद्र मोदी ने अंगदान पर नर्मदापुरम की शिवानी जी को याद किया

जो लोग जीवन पूरा करने के बाद अंगदान करके जाते हैं, वे कितने ही लोगों का जीवन भी बचाते हैं और रिसर्च को भी संभव बनाते हैं

मन की बात के 12 वर्ष पूर्ण होने पर पीएम ने कहा कि यह तीर्थ यात्रा से कम नहीं

शिवानी जी के परिवार के इस फैसले से समाज और देश के लिए एक बड़ा संदेश गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मन की बात के 139 में संस्करण में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि 12 वर्ष पहले, विजयादशमी के पावन अवसर पर, हमने 'मन की बात' की शुरुआत की थी। तब से अब तक, हमारी ये यात्रा निरंतर जारी है। इस यात्रा के सहयात्री भी आप हैं और मार्गदर्शक भी आप ही हैं।

'मन की बात' देश के सामान्य मानवी के परिश्रम, उसके पराक्रम, उसकी प्रतिबद्धता, उसके समर्पण और सेवा-भाव का गौरवगान करने का एक शुभ अवसर



पीएम मोदी



राजकीय सम्मान

रहा है। हमारे देश में सदियों से तीर्थ यात्रा की परंपरा रही है। मेरे लिए 'मन की बात' भी देश के लोगों के प्रयासों को करीब से जानने की और उनके योगदान को नमन करने की एक तीर्थ यात्रा से कम नहीं है।

शिवानी की एक सड़क दुर्घटना में हुई थी मौत

पीएम ने एडवांस रिसर्च में ऑर्गन डोनेशन की भूमिका रेखांकित करते हुए नर्मदापुरम की शिवानी का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि जो लोग अपना जीवन पूरा करने के बाद अंगदान करके जाते हैं, वो कितने ही लोगों का जीवन भी बचाते हैं और रिसर्च को भी संभव बनाते हैं। ऐसा ही एक उदाहरण है- मध्य प्रदेश में नर्मदापुरम की शिवानी जी का। शिवानी जी एक सड़क दुर्घटना की शिकार हो गई थी। परिवार पर मुसीबत टूट पड़ी, लेकिन इस कठिन समय में भी उनके परिवार ने एक ऐसा ▶▶शेष पेज 6 पर

अब ब्रेन की थ्री डी मैपिंग पर भी काम

पीएम ने बताया कि इस महीने की शुरुआत में मैं चेन्नई गया था। मेरी मुलाकात वहां देश की कई युवा प्रतिभाओं से हुई। ऐसी ही एक फील्ड है ब्रेन रिसर्च। इसी से जुड़े 'सुधा गोपाल कृष्णन ब्रेन सेंटर' का मैंने आईआईटी मद्रास में लोकार्पण किया था। इस केंद्र ने एक ब्रेन इमेजिंग टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म बनाया है जो दुनिया-भर के लिए मिसाल है। इसके जरिए मानव मस्तिष्क की हाई रिजॉल्यूशन थ्री डी तस्वीरें तैयार की जा रही है उनका लक्ष्य है आने वाले दिनों में सौ मनुष्य ब्रेन की की थ्री डी मैपिंग करके उनका बारीकी से अध्ययन करना। पूरी दुनिया में ये इस तरह का पहला मिशन है। इस काम में परम शक्ति सुपर कंप्यूटर का इस्तेमाल किया जा रहा है। आज भी अल्जाइमर और डीजेनेशिया जैसी बीमारियां हैं, जिनका ▶▶शेष पेज 6 पर

समृद्धि उत्सव 23 24 25 26 OCT '26

La Vallée Farms...

भोपाल-विदिशा-कानपुर 4 लेन एक्सप्रेसवे स्थित

प्रीमियम फार्मलैंड

इस फेस्टिव सीजन अपने परिवार के लिए करें ऐसा निवेश
जो खुशियां भी लाए, समृद्धि भी बढ़ाए...



Hurry!!!
आज ही बुक करें अपना फार्मलैंड
₹599/- Per Sq.ft. Onwards

WITH FESTIVE OFFERS*
*Valid for 4 Days

FREE GST + REGISTRY — FOR ALL CUSTOMERS
FREE ROYAL ENFIELD — ON FIRST 5 BOOKINGS
FREE HONDA ACTIVA — ON NEXT 5 BOOKINGS
FREE GOLD COIN (5g) — ON NEXT 5 BOOKINGS

*T&C APPLY

आज का निवेश कल का लाभ...

रोड कनेक्टिविटी
भोपाल-विदिशा-कानपुर 4 लेन हाइवे से क्षेत्र की सड़क कनेक्टिविटी और बेहतर होगी

विकास का लाभ
भोपाल के शहरी विस्तार से जुड़ी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट संभावनाएं

कीमतों में बढ़ोतरी
गत वर्षों में इस क्षेत्र में जमीन की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है

ज़मीन और हरियाली
फार्मलैंड में उपजाऊ ज़मीन, हरे-भरे फूल और फलदार पेड़

स्वस्थ व शुद्ध जीवन
स्वच्छ वातावरण, ऑर्गेनिक सब्जियां और मिलावटरहित शुद्ध दूध



सुख-सुविधाओं से सुसज्जित इस प्रोजेक्ट की विशेषताएं

• सुरक्षित परिसर, 24X7 सुरक्षा • भव्य प्रवेश द्वार • वास्तु आधारित लेआउट • 30 फीट चौड़ी CC रोड • A-क्लास डेवलपमेंट
• गार्डन व किड्स प्ले एरिया • 24X7 जल एवं बिजली व्यवस्था

SCAN FOR LOCATION

8889 280 280

SITE : भोपाल-विदिशा हाइवे, सूखी सेवनिया, भोपाल (म. प्र.)

इस विज्ञापन में उपयोग किए गए कंटेंट, विज़ुअल्स और चित्र मात्र आर्टिस्ट्स इम्प्रेशन हैं। यहां दिखाए गए उपहारों के चित्र प्रतीकात्मक हैं।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 26 अक्टूबर 2026

10 मन की शांति से विश्व शांति की ओर एक सामूहिक...



14 उत्साह के साथ मनाया पिंकाथन-डे, 150 ...



भोपाल स्टेशन पर सस्ती दवाओं का इंतजार, जन-औषधि केंद्र की जगह बनी गंदगी का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ढांचा तैयार, लेकिन दुकान बंद, रेलवे दोबारा जारी करेगा टेंडर, एक-दो महीने में सुविधा शुरू होने की उम्मीद

सफर के दौरान बीमार यात्रियों को सस्ती दवा उपलब्ध कराने की योजना अधर में | पहले टेंडर के बाद खुला केंद्र कुछ समय में ही बंद, खाली जगह पर फैली गंदगी

रेलवे स्टेशन पर सफर के दौरान तबीयत बिगड़ने पर यात्रियों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने की योजना फिलहाल अधर में है। भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर-1 की ओर नई बिल्डिंग के सामने प्रधानमंत्री जन-औषधि केंद्र खोलने के लिए जगह तय करने के साथ दुकान का ढांचा भी तैयार कर दिया गया, लेकिन केंद्र शुरू नहीं हो सका।

पहले टेंडर के बाद खुला केंद्र कुछ समय में ही बंद हो गया। अब स्थिति यह है कि खाली पड़ी जगह पर गंदगी और बदबू फैल रही है। ऐसे में यात्रियों को सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने की योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

टेंडर मिला, दुकान खुली और फिर हो गई बंद



भोपाल स्टेशन पर कुछ इस तरह जन औषधि केंद्र के पास पड़ी है गंदगी।

रेलवे की योजना के तहत भोपाल स्टेशन पर जन-औषधि केंद्र खोलने के लिए पहले टेंडर जारी किया गया था। टेंडर मिलने के बाद केंद्र का संचालन भी शुरू हुआ, लेकिन कुछ समय बाद संबंधित संचालक ने दुकान बंद कर दी। इसके बाद से यहां दोबारा केंद्र शुरू करने की दिशा में प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकी। अब रेलवे फिर से टेंडर जारी करने की तैयारी कर रहा है। केंद्र के लिए तैयार ढांचा इस्तेमाल होने के बजाय खाली पड़ा है।

यात्रियों को स्टेशन पर ही मिलनी थीं सस्ती दवाएं

जन-औषधि केंद्र शुरू होने से यात्रियों को सफर के दौरान अचानक तबीयत खराब होने पर जरूरी दवाओं के लिए स्टेशन से बाहर नहीं जाना पड़ता। यहां आम लोगों को भी कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवाएं मिल सकती थीं। इन दवाओं की कीमत कई ब्रांडेड दवाओं के मुकाबले कम होती है, जिससे मरीजों को इलाज के खर्च में राहत मिलती है। केंद्र शुरू नहीं होने से फिलहाल यात्रियों को इस सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है।

सुविधा देने के लिए चुनी थी प्रमुख जगह



स्टेशन पर पीने के पानी का सैंपल लेते अधिकारी।

रेलवे ने केंद्र के लिए प्लेटफार्म नंबर-1 की ओर नई बिल्डिंग के सामने ऐसी जगह चुनी थी, जहां से गुजरने वाले यात्रियों को यह आसानी से दिखाई दे। रेलवे बोर्ड के निर्देशों के अनुसार केंद्र को आकर्षक और सुविधाजनक स्वरूप में तैयार करने की योजना थी। इसके लिए ढांचा बनाने की जिम्मेदारी रेलवे के स्टोर विभाग को दी गई थी। हालांकि, संचालन बंद होने के बाद यही जगह अब बदहाल स्थिति में है। केंद्र शुरू करने के साथ-साथ यहां साफ-सफाई और स्वच्छता बनाए रखना भी जरूरी है।

अगले महीने से केंद्र फिर हो सकता है शुरू

वहीं, इस मामले में भोपाल रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि प्लेटफार्म नंबर-1 के बाहर जन-औषधि केंद्र खोला गया था, लेकिन टेंडर लेने वाले संचालक ने कुछ कारणों से दुकान बंद कर दी। अब दोबारा टेंडर प्रक्रिया की जाएगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि अगले महीने में केंद्र फिर से शुरू हो सकेगा।

एक बस से दूसरी बस तक पहुंचीं लपटें, नागपुर-अहमदाबाद-सूरत समेत कई रूटों की यात्राएं रद्द

आईएसबीटी में वर्मा ट्रेवल्स की 8 बसें जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एक दर्जन दमकल करती रही दो घंटे तक मशक्कत | करीब 6 लाख रुपए के टिकट का नुकसान

राजधानी के अंतरराज्यीय बस टर्मिनल आईएसबीटी पर रविवार शाम करीब 6:45 बजे लगी आग ने वर्मा ट्रेवल्स की आठ बसों को अपनी चपेट में ले लिया। एक बस में उठीं लपटें आसपास खड़ी दूसरी बसों तक पहुंच गईं और देखते ही देखते कई बसें जलकर खाक हो गईं। हादसे के कारण नागपुर, अहमदाबाद, सूरत समेत विभिन्न रूटों पर जाने वाले यात्रियों की यात्राएं रद्द करनी पड़ीं। करीब छह लाख रुपए के टिकट प्रभावित होने की जानकारी है। व्यस्त बस टर्मिनल पर आग लगने से अफरा-तफरी मच गई।



आईएसबीटी पर कुछ तरह जलती रहीं वर्मा ट्रेवल्स की बसें।

एक बस से दूसरी तक फैलती गई आग

प्रत्यक्ष जानकारी के मुताबिक, आग की शुरुआत एक बस से हुई और पास खड़ी अन्य बसें भी इसकी चपेट में आ गईं। आग लगने के समय बसें खाली खड़ी थीं। इनमें बालाघाट, सिवनी, इंदौर समेत दूसरे शहरों के लिए रवाना होने वाली बसें भी शामिल थीं। राहत की बात रही कि घटना के समय बसों में यात्री या कर्मचारी मौजूद नहीं थे। हालांकि, जिस जगह बसें खड़ी थीं, उसके पास ऑयल टैंकर भी मौजूद थे। ऐसे में आग का फैलना बड़े खतरे की वजह बन सकता था।



आग की घटना के बाद कुछ तरह नजर आईं जली हुई बसें।

12 दमकल गाड़ियों ने दो घंटे में बुझाई आग

आग की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की 12 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। फायर ऑफिसर सौरभ पटेल के बताया कि दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सुरक्षा के लिए पुलिस और प्रशासन ने आसपास का इलाका खाली कराया और घेराबंदी की। आग से उठता काला धुआं दूर तक दिखाई दिया। बस टर्मिनल पर मौजूद लोगों में दहशत का माहौल रहा।



आग लगने की घटना के बाद मौके पर मौजूद लोग।

यात्रियों की बुकिंग रद्द, नुकसान का आकलन बाकी

आग के कारण प्रभावित रूटों की बसें रवाना नहीं हो सकीं। यात्रियों की बुकिंग रद्द करनी पड़ी, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ा। वर्मा ट्रेवल्स के मालिक दीपक वर्मा ने आठ बसें जलने की पुष्टि की है। उनके मुताबिक, फिलहाल नुकसान का सही आकलन करना मुश्किल है। उन्होंने किसी से रंजिश होने से भी इनकार किया है। आग कैसे लगी, जांच का इंतजार आईएसबीटी जैसे व्यस्त बस टर्मिनल पर आग लगने की वजह अब तक स्पष्ट नहीं हुई है। आग किस कारण शुरू हुई और इतनी तेजी से दूसरी बसों तक कैसे पहुंची, इसकी जांच के बाद ही स्थिति साफ होगी। घटना में किसी के हताहत होने की आधिकारिक पुष्टि भी सामने नहीं आई है।



आग की घटना के बाद सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मी आग बुझाते हुए।

आज से प्रदेश में बारिश तेज हवाओं का दौर, पारा 2 डिग्री तक गिरेगा

भोपाल। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना डिप्रेशन रविवार को और गहरा गया है। सोमवार तक यह डीप डिप्रेशन में बदलकर आगे बढ़ेगा। मंगलवार सुबह तक पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी में इसके सीवियर साइक्लोनिक स्टॉर्म में बदलने की उम्मीद है। इसके बाद यह उत्तर पश्चिमी दिशा में आगे बढ़कर आंध्र प्रदेश के तट पर पहुंचेगा। मौसम केंद्र के अनुसार 28 अक्टूबर सुबह तक इसकी गति 115-125 किमी प्रति घंटे तक रहेगी। यह तेज गति से विशाखपट्टनम पर पहुंचेगा। इन सबके असर से प्रदेश में नमी बढ़ेगी। इससे 26 अक्टूबर से मौसम में मामूली बदलाव शुरू हो जाएगा। कुछ जिलों में हल्की बारिश, बादल और तेज हवाओं से दिन के तापमान में 2 डिग्री तक कमी आ सकती है। रात का पारा औसतन एक से डेढ़ डिग्री तक बढ़ेगा।

भोपाल में 31 अक्टूबर से पहले बारिश : मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार बंगाल की खाड़ी का सिस्टम प्रदेश में सीधे असर नहीं करेगा, लेकिन नमी बढऩे से बारिश का दौर शुरू होगा। इसके असर से 26 से 31 अक्टूबर और 1 से 3 नवंबर के बीच प्रदेश के कई जिलों में बारिश और बादलों के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। इससे दिन में पारा गिरेगा। रात में कुछ बढ़त होगी। 4 से 6 नवंबर तक मौसम आमतौर पर साफ होने से रात में ठंडक बढऩा शुरू हो जाएगी।

निगम आयुक्त अहिरवार ने किया निरीक्षण

बोले- त्योहारों से पहले न्यू मार्केट से हटाने होंगे अतिक्रमण, होगी सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

त्योहारों के सीजन में न्यू मार्केट आने वाले लोगों को आवागमन में परेशानी न हो, इसके लिए नगर निगम ने अतिक्रमण हटाने और सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने देर शाम बाजार का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा। आयुक्त ने रास्तों और फुटपाथों से अतिक्रमण



हटाने के निर्देश दिए, ताकि खरीदारी के लिए आने वाले नागरिकों को परेशानी न हो। साथ ही रेहड़ी-पटरी वालों को निर्धारित स्थानों पर ही व्यवसाय कराने और दुकानदारों को तय सीमा में सामान रखने की समझाइश देने को कहा।

अब सभी कोचिंग संस्थानों को कड़े नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य

विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने मध्यप्रदेश कोचिंग केंद्र नियम, 2026 का नोटिफिकेशन किया जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश में कोचिंग संस्थानों के संचालन के लिए अब नए नियमों का पालन करना जरूरी होगा। कोचिंग सेंटर्स में विद्यार्थियों की सुरक्षा तथा मानसिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने नियमों में बदलाव किया है। उच्च शिक्षा विभाग ने मध्यप्रदेश कोचिंग केंद्र (पंजीयन एवं विनियमन) नियम, 2026 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है जिसके तहत अब प्रदेश के सभी कोचिंग संस्थानों को कड़े नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा। इसमें कोचिंग संस्थानों के पंजीयन, शिक्षकों की योग्यता, फीस की पारदर्शिता, सुरक्षा व्यवस्था, मानसिक स्वास्थ्य सहायता और शिकायतों के निराकरण से जुड़े प्रावधान शामिल किए गए हैं। नए नियमों के तहत कोचिंग सेंटरों को अपनी वेबसाइट पर फीस का पूरा विवरण, शिक्षकों की जानकारी, उपलब्ध सुविधाएं और शिकायत निवारण व्यवस्था सार्वजनिक करनी होगी।

संस्थानों को विद्यार्थियों की निजता का ध्यान रखते हुए सीसीटीवी कैमरे लगाने होंगे। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य और करियर काउंसलिंग की व्यवस्था भी करनी होगी।



फाइल फोटो।

90 दिन में पंजीयन के लिए करना होगा आवेदन

बदले नियमों के तहत कोचिंग संचालकों को 90 दिन के अंदर रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन करना होगा। पंजीयन की अवधि तीन साल निर्धारित की गई है, जिसके बाद इसका नवीनीकरण कराना जरूरी होगा। पंजीयन हस्तांतरणीय नहीं होगा। यदि किसी कोचिंग संस्थान की एक से अधिक शाखाएं हैं, तो हर शाखा को अलग कोचिंग केंद्र माना जाएगा। ऐसे में हर शाखा के लिए निर्धारित पंजीयन संबंधी नियमों का पालन करना होगा।

फीस और शिक्षकों की जानकारी देना जरूरी

कोचिंग संस्थानों को विद्यार्थियों और अभिभावकों के लिए जरूरी जानकारियां सार्वजनिक करनी होंगी। इनमें संबंधित परीक्षा की तैयारी, फीस का पूरा ढांचा, शिक्षकों की योग्यता, उपलब्ध सुविधाएं और शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया शामिल होगी।

मां राजराजेश्वरी के एक करोड़ कुंकुमार्चन कार्यक्रम में 100 बसें, 8 हजार दो पहिया-चार पहिया वाहनों के पहुंचने का अनुमान

लाल परेड मैदान में आज जुटेंगे 25 हजार श्रद्धालु, ट्रैफिक डायवर्ट, भारी वाहनों की एंट्री पर रोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लाल परेड मैदान में सोमवार शाम 6 बजे श्री मां राजराजेश्वरी हरिद्वार कोठी के कुंकुमार्चन (एक करोड़ अर्चन) कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें भोपाल सहित अन्य जिलों से करीब 25 हजार श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। श्रद्धालुओं के आने-जाने के लिए करीब 100 बसों और 8 हजार दो पहिया व चार पहिया वाहनों का अनुमान है। इसे देखते हुए यातायात पुलिस ने शहर के कई प्रमुख मार्गों पर डायवर्जन, पार्किंग और ड्रॉप एंड गो की व्यवस्था की है।

दोपहर 3 बजे के बाद मार्ग परिवर्तित रहेगा

यातायात पुलिस के अनुसार, सोमवार दोपहर 3 बजे से अनुमति प्राप्त भारी वाहनों, यात्री बसों और व्यावसायिक वाहनों के लिए परिवर्तित मार्ग लागू रहेगा। कार्यक्रम के दौरान संगम टॉकीज तिराहा, भारत टॉकीज चौराहा, लिली तिराहा, जिन्सी चौराहा, एमपी नगर थाना चौराहा, रोशनपुरा और मछलीघर क्षेत्र में यातायात का दबाव अधिक रहने की संभावना है। इन मार्गों पर जरूरत के अनुसार डायवर्जन किया जाएगा। रायसेन, सागर, दमोह, नर्मदापुरम, जबलपुर, बुधनी, रातीबड़, नीलबड़, लालघाटी और वीआईपी रोड की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग मार्ग और पार्किंग स्थल तय किए गए हैं। बसों से आने वाले श्रद्धालुओं को निर्धारित प्रवेश द्वार पर उतारने के बाद बसें तय पार्किंग स्थलों पर खड़ी होंगी। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए भी अलग पार्किंग व्यवस्था रहेगी। भोपाल रेलवे स्टेशन और नादरा बस स्टैंड जाने वाले यात्रियों के लिए भी वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे यात्रा पर निकलने से पहले मार्गों की जानकारी लें और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से बचते हुए निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें।

अन्य जिलों और शहर के कई इलाकों से आने वालों के लिए ऐसी रहेगी व्यवस्था

रायसेन, सागर और दमोह रोड से

- पटेल नगर बायपास, पिपलानी पेट्रोल पंप, महात्मा गांधी चौराहा, चेतक ब्रिज, एमपी नगर और पुरानी जेल रोड।
- बसों से आने वाले श्रद्धालु लाल परेड मैदान के सत्कार द्वार पर उतरेंगे।
- बसों की पार्किंग पुरानी जेल परिसर मैदान में होगी।
- दोपहिया और चार पहिया वाहन सत्कार द्वार से प्रवेश कर आम वाली बगिया में पार्क होंगे।

नर्मदापुरम, जबलपुर और बुधनी से

- 11 मील, बागसेवनिया थाना चौराहा, सावरकर सेतु, नया ब्रिज और पुरानी जेल रोड। बसों से आने वाले श्रद्धालुओं को सत्कार द्वार पर उतारा जाएगा।
- बसें पुरानी जेल परिसर मैदान में और दोपहिया-चार पहिया वाहन आम वाली बगिया में पार्क होंगे।

रातीबड़ और नीलबड़ से

- भदभदा चौराहा, डिपो चौराहा, माता मंदिर, रोशनपुरा और गांधी पार्क।
- बसों से आने वाले श्रद्धालु विजय द्वार पर उतरेंगे।
- बसों की पार्किंग एमएलए रेस्ट हाउस परिसर में होगी।
- दोपहिया और चार पहिया वाहन विजय द्वार से प्रवेश कर आम वाली बगिया में पार्क होंगे।

लालघाटी-वीआईपी रोड से

- गांधी नगर, लालघाटी, वीआईपी रोड, पॉलिटेक्निक चौराहा और गांधी पार्क।
- बसों से आने वाले श्रद्धालु विजय द्वार पर उतरेंगे।
- बसों की पार्किंग एमएलए रेस्ट हाउस परिसर में होगी।
- दोपहिया और चार पहिया वाहनों की पार्किंग आम वाली बगिया में रहेगी।

दोपहर 3 बजे से इन मार्गों पर डायवर्जन

- एमपी नगर और हबीबगंज से पॉलिटेक्निक, वीआईपी रोड व एयरपोर्ट की ओर लिंक रोड नंबर-1, रोशनपुरा चौराहा, बाणगंगा चौराहा और पॉलिटेक्निक चौराहे से होकर जा सकेंगे।
- हमीदिया रोड से रोशनपुरा की ओर संगम तिराहा, बजरिया तिराहा, 80 फीट रोड, अशोका गार्डन, प्रभात चौराहा, सुभाष ओवरब्रिज, डीबी मॉल और बोर्ड ऑफिस होकर आवागमन किया जा सकेगा।

रेलवे स्टेशन और नादरा बस स्टैंड जाने वाले ध्यान दें

- नादरा बस स्टैंड और भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 की ओर जाने वाले यात्री
- पॉलिटेक्निक चौराहा, रेत घाट, रॉयल मार्केट और हमीदिया रोड होकर जा सकेंगे।

भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 की ओर जाने वाले यात्री

- सुभाष ओवरब्रिज, प्रभात चौराहा और 80 फीट रोड होकर जा सकेंगे।
- आपातकालीन सेवाओं से जुड़े वाहनों, जैसे एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड, पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा।

समृद्ध किसान समृद्ध प्रदेश

किसान कल्याण वर्ष 2026

खेती की तरक्की, किसान की खुशहाली और प्रदेश की समृद्धि का महाअभियान

बलराम कृषि महोत्सव

15 जुलाई - 13 नवम्बर 2026



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मुख्य अतिथि

डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

जबलपुर संभाग में आयोजन

- नरसिंहपुर — 26 अक्टूबर
- जबलपुर — 27 अक्टूबर
- कटनी — 28 अक्टूबर
- डिंडौरी — 30 अक्टूबर
- मंडला — 31 अक्टूबर
- बालाघाट — 1 नवम्बर
- सिवनी — 2 नवम्बर
- छिंदवाड़ा — 3 नवम्बर
- पांढुर्णा — 4 नवम्बर



D-11149/26

किसान कल्याण से कृषि विकास तक प्राथमिकताएं

सिंचाई का विस्तार
वर्ष 2028-29 तक 100 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का लक्ष्य।

कृषि उत्पादन को नई ऊंचाई
उद्यानिकी उत्पादन के लिए 490 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य।

किसानों को उचित मुआवजा
कृषि भूमि अर्जन पर चार गुना मुआवजे का प्रावधान।

आर्थिक संबल
पीएम किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के तहत पात्र किसानों को सालाना ₹12,000 की सहायता।

सस्ती ऊर्जा, बेहतर खेती
10 हॉर्सपावर तक के कृषि पम्पों के लिए ऊर्जा सहायता एवं ₹5 में बिजली कनेक्शन की सुविधा।

कृषि आधारित उद्योगों को प्रोत्साहन
खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों में निवेश को बढ़ावा देने हेतु 60% तक प्रोत्साहन।

डेयरी क्षेत्र का विस्तार
प्रतिदिन 50 लाख लीटर दूध संग्रहण का लक्ष्य।

पशुपालकों को बाजार से जोड़ना
5,562 दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से 83 हजार सदस्यों के वित्तीय समावेशन का लक्ष्य।

ब्याज का बोझ कम
फसल ऋण पर 0% ब्याज दर की सुविधा।

सौर ऊर्जा से सिंचाई
पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत 32 लाख किसानों को सोलर पम्प उपलब्ध कराने का लक्ष्य।

कृषि आधारित उद्योगों को नई गति
पात्र इकाइयों को 50% तक सब्सिडी का प्रावधान।

कृषि निर्यात को बढ़ावा
₹6,000 करोड़ के मत्स्य निर्यात का लक्ष्य और ₹12,400 करोड़ से अधिक के संभावित निवेश।

हर खेत तक पानी
हर किसान को सम्मान
हर फसल को बेहतर अवसर



मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

सीधा प्रसारण

@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

भोपाल शहर के 100 से अधिक स्थानों पर निकला पथ संचलन

संघ की शाखा से व्यक्ति निर्माण और व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र का निर्माण होता है: सुरेंद्र सिंह


राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रम में मौजूद स्वयंसेवक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन के अंतर्गत रविवार को भोपाल शहर के विभिन्न नगरों और बस्तियों में 100 से अधिक स्थानों पर पथ संचलन निकाले गए। स्वयंसेवकों ने घोष की धुन पर कदम से कदम मिलाकर अनुशासन, संगठन शक्ति, सामाजिक समरसता और राष्ट्र के प्रति समर्पण का संदेश दिया। विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में युवाओं से संघ की शाखा से जुड़कर व्यक्तित्व निर्माण और समाज जीवन में सक्रिय सहभागिता करने का आह्वान किया गया।

स्वयंसेवकों ने घोष की धुन पर कदम से कदम मिलाकर अनुशासन, संगठन शक्ति का संदेश दिया

समाज में युवाओं की भूमिका अहम

पुराना अशोका गार्डन स्थित मनसा देवी मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य भारत प्रांत के सह प्रांत प्रचारक सुरेंद्र सिंह मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। अपने संबोधन में सुरेंद्र सिंह ने कहा कि संघ की शाखा से व्यक्ति निर्माण और व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण होता है। उन्होंने युवाओं की समाज एवं राष्ट्र निर्माण में भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के जीवन और विचारों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि शाखा अनुशासन, संस्कार और राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव विकसित करने का माध्यम है। कार्यक्रमों में स्वयंसेवकों और समाजजनों ने राष्ट्रहित में कार्य करने तथा भारतीय संस्कृति के मूल्यों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

संघ की साधना हिंदू समाज के संगठन के लिए समर्पित है: अखिलेश श्रीवास्तव

आकृति इकोसिटी के पथ संचलन के कार्यक्रम में मध्य भारत प्रांत के प्रचार प्रमुख अखिलेश श्रीवास्तव ने कहा की आज समाज की परिस्थितियाँ बदली है। हिंदू समाज शक्ति संपन्न और संगठित होकर खड़ा हुआ है पूरा विश्व भारत की तरफ आशा भरी नजरों से देख रहा है संघ ने समाज परिवर्तन के लिए शताब्दी वर्ष से कई प्रयास प्रारंभ किए हैं। पंच परिवर्तन के माध्यम से समाज परिवर्तन का कार्य होना है। स्वयंसेवक इन पांच परिवर्तनों को पहले अपने व्यक्तिगत जीवन में लायेंगे और फिर समाज को भी उसी और बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि संघ की 100 वर्ष की यात्रा कई पड़ावों से होकर गुजरी है।

भारतीय शास्त्रों का अध्ययन परिवारों को संस्कारवान बनाने में सहायक

सुरेंद्र सिंह ने विजयादशमी के पथ संचलन के संदर्भ में युवाओं से शाखा से जुड़ने और सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। उन्होंने संघ द्वारा प्रतिपादित पांच परिवर्तन कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी भाव तथा नागरिक कर्तव्यों के पालन को जीवन में अपनाने पर जोर दिया।

पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का किया स्वागत

पथ संचलन मार्ग में मातृशक्ति और बच्चों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। नारायण नगर की श्रीराम बस्ती में श्री राकेश सोनकर ने संगठन की शक्ति और शाखाओं को सुदृढ़ बनाने पर जोर दिया।

विभिन्न बस्तियों में हुए आयोजन

रामेश्वरम नगर की पेबल शिवनारायण बस्ती में आयोजित पथ संचलन में मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश रोहित आर्या मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने सनातन परंपरा और व्यक्ति निर्माण को संघ के विचारों का आधार बताया। मध्य भारत प्रांत के सह संपर्क प्रमुख गिरीश जोशी ने समाज को एक विचार और चेतना के साथ संगठित होकर भारत को वैभव पर पुनर्स्थापित करने का आह्वान किया।



बिजली आउटसोर्स कर्मी गजराज की मौत की हो सीबीआई जांच

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के विद्युत वितरण केंद्र नजीराबाद में कार्यरत बिजली आउटसोर्स कर्मी गजराज सिंह गुर्जर को रेवेन्यू रिलाईजेशन स्कीम के तहत एक वर्ष पहले आउटसोर्सिंग की नौकरी दी गई। उसे राजस्व वसूली संबंधी कार्य सौंपा जाना चाहिये था पर नजीराबाद के उप प्रबंधक मिथलेश यादव एवं उप महाप्रबंधक नवनीत गुप्ता ने उसे बिना प्रशिक्षण और बिना सुरक्षा उपकरण के कार्यक्षेत्र की परिधि के बाहर जाकर बिजली लाईन पर ट्रांसफार्मर पर अनुचित रुप से कार्य करवाया। जिससे उसकी विद्युत दुर्घटना में मौत हो गई। पर अब उसकी पत्नी ममता बाई और उनके चार छोटे-छोटे बच्चे चार लाख रुपए का मुआवजा पाने, बीमा राशि, ईपीएफ, पेंशन पाने हेतु दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। यहां तक कि बिजली कंपनी ने 15 हजार रुपए का अंत्येष्टि व्यय भी उसके परिवार को भुगतान नहीं किया है। इसलिए इस विद्युत दुर्घटना मौत की जांच सीबीआई से करवाये जाने की मांग बिजली आउटसोर्स कर्मचारी संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव ने मुख्यमंत्री से की है। भार्गव ने चेतावनी दी है कि बिजली कंपनियों में विद्युत दुर्घटना से हुई समस्त मौतों के मामले में एवं विकलांग हुए सभी कर्मचारियों को यदि बिजली कंपनी ने तत्काल मुआवजा नहीं दिया तो आउटसोर्स कर्मचारी दीपावली के दिन काम बंद आंदोलन करने पर विवश होंगे।

- मृतक की पत्नी और बच्चे मुआवजा बीमा के लिए हो रहे परेशान

शरद उत्सव कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों से किया संवाद

प्रतिभा, परिश्रम, संकल्प से भारत के निर्माण में विद्यार्थी निभाएं भूमिका

मुख्यमंत्री ने संवाद करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 10-10 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की



सेंधवा में विद्यार्थियों एवं गायत्री परिवार के सदस्यों के साथ संवाद करते मुख्यमंत्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़वानी जिले के गायत्री धाम, कलाल्दा में आयोजित शरद उत्सव कार्यक्रम में सहभागिता के दौरान विद्यार्थियों से 'विकसित भारत का आधार' विषय पर आत्मीय और प्रेरणादायी संवाद किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों की प्रतिभा, उपलब्धियों एवं आत्मविश्वास की सराहना करते हुए संवाद में सहभागिता करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 10-10 हजार की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने की घोषणा की।

योगदान की दिशा में अग्रसर

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शिक्षा, खेल, संगीत एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धियां अर्जित करने वाले विद्यार्थियों से उनकी सफलता, भविष्य के लक्ष्यों एवं आकांक्षाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपनी मेहनत एवं लगन से न केवल अपने परिवार और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं, बल्कि विकसित भारत के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देने की दिशा में अग्रसर हैं।

सीएम ने नीट में सफल छात्र रोहित की सराहना की

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, जामली, सेंधवा के पूर्व छात्र रोहित बामनिया ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने नीट-2026 परीक्षा में सफलता प्राप्त कर शासकीय मेडिकल कॉलेज, नीमच में प्रवेश प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि उनके साथ अध्ययन करने वाले अन्य सहपाठियों का भी नीट परीक्षा के माध्यम से शासकीय मेडिकल कॉलेजों में चयन हुआ है।

स्मार्ट क्लास एवं निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी

कन्या शिक्षा परिसर कक्षा 10 वीं की छात्रा कु. किरण गिरासे ने मुख्यमंत्री से संवाद करते हुए बताया कि कन्या शिक्षा परिसर में आईसीटी लैब, कंप्यूटर लैब एवं स्मार्ट क्लास के माध्यम से विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है।

फीस संबंधी सहायता प्रदान की जा रही है

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार वंचित एवं पिछड़े वर्गों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। पात्र विद्यार्थियों को शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए शासन की योजनाओं के माध्यम से फीस संबंधी सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने उपलब्धि के लिए बधाई भी दी।

हाई जंप में प्रथम स्थान प्राप्त किया

संवाद के दौरान कन्या खेल परिसर, निवाली की कक्षा 10 वीं की छात्रा कु. साक्षी भागले ने मुख्यमंत्री को बताया कि उन्होंने लखनऊ में आयोजित राष्ट्रीय शालेय खेल प्रतियोगिता में हाई जंप स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री ने साक्षी की उत्कृष्ट खेल उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी खेलों के क्षेत्र में निरंतर अभ्यास, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ें।

खंडेलवाल ने बैतूल, चंद्रशेखर ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

कार्यकर्ता वोकल फॉर लोकल को बनाएं जन अभियान: हेमंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने रविवार को बैतूल जिले की बैतूल विधानसभा के बडोरा मंडल के बूथ क्रमांक-46 के ग्राम भड़ूस स्थित सामुदायिक भवन में पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणजनों के साथ एवं प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का सामूहिक श्रवण किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने 'मन की बात' सुनने के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संदेश को पार्टी कार्यकर्ता जनभागीदारी के साथ साकार करें।



जल संरक्षण संदेश को जनअभियान बनाने की जरूरत

खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन पर दिए गए संदेश को जनअभियान बनाने की जरूरत है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता जल संरक्षण के कार्यों में जुटकर जनअभियान को आगे बढ़ायें। बैतूल सहित प्रदेश के कई जिलों में औसत से कम वर्षा दर्ज की गई है।

सीएम ने किया 'मन की बात' का श्रवण

प्रधानमंत्री ने नर्मदापुरम की शिवानी के अंगदान का किया उल्लेख

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मन की बात कार्यक्रम में नर्मदापुरम जिले की शिवानी के परिवार की ओर से लिए गए अंगदान के निर्णय का उल्लेख करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने


मुख्यमंत्री निवास में प्रधानमंत्री मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 139 वें एपिसोड का श्रवण किया।

माता-बहनों को अब तक 65 हज़ार करोड़ रुपए की दी गई सहायता

बहनों, किसानों, गरीबों को दी जा रही आर्थिक सहायता समाज के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि माता-बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना हमारा दायित्व है। शहडोल में तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाली माता-बहनों को बोनस के माध्यम से आर्थिक मदद की जा रही है। किसानों को भी हम आर्थिक रूप से सशक्त कर रहे हैं। बहनों, किसानों, गरीबों को दी जा रही छोटी - छोटी राशि आर्थिक सहायता, समाज के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण है।



शिक्षा, ज्ञान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे आचार्य सांदीपनि

सीएम ने कहा कि आचार्य सांदीपनि का नाम श्रीकृष्ण और सुदामा की अमर मित्रता से जुड़ा है। सांदीपनि विद्यालयों के नामकरण के पीछे यही भाव है कि विद्यार्थियों के बीच मित्रता, संस्कार और गुरु-शिष्य परंपरा सदैव जीवंत रहे। आचार्य सांदीपनि शिक्षा, ज्ञान और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे। सांदीपनि का जीवन हमें सिखाता है कि शिक्षा केवल ज्ञान अर्जित करने का माध्यम नहीं, बल्कि संस्कार, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र निर्माण का आधार भी है।

जनता के वोट और अधिकारों की लड़ाई निरंतर लड़ेंगे: सिंघार

मध्यप्रदेश में भ्रष्टाचार का कैंसर: पटवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटनी जिले के बरही में क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं को लेकर आयोजित आमसभा में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। नेताओं ने प्रदेश में कथित भ्रष्टाचार, सरकारी धन की लूट, युवाओं की बेरोजगारी, किसानों को खाद की कमी और लोकतांत्रिक व्यवस्था में गड़बड़ियों



के मुद्दे उठाते हुए भाजपा सरकार को घेरा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा शासन में भ्रष्टाचार व्यवस्था की जड़ों तक पहुंच गया है। केंद्र में नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार का उल्लेख करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि पटवारी, तहसीलदार, नगर निगम और पंचायत स्तर पर आम जनता को अपने काम कराने के लिए परेशान होना पड़ता है और बिना पैसे दिए काम नहीं होते। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने लोकतंत्र, चुनावी प्रक्रिया और युवाओं के रोजगार का मुद्दा उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता चुनाव में जिन नेताओं को नकार देती है, भाजपा उन्हें फिर से सत्ता और पदों पर बैठा देती है।

विरोध प्रदर्शनों से दूरी बनाने की अपील

भावातीत ध्यान के साथ छात्र अपनी पढ़ाई करें: ब्रह्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

महर्षि विद्यालय समूह द्वारा आयोजित महर्षि राष्ट्रीय सांस्कृतिक महोत्सव का शुभारंभ करते हुए वेद विद्या मार्तंड ब्रह्मचारी गिरीश ने छात्र-छात्राओं को अलर्ट करते हुए कहा कि जेन जी के द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों से दूरी बनाकर रखें क्योंकि यह लोग छात्रों का भविष्य खराब करने का प्रयास कर रहे हैं।



उन्होंने इस अवसर पर कहा कि जेन जी के लोग जिस प्रकार प्रदर्शन कर रहे हैं उस छात्र समाज में संशय की स्थिति पैदा हो गई है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बयान पर भाजपा में आक्रोश

खरगे के बयान की भाजपा ने की भर्त्सना, कहा-मर्यादा तोड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिता को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की टिप्पणी पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिताजी के लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल भारतीय जीवन मूल्यों और शालीनता के खिलाफ है।

चौहान ने कहा कि क्या खरगे ने प्रधानमंत्री के पिताजी के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल गांधी परिवार के इशारे पर किया है?

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिता पर अशोभनीय टिप्पणी करना राजनीति की मर्यादा का उल्लंघन है। उनको स्पष्ट करना चाहिए कि वे राजनीति में इस तरह की मर्यादाओं का उल्लंघन स्वयं करते हैं या गांधी परिवार के इशारे पर ऐसा करते हैं।

शर्मा, कोठारी ने निंदा की

भाजपा पदाधिकारी राहुल कोठारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पूज्य पिताजी के प्रति भी अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है? यह राजनीतिक मर्यादाओं का पतन है। विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि 80-90 वर्ष की आयु पार कर चुके कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे प्रधानमंत्री के माता-पिता तक जा रहे हैं। देश की जनता कांग्रेस को इसका जवाब देगी।

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा के संचालन के लिए 7 क्षेत्रीय कंपनियों के कार्यालयों के विस्तार की प्रक्रिया शुरू

एमपीवाईपीआईएल के मुख्यालय में बनेगा कमांड एंड कंट्रोल सेंटर, यात्री सुरक्षा पर रहेगी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र सरकार की ओर से प्रदेशवासियों को आधुनिक, सुलभ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल सार्वजनिक परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा शुरू की गई है। इसके प्रभावी संचालन के लिए मप्र यात्री परिवहन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के मुख्यालय तथा 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियों के कार्यालयों की स्थापना एवं विस्तार का कार्य किया जा रहा है। एमपीवाईपीआईएल का मुख्यालय भोपाल स्थित स्मार्ट सिटी परिसर में स्थापित किया जा रहा है।



रीवा क्षेत्रीय कार्यालय से भी होगी बसों की निगरानी

रीवा सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड का कार्यालय समदड़िया, आदर्श भवन, रीवा में बनाया जाना प्रस्तावित है। इसके 31 मार्च 2027 तक पूर्ण होने की संभावना है। कार्यालय में लगभग 150 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था होगी। कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से रीवा सहित सतना, सीधी, मैहर, सिंगरौली, शहडोल और अनूपपुर जिलों में संचालित बसों की निगरानी, सुरक्षा एवं नियंत्रण किया जाएगा।

ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के 7 जिलों की बसों की होगी निगरानी

ग्वालियर-चंबल यात्री परिवहन सेवा लिमिटेड का कार्यालय राजस्व मंडल, ग्वालियर में बनाया जाएगा। 31 मार्च 2027 तक इसके पूर्ण होने की संभावना है। कार्यालय में 120 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था होगी। इस कार्यालय के कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से मुरैना, भिंड, श्योपुर, शिवपुरी, दतिया, गुना और अशोकनगर जिलों में संचालित बसों की निगरानी, सुरक्षा एवं नियंत्रण किया जाएगा। सागर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड का कार्यालय स्मार्ट सिटी के इन्क्यूबेशन सेंटर भवन प्रस्तावित है।

7 शहरों में क्षेत्रीय कंपनियों के कार्यालय विकसित किए जा रहे

प्रदेश में बस परिवहन सेवाओं के बेहतर संचालन और निगरानी के लिए भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर और रीवा जिले में 7 क्षेत्रीय सहायक कंपनियों के कार्यालय स्थापित एवं विकसित किए जा रहे हैं। यह क्रमशः भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड, अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड, उज्जैन सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड, जबलपुर सिटी लिंक ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड, ग्वालियर-चंबल यात्री परिवहन सेवा लिमिटेड, सागर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड और रीवा सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड शामिल हैं।

बीसीएलएल का मुख्यालय आईएसबीटी भोपाल में

भोपाल सिटी लिंक लिमिटेड के क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना आईएसबीटी भवन में की जा रही है। यहां लगभग 120 अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था होगी। कार्यालय में कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से भोपाल के साथ नर्मदापुरम, राजगढ़, विदिशा, रायसेन, सीहोर, हरदा और बैतूल जिलों में संचालित बसों की निगरानी, सुरक्षा एवं नियंत्रण किया जाएगा। इंदौर में अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड के कार्यालय का विस्तार एवं उन्नयन किया जा रहा है। वहीं, उज्जैन में उज्जैन सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड के कार्यालय की स्थापना परिवहन कार्यालय, उज्जैन में की जा रही है। दोनों कार्यालयों का कार्य जनवरी 2027 तक पूरा होने की संभावना है।

प्रदेश में बसों का विधिवत संचालन प्रारंभ हो गया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 25 सितंबर को पीएम ई-बस सेवा-मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा का शुभारंभ किया था। इसके साथ ही एमपीवाईपीआईएल के माध्यम से प्रदेश में बसों का विधिवत संचालन प्रारंभ हो गया है। परिवहन सेवाओं के बेहतर प्रबंधन, संचालन में समन्वय और यात्रियों की सुरक्षा के लिए मुख्यालय एवं क्षेत्रीय कंपनियों के स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं।

पेज एक का शेष....

काशी के आसमान...

के ऊपर विमानों के हैरतअंगेज करतबों ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। तीन दिवसीय एयर शो की शुरुआत गुरुवार को हुई थी।

कैलाश और विश्वनाथ ...

'डॉल्फिन लीप' और 'सारंग स्प्लिट' जैसे आकर्षक करतबों से दर्शकों को रोमांचित किया। सूर्य किरण एयरोबैटिक टीम ने भी अपने हवाई कौशल और विमानों के बीच सटीक तालमेल का प्रदर्शन किया।

पीएम के पिता ...

शिकायतकर्ता के अनुसार, उन्हें 25 अक्टूबर को टीवी पर प्रसारित समाचार के जरिए कथित टिप्पणी की जानकारी मिली। उन्होंने पुलिस से संबंधित वीडियो और अन्य साक्ष्यों की जांच कर बयान के वास्तविक शब्दों व संदर्भ की पुष्टि करने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि यदि जांच में कानून के उल्लंघन की पुष्टि होती है, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाए। पटना में श्रीकृष्ण सिंह की जयंती पर खरगे के संबोधन के बीच भीड़ में मौजूद एक युवक ने कहा- 'मोदी नहीं जाएगा।' इस पर नाराज होते हुए खरगे ने जवाब दिया- मोदी का बाप भी जाएगा। घटना का वीडियो सामने आने के बाद बयान को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। खरगे ने कहा कि जब तक देश में आरएसएस की विचारधारा खत्म नहीं होगी, तब तक शांति स्थापित नहीं हो सकती। उन्होंने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने जमींदारी प्रथा समाप्त करने और छुआछूत के खिलाफ अभियान चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कांग्रेस अध्यक्ष ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि एसआईआर के जरिए विपक्षी मतदाताओं के नाम काटे जा रहे हैं और चुनाव आयोग तथा केंद्र सरकार के बीच साठगांठ है। खरगे ने कहा- 'मैं 85 साल का हूं, अब क्यों डरूं।' उन्होंने कार्यकर्ताओं से आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की और कहा कि अधिकारों के लिए लोगों को घरों से बाहर निकलना होगा।

कांग्रेस का निकला कार्यकर्ता: बताया जा रहा कि कांग्रेस के उस व्यक्ति का नाम संतोष कुमार है और वह छपरा जिले का रहने वाला है। संतोष कुमार ने कहा कि वह उस दौरान यह कह रहे कि पीएम मोदी तब तक नहीं जाएंगे जब तक कांग्रेस कोई बड़ा विद्रोह नहीं करती। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें भाजपा समर्थक समझ लिया और उनकी बात सुनने से पहले ही उनके साथ मारपीट की। संतोष ने कहा कि मेरा बातों को गलत तरीके से लिया गया। मैं मोदी को सत्ता से हटाना चाहता हूं, लेकिन मेरे बयान को छोटा कर दिया गया, जिससे गलतफहमी हो गई।

कांग्रेस ने अभद्रता ...

कर दीं। शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पहले भी मोदी और उनके परिवार पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कर चुकी है। उन्होंने मोदी की मां के बारे में कथित टिप्पणियों, उन्हें 'मौत का सौदागर' कहने और 'चायवाला' कहकर उनकी गरीबी का मजाक उड़ाने का उल्लेख किया। शाह ने राहुल गांधी के नेतृत्व वाली कांग्रेस पर अभद्रता की सीमाएं पार करने का आरोप लगाया।

खरगे के साथ ...

उन्होंने उत्तराखंड में खरगे के साथ कथित शुद्धिकरण की घटना का भी जिक्र किया। खेड़ा के मुताबिक, बिहार में खरगे के भाषण के दौरान भाजपा के एक कार्यकर्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके जवाब में खरगे ने संघ और मोहन भागवत का संदर्भ दिया था। खेड़ा ने आरोप लगाया कि यह सब प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के इशारे पर हो रहा है।

9.77 लाख तेंदूपत्ता ...

कहा कि एसटी छात्रों को अब 10 माह के स्थान पर पूरे 12 माह की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को शहडोल संभागीय मुख्यालय में हुए एक भव्य कार्यक्रम में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि शहडोल में इंडोर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स बनाया जाएगा। हाथियों के उत्पात से क्षतिग्रस्त मकान की जगह लोगों को पक्के मकान बनाकर दिए जाएंगे। जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र में गोहपारू से रीवा-सतना मार्ग तक सड़क बनाई जाएगी। इसके साथ ही शहडोल में निजी सहभागिता से एक नई यूनिवर्सिटी खोली जाएगी। उन्होंने शहडोल में लगभग 150 करोड़ रुपए की लागत से 34 हाईस्कूल भवनों के निर्माण तथा जनजातीय कन्या छात्रावासों के भूमि पूजन का उल्लेख करते हुए कहा कि इन सुविधाओं से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा।

वनवासियों के समग्र कल्याण के लिए काम कर रही सरकार: मुख्यमंत्री ने कहा कि बोनस और लाभांश की यह राशि ग्रामीण एवं वन क्षेत्रों के परिवारों की आर्थिक मजबूती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। हमारी सरकार वनवासियों के सम्मान, इनकी आत्मनिर्भरता और समग्र कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने 462 करोड़ रुपए लागत के 134 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि पूजन किया। उन्होंने शहडोल में 22.14 करोड़ रुपए से नवनिर्मित वन मंडलाधिकारी कार्यालय का लोकार्पण किया।

हाथी प्रभावित घरों में फेंसिंग करवाएंगे: मुख्यमंत्री ने कहा कि उमरिया जिले में जीर्ण-शीर्ण हो चुके एक आवागमन मार्ग पर एमपीआरडीसी से एक नई सड़क बनाने तथा मानव बस्तियों में प्रवेश कर जिन लोगों के मकान जंगली हाथियों ने तोड़ दिए हैं, उन सभी को पक्के मकान बनाकर दिए जाएंगे। वन विभाग इन प्रभावितों के घरों में फेंसिंग भी कराएगा।

शहडोल में फॉरेस्ट जू एंड रेस्क्यू सेंटर बनेगा: डॉ. यादव ने बताया कि शहडोल में जल्द ही लौह अयस्क संयंत्र (स्टील फैक्ट्री) खुलने वाली है। इससे चार हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा। सरकार भविष्य में शहडोल में फारेस्ट जू एंड रेस्क्यू सेंटर भी बनाएगी। धान उत्पादक ऐसे किसानों, जिन्होंने अभी तक फसल बेचने के लिए अपना पंजीयन नहीं कराया है, उनके हित में पंजीयन पोर्टल फिर से खोल दिया गया है। शहडोल जिले के फुटबॉल के लिए प्रसिद्ध गांव विचारपुर में 5.10 करोड़ रुपए से जरूरी अधोसंरचना कार्यों का निर्माण कर विभिन्न खेलों के खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं दी जाएंगी।

बेकाबू कार ने ....

जांच शुरू कर दी है। मृतकों की पहचान देवनालिया-जूनापानी क्षेत्र निवासी शंकर (80), मनीबाई (40) और जमुनाबाई (45) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, इंदौर के रेसकोर्स रोड क्षेत्र से कुछ लोग रविवार सुबह पिकनिक मनाने उदयनगर आए थे। सुबह करीब 11 बजे दड़ गांव के पास चालक कार से नियंत्रण खो बैठा। बेकाबू कार ने सड़क किनारे खड़ी मनीबाई और जमुनाबाई को टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरी गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद कार घर के बाहर धूप सेंक रहे शंकर को टक्कर मारते हुए पेड़ से जा भिड़ी। अस्पताल में उपचार के दौरान बुजुर्ग और घायल महिला ने भी दम तोड़ दिया।

सीसीटीवी में कैद हुआ हादसा: घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें सफेद रंग की कार तेज रफ्तार से आती और तीनों को टक्कर मारने के बाद पेड़ से टकराती दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि कार की रफ्तार करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटा थी। टक्कर से आसपास की झुग्गियों को नुकसान पहुंचा और सड़क किनारे लगे तीन से चार खंभे भी क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे में चालक भी घायल हुआ। उदयनगर थाना प्रभारी अभिनव शुक्ला ने बताया कि तीनों शवों का बागली स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर चालक का मेडिकल परीक्षण कराया है। मामले की जांच की जा रही है।

नगरीय निकायों में ...

अधिकारी (सीएमओ) स्तर के अधिकारी शामिल हैं। सात अधिकारी-कर्मचारियों को बर्खास्त किया गया है, जबकि संबंधित मामलों में तीन से चार करोड़ रुपए की वसूली भी की गई है। गलत दरों पर सामग्री उपलब्ध कराने वाले 80 से अधिक ठेकेदारों और सप्लायर्स के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। कुछ मामलों में वसूली की गई, कुछ कर्मचारियों की वेतन वृद्धि रोकी गई, जबकि कुछ को पदावनत किया गया है।

घर के बाहर ...

हालांकि, कूनो प्रबंधन ने चीतों से इंसानों को खतरे की आशंका को नकारते हुए मवेशियों के नुकसान पर नियमानुसार मुआवजा देने की बात कही है। पशुपालक सोमला वीर सिंह ने बताया कि रविवार सुबह करीब पांच बजे वह पत्नी के साथ टपरी में खटिया पर सो रहा था। दोनों बछड़े भी पास ही खूंटे से बंधे थे। इसी दौरान चीतों ने उन पर हमला कर दिया। अचानक हुई घटना से दंपती घबरा गया और वहां से भागकर अपनी जान बचाई। सोमला का कहना है कि यदि वे समय रहते नहीं भागते तो चीते उन पर भी हमला कर सकते थे। घटना के बाद बमोरी और आसपास के गांवों में भय का माहौल है। ग्रामीणों को घरों के आसपास चीतों की आवाजाही से अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता सता रही है।

कूनो के डीएफओ आर. थिरुकुलर ने कहा कि चीते सामान्यतः इंसानों पर हमला नहीं करते, हालांकि खतरा महसूस होने पर नुकसान पहुंचा सकते हैं। उन्होंने लोगों से चीतों से दूरी बनाए रखने और उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाने की अपील की।
उन्होंने बताया कि चीतों के हमले में मारे गए मवेशियों के मालिकों को नियमानुसार मुआवजा दिया जाएगा। वन विभाग की ओर से ग्रामीणों को सतर्क रहने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

पूर्व जस्टिस किशन ...

किताब में न्यायाधीशों की नियुक्तियों को लेकर सरकार की भूमिका और न्यायपालिका के कामकाज से जुड़े कुछ अहम प्रसंगों का उल्लेख किया है। इन घटनाओं से न्यायपालिका की स्वायत्तता और संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता को लेकर सवाल खड़े होते हैं। रमेश ने दावा किया कि न्यायाधीशों की नियुक्तियों के मामले में कॉलेजियम की बैठक से पहले ही सरकार की मंजूरी लेने की कोशिश की गई। उन्होंने यह भी कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के एक न्यायाधीश के नाम पर उनकी जाति को लेकर सरकार की ओर से सवाल उठाए जाने का प्रसंग भी जस्टिस कौल ने दर्ज किया है।
रमेश ने इन घटनाओं को न्यायिक नियुक्तियों की प्रक्रिया में सरकारी हस्तक्षेप की आशंका से जोड़ते हुए चिंता व्यक्त की। रमेश ने पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के कथित रुख का उल्लेख करते हुए कहा कि यदि नियुक्तियों से पहले सरकार और मुख्य न्यायाधीश के बीच बातचीत होती है तथा नियुक्तियों की प्रक्रिया में सरकार की भूमिका रहती है, तो न्यायपालिका की स्वतंत्रता को लेकर बहस और महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने इस मुद्दे पर पारदर्शिता और संवैधानिक मर्यादाओं की आवश्यकता पर जोर दिया।

न्यायपालिका की स्वतंत्रता अनिवार्य: जयराम रमेश ने अपने बयान में कहा कि संविधान की रक्षा करने वाली संस्था को सत्ता के दबाव से मुक्त होना चाहिए। लोकतंत्र में न्यायपालिका की स्वतंत्रता कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता है।

पीएमएलए मामले में ...

इस मामले को बाद में जस्टिस कौल से चर्चा किए बिना दूसरी पीठ के समक्ष भेज दिया गया था। उन्होंने इस घटनाक्रम को गंभीर बताते हुए सुप्रीम कोर्ट के कामकाज और संवेदनशील मामलों की सुनवाई की प्रक्रिया को लेकर सवाल उठाए। रमेश ने कहा कि न्यायाधीशों की नियुक्तियों पर यदि सरकार की मंजूरी का दबाव हो और संवेदनशील मामलों की सुनवाई करने वाली पीठ में बदलाव को लेकर भी सवाल उठें, तो लोकतंत्र में न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर चर्चा जरूरी हो जाती है। उन्होंने इसे संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती से जुड़ा सवाल बताया।

दिग्विजय सिंह बोले-...

शाजापुर के मां राजराजेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और अपनी 'सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा' की शुरुआत की। मंदिर परिसर में ध्वज फहराया गया। कार्यक्रम में वंदे मातरम और राष्ट्रगान भी हुआ। पूर्व मंत्री हुकुम सिंह कराड़ा इस दौरान उनके साथ मौजूद रहे। यात्रा के दौरान सिंह ने हाथ में संविधान लेकर 'जय श्रीराम' और 'बम भोले' के नारे भी लगाए। मां राजराजेश्वरी मंदिर से शुरू हुई यात्रा अभयपुर पहुंची और इसके बाद पनवाड़ी होते हुए राजगढ़ जिले के सारंगपुर में प्रवेश करेगी।

शिवानी की एक...

निर्णय लिया, जो हम सभी के लिए प्रेरणा हैं। यह फैसला था- शिवानी जी के अंग दान का। शिवानी जी के परिवार के इस फैसले से समाज और देश के लिए एक बड़ा संदेश गया है। मानवता के ऐसे एक कदम से किसी परिवार मे खुशियां फिर से लौट सकती हैं और साथ ही रिसर्च के कामों मे भी बड़ी मदद मिलती हैं।

अब ब्रेन की ...

कोई ठोस इलाज नहीं है। इसलिए विज्ञान ब्रेन की फंक्शनिंग को बारीकी से समझना जरूरी है।

टीवी मसाला



करण के शो पर पहुंचे वरुण जान्हवी, अर्जुन भी देंगे दिखाई

नई दिल्ली। करण जौहर का पॉपुलर चैट शो 'कॉफी विद करण सीजन 9' काफी सुर्खियों में बना हुआ है। अभी तक इसके दो एपिसोड आ चुके हैं। पहले एपिसोड में सलमान खान बतौर गेस्ट नजर आए थे और दूसरे एपिसोड में विजय और रश्मिका की जोड़ी दिखाई दी थी। वहीं, अब इसके तीसरे एपिसोड में वरुण धवन और जान्हवी कपूर नजर आने वाले हैं। दोनों करण के साथ जमकर मस्ती करते दिखाई देंगे। शो के प्रोमो में वरुण और जान्हवी एक-दूसरे की टांग खींचने के साथ करण जौहर का भी मजाक उड़ाते नजर आ रहे हैं। इसके अलावा अर्जुन कपूर की सरप्राइज एंट्री ने इस एपिसोड को और भी मजेदार बना दिया है। शो के प्रोमो में देखने को मिला कि वरुण और जान्हवी उस समय को याद करते हैं, जब करण जौहर ने दोनों से बात करना बंद कर दिया था। जान्हवी बताती हैं कि उस दौरान उनका वजन बढ़ गया था। वहीं वरुण, करण को 'बहुत ड्रामेबाज' बताते हैं। इतना ही नहीं, वरुण, करण की नकल भी उतारते हैं और उनकी तुलना फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' के अमिताभ बच्चन के किरदार से कर देते हैं। वरुण मजाकिया अंदाज में कहते हैं, 'आप केजी वाले बच्चन बन गए थे... मैं बड़ा हूं, मुझे हक है।' शो में मस्ती का सिलसिला यहीं खत्म नहीं होता। अर्जुन कपूर भी सरप्राइज एंट्री करते हैं। रैपिड फायर राउंड के दौरान जब करण करियर और शादी से जुड़े सवाल करते हैं, तो दोनों में वरुण धवन, अर्जुन कपूर का नाम लेते हैं। वहीं, जान्हवी एक मजेदार खुलासा करती हैं।

गर्लफ्रेंड काशवी ने स्काउट को लताड़ा

नई दिल्ली। सलमान खान का शो बिग बॉस 20 काफी चर्चा में है। इस बार शो के वीकएंड का वार को सलमान खान के बजाए निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी ने होस्ट किया है। शेट्टी ने स्काउट और लव गिल को 'ब्लैंकेट मसाज'के लिए फटकार लगाई। शो में स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी भी पहुंचीं। वह स्काउट पर काफी नाराज हुईं। वीकएंड का वार का एक प्रोमो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि स्काउट की गर्लफ्रेंड काशवी बिग बॉस के घर में आती हैं। वह स्काउट से पूछती हैं कि मसाज पार्लर कैसा चल रहा है। इसके बाद वह लव गिल से कहती हैं कि क्या सच में आप अपने मुंह बोले भाइयों के साथ ऐसा करती हो? इस पर लव गिल कहती हैं कि मेरे लिए यह नॉर्मल था क्योंकि मुझे दर्द हो रहा है। इसके बाद काशवी, स्काउट से पूछती हैं कि आप मेरी तुलना इनसे कैसे कर सकते हो। इस पर स्काउट कहते हैं कि वह मेरा अच्छे से ख्याल रख रही थी।



आवश्यकता है · खरीदना है · बेचना है · व्यापार · विकित्सा · ज्योतिष · डिस्पले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 इंच लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs.1200/-
साइज (फिक्सड) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs.40 sq.cm

हरिभूमि भोपाल बाजार
उगनवार ही नहीं, विचार भी
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र
3,55,000
हजार में
आसान किश्तों पर
साईट:-
220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करेंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
Timing 10:30 am to 8:00 pm
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

राशिफल

मेष धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

वृष वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

मिथुन शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

सिंह सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

कन्या किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

तुला मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

वृश्चिक शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

धनु आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

मकर व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

कुंभ मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

मीन परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

शब्द पहेली - 6389



बाएँ से दाए-
1. सेवक, दास-3
3. निवास करना-3
5. खुजली-2
6. परोपकारी-5
9. प्याला, जाम-2
11. टोंटी, नलका-2
12. आनंद, जूस-2
13. प्रतिज्ञा, शपथ-3
16. सिमरन, सुमरन-3
18. सुअर-3
20. पेन, लेखनी-3
22. कमल, जलज-3
23. क्रोध, गुस्सा-2
24. पाश, फंदा-2
25. शोषण करना-3
28. गौरव, प्रशंसा-3
30. सूत कातने का साधन-3
31. गौरव-3
33. देवर्षि-3
35. अंधकार-2
36. यमराज-2
38. अलमस्त-2
40. सलाह देने वाला-5
41. बीता दिन-2
42. रसदार-3
43. इंद्रियों को जीतने वाला-3

ऊपर से नीचे
1. उर्वरक-2
2. विशाल, श्रेष्ठ-3
3. धनवान, संपन्न-3
4. घ्राणेंद्रिय, इज्जत-2
5. दैत्य, असुर-3
7. मायाजाल-3
8. उद्धार, पार लगाना-3
10. शरण, आश्रय-3
14. चूर-चूर, ढहा-5
15. टोंटी, नलका-2
17. युद्ध, संग्राम-2
18. दूल्हा-2
19. राजपुत्र-5
21. मद्रास का समुद्र तट-3
22. नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26. मित्र, दोस्त, मीत-2
27. हूर, अप्सरा
29. मेहंदी-2
30. शीर्ष, पराकाष्ठा-3
31. इसमें पौधा लगाते हैं-3
32. पीहर, नैहर-3
34. युक्तिवाद, पैरवी-3
35. टब, परात, तगारी-3
37. इच्छा-3
39. परत, तह-2
41. कदर, सम्मान-2

शब्द पहेली -6388 का हल

क	म	ला	का	र	■	■	कु	रा	न	■
था	न	■	र	■	कै	ला	श	■	ध	ला
वा	■	■	खा	वि	द	■	ल	■	■	य
च	म	क	ना	■	■	त	■	क	स	क
क	■	या	■	क	ल	क	ल	■	ली	■
■	आ	स	■	ल	■	रा	■	शा	म	■
■	रा	■	क	र	ता	र	■	म	■	ख
श	म	न	■	व	■	■	म	त	ल	ब
ह	■	■	म	■	दा	म	न	■	■	र
र	थ	■	ग	र	म	■	च	■	दा	दा
■	ल	की	र	■	■	स	ली	के	दा	र

सूडोकु नवताल- 6399

सरल

		2				1		
				2	5	7	3	
	9	4		6	7			2
	5		4		3			9
	8			9			7	
1			6		8		2	
6			7	4		9	5	
	4	5	8	3				
		8				6		

MANGAL, SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6398 का हल

9	1	6	2	3	7	4	5	8
8	2	3	4	5	9	1	7	6
4	5	7	1	6	8	3	9	2
5	6	8	7	1	2	9	3	4
1	7	4	9	8	3	2	6	5
2	3	9	5	4	6	8	1	7
7	4	1	8	9	5	6	2	3
3	8	5	6	2	1	7	4	9
6	9	2	3	7	4	5	8	1

खबर संक्षेप

एलजी को मिला 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' प्रमाणपत्र

नई दिल्ली। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड ने लगातार तीसरे वर्ष प्रतिष्ठित 'ग्रेट प्लेस टू वर्क' सर्टिफिकेशन हासिल किया है। यह मान्यता कंपनी की कार्य-संस्कृति, कर्मचारियों के अनुभव और विश्वास पर आधारित कार्यस्थल विकसित करने के प्रयासों को दर्शाती है। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के प्रबंध निदेशक होंग जू जियोन ने कहा कि तीसरे वर्ष यह प्रमाणन मिलना कंपनी की प्रगतिशील मानव संसाधन नीतियों का महत्वपूर्ण प्रमाण है।

न्युवोको का मुनाफा 65 करोड़ रुपए पहुंचा

मुंबई। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2027 की दूसरी तिमाही के वित्तीय नतीजे घोषित किए हैं। 30 सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही में कंपनी ने कर के बाद मुनाफे में सालाना आधार पर 78 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। कंपनी का मुनाफा बढ़कर 65 करोड़ रुपए हो गया, जबकि समेकित राजस्व 13.5 प्रतिशत बढ़कर 2,790 करोड़ रुपएपहुंच गया। इस दौरान कंपनी का एबिटिडा भी 11 प्रतिशत बढ़कर 411 करोड़ रुपए रहा।

पूजा सामग्री से परिधानों तक की विशेष रेंज उपलब्ध

बेंगलुरु। अमेजन पर पारंपरिक परिधानों, आभूषणों, सौंदर्य प्रसाधनों, मिठाइयों, पूजा सामग्री और उपहारों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। अमेजन के ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के तहत ग्राहक डायसन, सैमसंग, लवचाइल्ड बाय मसाबा, रोजियर और फार्मले जैसे लोकप्रिय ब्रांडों के उत्पादों पर विशेष छूट का लाभ उठा सकते हैं। कंपनी के अनुसार, प्राइम सदस्य चुनिंदा खरीदारी पर अतिरिक्त छूट लाभ भी उठा सकते हैं।

शेयर मार्केट का नाम हुआ फोनपे इन्वेस्ट

नई दिल्ली। फोनपे ने अपने स्टॉक ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म 'शेयर.मार्किट' का नाम बदलकर 'फोनपे इन्वेस्ट' कर दिया है। इसके साथ कंपनी ने निवेशकों के लिए 'पोर्टफोलियो ऑप्टिमाइज़र' टूल भी पेश किया है, जो निवेश पोर्टफोलियो बनाने, उसकी समीक्षा करने और उसे बेहतर बनाने में मदद करेगा। फोनपे इन्वेस्ट पर शेयर, आईपीओ, म्यूचुअल फंड और वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध होंगी।

मोटोरोला के स्मार्टफोन पर विशेष ऑफर

नई दिल्ली। मोटोरोला ने फ्लिपकार्ट बिग बिलियन डेज सेल 2026 के दूसरे चरण 'बिग बिलियन मोटो डील्स, वेव 2' के तहत विशेष त्योहारी ऑफर घोषित किए हैं। मोटोरोला एज 70 फ्यूजन की शुरुआती कीमत 29,749 रुपए, एज 70 प्रो की 36,999 रुपए और एज 70 प्रो प्लस की 44,999 रुपए है। वहीं, मोटो जी37 पावर की शुरुआती कीमत 15,499 रुपए मोटो जी मैक्स की कीमत 19,999 रुपए रखी गई है।

एक्सिस बैंक का हाई परफॉर्मेंस सेंटर शुरू

मुंबई। एक्सिस बैंक और लक्ष्य शूटिंग क्लब ने नवी मुंबई के सीबीडी बेलापुर में हाई परफॉर्मेंस सेंटर की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य भारतीय निशानेबाजों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण सुविधाएं उपलब्ध कराना और ओलंपिक व पैरालंपिक खेलों की तैयारियों को मजबूत करना है। छह मंजिला इस केंद्र में 10 मीटर की दो शूटिंग रेंज, शारीरिक क्षमता प्रशिक्षण और रिकवरी आदि सुविधाएं होंगी।

एयू स्मॉल बैंक के मुनाफे में 53 फीसदी की वृद्धि

मुंबई। एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 की दूसरी तिमाही में मजबूत वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया है। 30 सितंबर 2026 को समाप्त तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 53 फीसदी बढ़कर 858 करोड़ रुपए हो गया। शुद्ध ब्याज आय भी 32 फीसदी बढ़कर 2,820 करोड़ रुपये पहुंच गई। बैंक की कुल जमा राशि सालाना आधार पर 28.6 फीसदी बढ़कर 1,70,460 करोड़ रुपए रही।

---

30 नवंबर तक मांगे जाएंगे सुझाव, अप्रैल 2027 से लागू करने की योजना

जीएसटी रिटर्न में बड़े बदलाव की तैयारी, व्यापारियों को अनावश्यक नोटिसों से राहत मिलने की है उम्मीद

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

जीएसटी रिटर्न प्रणाली को अधिक सरल और पारदर्शी बनाने के लिए केंद्र सरकार बड़े बदलाव की तैयारी कर रही है। प्रस्तावित सुधारों से रिटर्न में डेटा संबंधी विसंगतियों को कम करने और व्यापारियों को अनावश्यक नोटिसों से राहत मिलने की उम्मीद है।

टैक्स लॉ बार एसोसिएशन, भोपाल ने इस पहल का स्वागत करते हुए करदाताओं से सार्वजनिक परामर्श में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। एसोसिएशन के सचिव धीरज अग्रवाल ने बताया कि वित्त मंत्रालय की योजना के अनुसार जीएसटीआर-1, जीएसटीआर-1ए और इनवॉइस फर्निशिंग फैसिलिटी (आईएफएफ) के संशोधित फॉर्म का मसौदा 1 नवंबर 2026 को सरकारी पोर्टल मायजीओवीडॉटइन पर सार्वजनिक परामर्श के लिए जारी किया जाएगा। इस मसौदे पर आम नागरिकों, कर विशेषज्ञों और उद्योग जगत से 30 नवंबर 2026 तक सुझाव मांगे जाएंगे। प्रस्तावित नई व्यवस्था को 1 अप्रैल 2027 से लागू करने की योजना है।

अगले माह 1 नवंबर को जारी होगा संशोधित फॉर्म का मसौदा | **प्रस्तावित नई व्यवस्था को 1 अप्रैल 2027 से लागू करने की योजना**

पहले दिन की उत्साहपूर्ण शुरुआत, आज भी अवसर

अग्रवाल के अनुसार, जीएसटी रिटर्न में दर्ज आंकड़ों और संबंधित रिकॉर्ड के बीच अंतर होने के कारण कारोबारियों को कई बार नोटिसों का सामना करना पड़ता है।

अधिकारियों के मुताबिक, लगभग 80 प्रतिशत नोटिस डेटा मिसमैच से जुड़े होते हैं। ऐसे में रिटर्न फॉर्म में बदलाव से विसंगतियां कम करने और नोटिस जारी करने की प्रक्रिया को अधिक सटीक बनाने में मदद मिल सकती है। नई व्यवस्था से इन नोटिसों में 80 प्रतिशत तक कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है। साथ ही, इनवॉइस मैनेजमेंट सिस्टम को भी अधिक प्रभावी बनाने पर जोर रहेगा।

नियमों को अधिक व्यावहारिक बनाने का अवसर मिलेगा

एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष मृदुल आर्य ने कहा कि जीएसटी लागू होने के नौ वर्ष बाद सरकार द्वारा कर सलाहकारों और व्यापारियों से सुझाव आमंत्रित करना स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि अब तक कई निर्णय जमीनी स्तर की व्यावहारिक समस्याओं को पर्याप्त रूप से समझे बिना लिए जाते रहे हैं, जिससे कारोबारियों और कर पेशेवरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सार्वजनिक परामर्श से सरकार तक वास्तविक समस्याएं पहुंचेंगी और नियमों को अधिक व्यावहारिक बनाने का अवसर मिलेगा। टैक्स लॉ बार एसोसिएशन, भोपाल ने कहा कि प्रस्तावित बदलावों का उद्देश्य केवल रिटर्न प्रक्रिया में संशोधन करना नहीं, बल्कि कर अनुपालन को आसान बनाना और व्यापारियों पर अनावश्यक प्रशासनिक बोझ कम करना भी होना चाहिए। संगठन ने करदाताओं, व्यापारिक संगठनों और कर विशेषज्ञों से अपील की है कि वे मसौदे का अध्ययन कर अपने सुझाव समय-सीमा के भीतर प्रस्तुत करें, ताकि नई व्यवस्था को अधिक सरल, पारदर्शी और कारोबारी हितों के अनुकूल बनाया जा सके।

भवन निर्माण नियमों में एकरूपता के लिए भी उठाई आवाज

क्रेडाई ने सौंपे विकास योजना 2047 पर 51 आपत्ति-सुझाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी के नए मास्टर प्लान का 21 साल लंबा इंतजार अब अधूरा नहीं रहना चाहिए। जरूरी सुधारों, स्पष्ट नियमों और समयबद्ध निर्णयों के साथ विकास योजना 2047 का अंतिम प्रकाशन होना चाहिए। यह कहना है क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक का।

क्रेडाई भोपाल ने नगर तथा ग्राम निवेश के जिला कार्यालय में प्रारूप योजना पर 51 क्रमांकित आपत्ति-सुझाव सौंपे। वहीं, क्रेडाई मध्यप्रदेश की ओर से भवन निर्माण एवं विकास नियमों को लेकर आठ आपत्ति-सुझाव भी प्रस्तुत किए गए।

निवेश, आवास और सड़क नेटवर्क पर जोर



क्रेडाई भोपाल के पदाधिकारी सुझाव पत्र सौंपते हुए

क्रेडाई ने पुराने स्वीकृत लेआउट, पूर्व अनुमतियों और प्रस्तावित मार्गों के बीच समन्वय की जरूरत बताई है। संस्था के अनुसार, मास्टर प्लान में लंबे समय तक अनिश्चितता रहने से निवेश और विकास परियोजनाएं प्रभावित होती हैं। सुझावों में ग्रोथ कॉरिडोर, इनर और आउटर रिंग रोड, पश्चिमी रिंग रोड, सीहोर-मंडीदीप क्षेत्र के सड़क संपर्क, गांवों के वैकल्पिक मार्ग और किफायती आवास की व्यवहार्यता जैसे मुद्दे शामिल हैं।

'सुनवाई के बाद योजना को मिले अंतिम रूप'

क्रेडाई अध्यक्ष मनोज मीक और कोषाध्यक्ष संजीव ठाकुर ने एग्जीक्यूटिव कमेटी के सदस्यों के विमर्श के बाद सुझाव सौंपे। मीक ने कहा कि भोपाल ने नई विकास योजना के लिए 21 साल इंतजार किया है और अब यह योजना अगले 21 साल का भविष्य तय करेगी।

एफएआर और टीडीआर के नियम व्यावहारिक बनाने की मांग

क्रेडाई ने अतिरिक्त निर्माण क्षमता , विकास अधिकार हस्तांतरण, पार्किंग, भवनों की ऊंचाई और खुले स्थानों के मानकों में व्यावहारिक तालमेल पर जोर दिया है। संस्था ने अपने खर्च से सड़क और बुनियादी ढांचा विकसित करने वालों को उसके अनुरूप एफएआर लाभ देने का प्रस्ताव भी रखा है।

हुरुन इंडिया यू35 लिस्ट में शिवानी वाघ 16वें स्थान पर

मुंबई। सुप्रिया लाइफसाइंस लिमिटेड की जॉइंट मैनेजिंग डायरेक्टर शिवानी सतीश वाघ ने एवेंडस वेल्थ-हुरुन इंडिया यू35 लिस्ट 2026 में 16वां स्थान हासिल किया है। 35 वर्ष या उससे कम उम्र के उद्यमियों और युवा बिजनेस लीडर्स की इस सूची में विभिन्न उद्योगों की उभरती हस्तियों को शामिल किया गया है। इस साल सूची में 180 बिजनेस लीडर्स को जगह मिली है, जबकि 2025 में यह संख्या 155 थी। हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार, सूची में शामिल कारोबारों का कुल वैल्यूएशन सालाना 23 प्रतिशत बढ़कर 48 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है। सूची में 71 प्रतिशत पहली पीढ़ी के उद्यमी हैं। शिवानी वाघ 2014 में सुप्रिया लाइफसाइंस से जुड़ी थीं।



नाबार्ड देगा 4 करोड़ रुपए

प्रदेश के 600 युवाओं को जापान जर्मनी में रोजगार दिलाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग के 600 ग्रामीण युवाओं के लिए जापान और जर्मनी में रोजगार के अवसरों का रास्ता खोलने की पहल की गई है। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के जीरो कूपन जीरो प्रिंसिपल (जेडसीजेडपी) निर्गम के माध्यम से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सोशल स्टॉक एक्सचेंज पर 4 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश सरकार के साथ साझेदारी में संचालित होगा। इसके तहत युवाओं को भाषा प्रशिक्षण, क्षेत्र-विशिष्ट कौशल विकास, सांस्कृतिक जानकारी और प्रमाणन उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही विदेश में नौकरी के लिए जरूरी दस्तावेज तैयार करने, प्लेसमेंट और तैनाती में भी सहायता मिलेगी।

प्रशिक्षण ही नहीं, नौकरी मिलने पर भी जोर

इस पहल में केवल प्रशिक्षण पूरा कराने के बजाय वास्तविक विदेशी नियुक्ति, रोजगार में निरंतरता और आजीविका में सुधार को प्राथमिकता दी जाएगी। लाभार्थियों की प्रगति पर निगरानी, नियमित रिपोर्टिंग और स्वतंत्र रूप से परिणामों के सत्यापन की व्यवस्था भी होगी। नाबार्ड का यह योगदान सोशल स्टॉक एक्सचेंज के माध्यम से सामाजिक विकास की परियोजनाओं को वित्त उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इस मॉडल में बाजार से जुटाए गए संसाधनों, परिणाम-आधारित सार्वजनिक वित्तपोषण और लाभार्थियों की भागीदारी को जोड़ा गया है। इस पहल से ग्रामीण युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने और परिवारों की आय में सुधार की उम्मीद है।

डिलीवरी सेवाओं पर कर व्यवस्था को तर्कसंगत बनाने की सिफारिश

छोटे कारोबारियों को लागत और मुनाफे का हिसाब रखना होगा आसानः फोरम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ऑनलाइन कारोबार करने वाले छोटे व्यापारियों के लिए डिलीवरी खर्च का हिसाब रखना आसान हो सकता है। जीएसटी परिषद की ई-कॉमर्स ऑपरेटरों के माध्यम से दी जाने वाली डिलीवरी सेवाओं पर कर व्यवस्था को तर्कसंगत बनाने की सिफारिश का इंडिया एसएमई फोरम ने स्वागत किया है। प्रस्तावित व्यवस्था में 5 प्रतिशत जीएसटी बिना इनपुट टैक्स क्रेडिट या 18 प्रतिशत जीएसटी आईटीसी के साथ देने का विकल्प होगा। इससे डिलीवरी सेवाओं पर कर व्यवस्था में एकरूपता लाने और कारोबारियों की लागत संबंधी अनिश्चितता घटाने की उम्मीद है। इंडिया एसएमई फोरम के मुताबिक, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर सामान बेचने वाले छोटे कारोबारियों के लिए डिलीवरी की लागत मुनाफे को सीधे प्रभावित करती है। कर व्यवस्था में अंतर के कारण उत्पाद की कीमत तय करने और कारोबार बढ़ाने की योजना बनाने में मुश्किलें आती हैं।

सरल नियमों की मांग

फोरम अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि उत्पाद को ग्राहक तक पहुंचाने का खर्च निर्माण लागत जितना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि सदस्य पिछले डेढ़ साल से जीएसटी संवाद में ई-कॉमर्स डिलीवरी सेवाओं पर कर दरों के अंतर का मुद्दा उठाते रहे हैं। फोरम ने जीएसटी अनुपालन, आईटीसी रिफंड और पंजीकरण प्रक्रिया सरल बनाने पर भी जोर दिया है। इन बदलावों का लाभ छोटे कारोबारियों तक पहुंचा सकेंगी।

दिवाली पर 11 रुपए में पटाखों का बीमा

भोपाल। दिवाली पर पटाखों से होने वाली दुर्घटनाओं के जोखिम को देखते हुए फोनपे ने लगातार तीसरे साल फायर क्रेकर इंश्योरेंस योजना शुरू की है। इसके तहत मात्र 11 रुपए से बीमा लेकर 25 हजार रुपए तक का मेडिकल कवरेज प्राप्त किया जा सकता है। आदित्य बिड़ला हेल्थ इंश्योरेंस द्वारा समर्थित यह योजना फोनपे ऐप पर उपलब्ध है। इसका उद्देश्य पटाखों से होने वाली दुर्घटनाओं की स्थिति में लोगों को आर्थिक सुरक्षा देना है। इस योजना में अस्पताल में भर्ती होने, डे-केयर उपचार और दुर्घटना में मृत्यु होने पर लाभ देने की व्यवस्था है।

भारतीय स्टेट बैंक को लगातार दूसरे साल भी मिला 'विश्व का सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक' पुरस्कार

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) को ग्लोबल फाइनेंस मैगजीन ने लगातार दूसरे साल 'विश्व का सर्वश्रेष्ठ कंज्यूमर बैंक 2026' चुना है। इसके साथ ही बैंक को लगातार पांचवीं बार 'भारत का सर्वश्रेष्ठ बैंक' का सम्मान भी मिला है। ये पुरस्कार डिजिटल नवाचार, बेहतर ग्राहक सेवाओं और वित्तीय समावेशन के प्रति बैंक की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। एसबीआई को ये सम्मान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठक 2026 के दौरान आयोजित 'वर्ल्ड्स बेस्ट बैंक अवॉर्ड्स' समारोह में प्रदान किए गए। पुरस्कारों के लिए चयन व्यापक संपादकीय शोध और दुनिया भर के बैंकिंग सलाहकारों, कॉरपोरेट वित्त अधिकारियों, विश्लेषकों तथा उद्योग विशेषज्ञों की राय के आधार पर किया जाता है। जाता है।

एसबीआई के चेयरमैन चाल्ला श्रीनिवासुलु सेट्टी ने कहा कि ये पुरस्कार इस बात का प्रमाण हैं कि किसी राष्ट्रीय संस्थान की क्षमताएं जब देश की आकांक्षाओं से जुड़ती हैं, तो बड़े परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि बैंक का उद्देश्य समाज के हर वर्ग तक भरोसेमंद, सुविधाजनक और सुलभ बैंकिंग सेवाएं पहुंचाना है। डिजिटल तकनीक और कर्मचारियों के व्यक्तिगत जुड़ाव के जरिए बैंक ग्राहकों की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। ग्राहकों तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए एसबीआई ने देशभर में 300 से अधिक नई शाखाएं भी खोली हैं। बैंक भारत के साथ 29 देशों में सेवाएं दे रहा है और उसके ग्राहक आधार में करीब 50 करोड़ लोग शामिल हैं।

बिजनेस न्यूज

एसबीआई अधिकारी संघ के सम्मेलन में एकता, संघर्ष और समर्पण का संदेश

भोपाल। भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ, भोपाल सर्कल के भोपाल मॉड्यूल की ओर से राधाकृष्णन ऑडिटोरियम, मैनिट, भोपाल में संयुक्त क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। 'आपकी बात, आपके साथ' थीम पर आयोजित इस सम्मेलन में आरबीओ-1, आरबीओ-2, आरबीओ-9 और एलएचओ भोपाल से जुड़े अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भोपाल मॉड्यूल के उप महाप्रबंधक साईं कृष्णा श्रीधरा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी संघ, भोपाल सर्कल के अध्यक्ष अनिल कुमार श्रीवास्तव और महासचिव संजीव मिश्रा शामिल हुए। विशेष अतिथि सुनील राजवैद्य भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। भोपाल मॉड्यूल के अध्यक्ष क्षितिज तिवारी ने अतिथियों और अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत उसके सदस्यों के विश्वास, सहभागिता और एकजुटता में है। भोपाल मॉड्यूल के उप महासचिव सुबीन सिन्हा ने कहा कि 'आपकी बात, आपके साथ' केवल सम्मेलन की थीम नहीं, बल्कि संगठन की कार्यशैली का मूल मंत्र है। इस अवसर पर एआईबीओसी मध्यप्रदेश के सचिव दिनेश झा, ओबीसी वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश सोनी और महासचिव शोभित वाडेल, अधिकारी साख समिति के अध्यक्ष सुरेश बाबू मीणा सहित सर्कल एवं मॉड्यूल के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



पीएनबी ने आयोजित की कार्यशाला

नई दिल्ली। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने पंचकुला स्थित अपने स्टाफ प्रशिक्षण केंद्र में 15 और 16 अक्टूबर को दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की मेजबानी की। भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) की ओर से आयोजित इस कार्यशाला में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों, बीमा कंपनियों, नियामक संस्थाओं और सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों में आरक्षण नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। कार्यशाला में 100 से अधिक वरिष्ठ मानव संसाधन अधिकारियों और मुख्य संपर्क अधिकारियों ने भाग लिया।



थिंक गैस ने भानपुर में बहाल की गैस की बंद सप्लाई

भोपाल। भानपुर ब्रिज के पास गैस पाइपलाइन के नजदीक आग लगने की घटना के बाद थिंक गैस ने अपना पक्ष जारी किया है। कंपनी के मुताबिक, सूचना मिलते ही आपातकालीन टीम मौके पर पहुंची और सुरक्षा के मद्देनजर गैस आपूर्ति बंद कर दी। मरम्मत और जरूरी सुधार के बाद चरणबद्ध तरीके से सप्लाई बहाल की गई। थिंक गैस के क्षेत्रीय प्रमुख (बीएनआर), भोपाल एवं शिवपुरी जीए डीएस दुर्गेश के अनुसार, प्रारंभिक जानकारी में पाइपलाइन के आसपास अज्ञात लोगों द्वारा कचरा या मलबा जलाए जाने से आग लगने की आशंका जताई गई है। कंपनी ने बताया कि भोपाल में भूमिगत गैस पाइपलाइनों की सुरक्षा के लिए संकेतक, चेतावनी बोर्ड और आपातकालीन संपर्क नंबर लगाए गए हैं। हाल ही में कलेक्टर ने भी उपयोगिता एजेंसियों और सड़क चौड़ीकरण के ठेकेदारों को पाइपलाइनों के आसपास सुरक्षा नियमों का पालन करने की सलाह दी थी।

अजीम प्रेमजी विवि में 2027 सत्र के प्रवेश शुरू, 20 नवंबर तक आवेदन

बेंगलुरु। अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2027 के लिए स्नातक और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय के बेंगलुरु, भोपाल और रांची परिसरों में विभिन्न विषयों के पाठ्यक्रम उपलब्ध होंगे। राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दाखिला लेने के इच्छुक अभ्यर्थी 20 नवंबर 2026 तक आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 20 दिसंबर को होगी। बेंगलुरु परिसर में शिक्षा, विकास, अर्थशास्त्र और जलवायु परिवर्तन एवं सततता सहित विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालित होंगे। भोपाल परिसर में शिक्षा और जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं।

भीम एप की 'मीठी दिवाली' पहल

भोपाल। भीम भुगतान एप ने 'मीठी दिवाली 2026' अभियान के तीसरे संस्करण की शुरुआत की है। इसके तहत 19 अक्टूबर से 8 नवंबर तक उपयोगकर्ताओं के हर सातवें लेनदेन पर जरूरतमंद बच्चों को पढ़ाई की सामग्री वाली स्कूल किट उपलब्ध कराने में सहयोग किया जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा विकसित इस एप ने अभियान के लिए सामाजिक संस्था गूंज के साथ साझेदारी की है। एनपीसीआई भीम के गौरव कोचर ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य डिजिटल भुगतान को बच्चों की शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण सामाजिक कार्य से जोड़ना है। गूंज के संस्थापक अंशु गुप्ता ने इस साझेदारी को जरूरतमंद बच्चों की मदद की दिशा में सार्थक कदम बताया।

ऑडी ने लांच की नई क्यू3, आधुनिक फीचर से लैस

मुंबई। लग्जरी कार निर्माता ऑडी ने भारत में नई ऑडी क्यू3 लांच की है। इस कॉम्पैक्ट लग्जरी एसयूवी को छत्रपति संभाजीनगर स्थित एसएवीडब्ल्यूआईपीएल प्लांट में असेंबल किया गया है। कंपनी ने इसकी शुरुआती कीमत की घोषणा नहीं की है। नई क्यू3 में 2.0 लीटर टीएफएसआई पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 150 किलोवाट पावर और 320 एनएम टॉर्क पैदा करता है। यह कार 7.1 सेकंड में शून्य से 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है।



पीएंडजी का लूप-द क्रिएटर कलेक्टिव शुरू

भोपाल। पीएंडजी इंडिया ने अपने प्रमुख ब्रांडों को एक मंच पर लाने के लिए 'पीएंडजी लूप–द क्रिएटर कलेक्टिव' की शुरुआत की है। मुंबई में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम में हजारों क्रिएटर्स, वैज्ञानिकों, ब्रांड एंबेसडर और कंपनी के वैश्विक व भारतीय नेतृत्वकर्ताओं ने हिस्सा लिया। पीएंडजी इंडिया के सीईओ कुमार वेंकटसुब्रमणियन ने कहा कि कंपनी उपभोक्ताओं की जरूरतों को समझकर रोजमर्रा के जीवन को बेहतर बनाने वाले उत्पाद विकसित करने पर ध्यान देती है।

आरसीसीपीएल ने बनाया निःशुल्क विश्राम स्थल

भोपाल। एमपी बिरला समूह की कंपनी आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड, मैहर ने रेलवे स्टेशन पर भक्त कल्याण पहल सफलतापूर्वक पूरी की। जिला प्रशासन और रेलवे प्रशासन के सहयोग से संचालित इस पहल के तहत श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क प्रतीक्षालय और 24 घंटे प्राथमिक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस व्यवस्था से मैहर पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालुओं को विश्राम करने और आवश्यकता पड़ने पर प्राथमिक उपचार प्राप्त करने में मदद मिली।

एयरटेल डिजिटल टीवी पर अब मिलेगा सोनी विजा

नई दिल्ली। एयरटेल डिजिटल टीवी ने अपने तमिल मनोरंजन पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए नए तमिल मनोरंजन चैनल सोनी विजा को शामिल किया है। इस पहल के तहत अब एयरटेल डिजिटल टीवी के ग्राहक तमिल भाषा में पारिवारिक धारावाहिकों, रियलिटी शो और मौलिक कार्यक्रमों का आनंद ले सकेंगे। त्योहारी सीजन में परिवारों को एक साथ मनोरंजन का अवसर देने के उद्देश्य से शुरू की गई यह पहल एयरटेल डिजिटल टीवी की क्षेत्रीय भाषा में सामग्री उपलब्ध कराने की रणनीति का हिस्सा है।

एचडीएफसी बैंक ने शुरू की कोषागार पोर्टल से जुड़ी नेटबैंकिंग सेवा

भोपाल। एचडीएफसी बैंक ने मध्य प्रदेश के कोषागार एवं लेखा निदेशालय के पोर्टल के साथ एकीकरण किया है। इससे बैंक के व्यक्तिगत और व्यावसायिक ग्राहक नेटबैंकिंग के माध्यम से राज्य के विभिन्न करों का भुगतान आसानी से कर सकेंगे। इस सुविधा के लिए किसी बाहरी भुगतान माध्यम की आवश्यकता नहीं होगी। बैंक के अनुसार, यह सेवा उसके 'कलेक्टनाउ' मंच के माध्यम से संचालित होगी। इसके जरिए ग्राहक आबकारी शुल्क, वाणिज्यिक कर, स्टाम्प शुल्क और मूल्य वर्धित कर (वैट) का भुगतान कर सकेंगे। भुगतान के बाद लेनदेन का तत्काल मिलान भी किया जा सकेगा। यह सुविधा बचत और चालू खाता धारकों के लिए उपलब्ध है। इस पहल से सरकारी भुगतान की प्रक्रिया सरल होगी और कारोबारियों को अपनी वित्तीय जिम्मेदारियां पूरी करने में सुविधा मिलेगी।

शिवकृपानंद समिति के उपाध्यक्ष नियुक्त



नई दिल्ली। शिवकृपानंद स्वामीजी को विश्व ध्यान दिवस संचालन समिति का उपाध्यक्ष और दक्षिण एशिया क्षेत्र का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह घोषणा विश्व ध्यान दिवस संघ और विश्व ध्यान फाउंडेशन के संयुक्त समझौते के तहत की गई। हिमालयन समर्पण ध्यान के संस्थापक स्वामीजी ने वर्ष 1994 में इस संस्था की स्थापना की थी। संस्था के अनुसार, अब तक 72 से अधिक देशों में 30 लाख से ज्यादा लोगों को निःशुल्क ध्यान सिखाया गया है।

कार्यालय वनसंरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त, बैतूल (म.प्र.)
पता - वन विद्यालय परिसर कालापाठा बैतूल (म.प्र.) पिनः- 460001
E-Mail :-ccfre.btl@mp.gov.in Fax & Phone: 07141-230475

क्रमांक / कक्ष - स्टोर / 2026/1902 बैतूल, दिनांक-22.10.2026

जेम पोर्टल पर ई-निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि सामाजिक वानिकी वृत्त बैतूल के अंतर्गत मिस्ट चेंबर एवं ग्रीन नेट हाउस निर्माण हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु म.प्र. शासन की वेबसाईट Gem Portal पर लॉग ऑन करे।

क्र	विवरण	दिनांक	समय
1	publishing Date	27-10-2026	निविदा ऑन-लाईन प्रस्तुत करने तथा खोलने का समय वेबसाईट Gem Portal पर दर्शित है।
2	Document Download/ Sale start Date	27-10-2026	
3	Bid submission Start Date	27-10-2026	
4	Bid Submission Closing Date	09-11-2026	
5	Bid Opening Date	10-11-2026	

जी - 20534/26
स्वच्छता ही सेवा

वनमण्डलाधिकारी
सामाजिक वानिकी वृत्त बैतूल

चिंतन

डिजिटल दुनिया की बुनियादी कमजोरी उजागर, सुरक्षा जरूरी

डिजिटल क्रांति की चमक के पीछे छिपे गंभीर खतरे को नजरअंदाज करना अब भारी पड़ सकता है। जिस इंटरनेट को आधुनिक दुनिया की जीवनरेखा माना जाता है, उसकी बुनियाद में ही गंभीर कमजोरियां मौजूद हों तो सुरक्षा को लेकर चिंता स्वाभाविक है। प्रोग्रामिंग लैंग्वेज पीएचपी (हाइपरटेक्स्ट प्रीप्रोसेसर) में सामने आई खामी ने इसी खतरे की ओर ध्यान खींचा है। दुनिया की 70 प्रतिशत से अधिक वेबसाइटों की बुनियाद पीएचपी पर होने का दावा बताता है कि मामला किसी एक तकनीक तक सीमित नहीं है। यदि ऐसी खामियों का समय रहते समाधान नहीं हुआ, तो वेबसाइटों, डिजिटल कारोबार और संवेदनशील जानकारियों पर साइबर हमलों का जोखिम बढ़ सकता है। आज दुनिया का बड़ा हिस्सा इंटरनेट पर निर्भर है। बैंकिंग से लेकर खरीदारी तक, सरकारी सेवाओं से लेकर समाचारों तक, हमारी रोजमर्रा की जिंदगी डिजिटल प्रणालियों के सहारे चल रही है, लेकिन सवाल यह है कि जिस व्यवस्था पर करोड़ों लोग भरोसा कर रहे हैं, उसकी सुरक्षा की गारंटी कितनी मजबूत है? पीएचपी का इस्तेमाल लॉगिन व्यवस्था, ऑनलाइन दुकानों, डाटाबेस और समाचार वेबसाइटों के संचालन में होता है। इसकी किसी गंभीर खामी का फायदा उठाकर हमलावर वेबसाइटों के सर्वर तक पहुंचने की कोशिश कर सकते हैं। ऐसे में खतरा केवल तकनीकी गड़बड़ी का नहीं, बल्कि निजी जानकारी, कारोबारी गतिविधियों और डिजिटल सेवाओं में लोगों के भरोसे का भी है। इनका लाभ दुनिया भर की बड़ी कंपनियां और संस्थान भी उठाते हैं, मगर सुरक्षा सुधारों के लिए पर्याप्त संसाधन जुटाने की जिम्मेदारी अक्सर स्पष्ट नहीं होती। एआई की मदद से शोधकर्ताओं द्वारा प्रोग्रामिंग कोड में छिपी खामियों का पता लगाना तकनीकी प्रगति का सकारात्मक पक्ष है। मगर यही क्षमता साइबर अपराधियों के हाथ लग जाए तो खतरे का दायरा भी बढ़ सकता है। इसलिए एआई को लेकर उत्साह के साथ सावधानी भी जरूरी है। तकनीक जितनी शक्तिशाली होगी, उसके दुरुपयोग को रोकने की तैयारी भी उतनी ही पुख्ता करनी होगी। केवल खामी सामने आने के बाद सक्रिय होना पर्याप्त नहीं है; संभावित कमजोरियों की पहचान और रोकथाम लगातार चलने वाली प्रक्रिया होनी चाहिए। अब जिम्मेदारी तय करने का समय है। वेबसाइट संचालकों और कंपनियों को सुरक्षा अद्यतन तत्काल लागू करने, पुराने सॉफ्टवेयर की पहचान करने, नियमित सुरक्षा परीक्षण कराने और साइबर हमले की स्थिति में त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था बनाने को प्राथमिकता देनी चाहिए। सरकारों और साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी संस्थानों के बीच सूचना साझा करने तथा आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करना होगा। आम उपयोगकर्ताओं के लिए भी सतर्कता जरूरी है। अनजान वेबसाइटों पर संवेदनशील जानकारी देने से बचना, संदिग्ध लिंक नहीं खोलना और अपने उपकरणों तथा ब्राउजर को अद्यतन रखना समझदारी है। हालांकि, सर्वर से जुड़ी खामी का अर्थ यह नहीं कि हर व्यक्ति का मोबाइल या कंप्यूटर सीधे प्रभावित हो गया है। सच यह है कि डिजिटल दुनिया में सुविधा की रफ्तार सुरक्षा की तैयारी से आगे निकल गई, तो इसकी कीमत आम नागरिकों को अपनी निजता, धन और भरोसे से चुकानी पड़ सकती है। तकनीकी विकास का पैमाना केवल यह नहीं होना चाहिए कि कितनी सेवाएं ऑनलाइन आ गईं, बल्कि यह भी हो कि वे कितनी सुरक्षित हैं। डिजिटल क्रांति की सफलता वेबसाइटों की संख्या से नहीं, लोगों के भरोसे से तय होगी। सुरक्षा को बाद की मरम्मत नहीं, पहली शर्त बनाना ही समय की सबसे बड़ी मांग है।

महंगाई की नई दस्तक से रसोई प्रभावित



आर्थिकी
सतीश सिंह

महंगाई का सबसे गहरा असर तब दिखता है, जब उतने ही रुपये खर्च करने पर घर की जरूरतें पहले से कम पूरी हो पाती हैं। साबुन, बिस्कुट, खाद्य तेल, चाय और डिटर्जेंट जैसी चीजों की खरीद टाली नहीं जा सकती। इसलिए इनकी कीमतों में मामूली बढ़ोतरी भी महीने भर में घरेलू बजट पर खासा बोझ डालती है। दैनिक उपयोग की वस्तुएं बनाने वाली कंपनियों पर बढ़ता लागत-दबाव इसी चिंता को उजागर करता है। सवाल यह है कि महंगे कच्चे माल का कितना बोझ कंपनी उठाएगी और कितना उपभोक्ताओं पर डालेगी। बाजार की असली मजबूती तभी होगी, जब परिवार रोजमर्रा का सामान खरीदने के लिए अपनी किसी दूसरी जरूरत में लगातार कटौती करने को मजबूर न हो।

महंगाई का सबसे गहरा असर तब दिखता है, जब उतने ही रुपये खर्च करने पर घर की जरूरतें पहले से कम पूरी हो पाती हैं। साबुन, बिस्कुट, खाद्य तेल, चाय और डिटर्जेंट जैसी चीजों की खरीद टाली नहीं जा सकती। इसलिए इनकी कीमतों में मामूली बढ़ोतरी भी महीने भर में घरेलू बजट पर खासा बोझ डालती है। दैनिक उपयोग की वस्तुएं बनाने वाली कंपनियों पर बढ़ता लागत-दबाव इसी चिंता को उजागर करता है। सवाल यह है कि महंगे कच्चे माल का कितना बोझ कंपनी उठाएगी और कितना उपभोक्ताओं पर डालेगी। एफएमसीजी यानी तेजी से बिकने वाली दैनिक उपभोग की वस्तुओं का उद्योग कई तरह की लागतों से प्रभावित होता है।

कच्चे तेल की कीमत बढ़ने से परिवहन, प्लास्टिक पैकेजिंग और उत्पादन में इस्तेमाल होने वाली अन्य सामग्रियों का खर्च बढ़ सकता है। वहीं, चीनी, कोको, दूध, चाय और खाद्य तेल की कीमतों में बदलाव खाद्य उत्पादों की लागत को प्रभावित करता है। इन दबावों के चलते कंपनियों के मुनाफे में कमी आ सकती है और इस क्रम में आगे कुछ चुनिंदा वस्तुओं की कीमतें बढ़ने की संभावना भी जताई जा रही है। हालांकि, किसी कच्चे माल की कीमत में तेज़ उछाल को तैयार वस्तुओं की कीमतों में संभावित बढ़ोतरी का पक्का संकेत नहीं मानना चाहिए। हर उत्पाद की लागत-संरचना अलग होती है; इसमें संबंधित सामग्री की हिस्सेदारी, पैकेजिंग, वितरण, कर और कंपनी का मुनाफा शामिल होते हैं। प्रतिस्पर्धा और ग्राहकों की भुगतान-क्षमता भी अंतिम कीमत तय करने में अहम भूमिका निभाती हैं। बढ़ती लागत का असर बाजार तक पहुंचने में समय लेता है। कंपनियों और वितरकों के पास मौजूद पुराना भंडार कीमतों में तत्काल बढ़ोतरी को रोक सकता है। लेकिन भंडार खत्म होने पर महंगी खरीद का असर साफ दिखने लगता है। यही प्रक्रिया उलटी दिशा में भी लागू होती है। वैश्विक बाजार में कीमतें घटने पर महंगा पुराना माल इस्तेमाल कर रही कंपनी को तुरंत राहत नहीं मिलती। उपभोक्ता के लिए यह जरूरी है कि लागत में कमी का लाभ उसे उचित समय पर मिले। कंपनियों के सामने एक मुश्किल संतुलन साधने की चुनौती है। अतिरिक्त लागत खुद उठाने पर मुनाफा घटता है, जबकि पूरा बोझ ग्राहकों पर डालने से बिक्री प्रभावित हो सकती है। खासकर उन उत्पादों के मामले में, जिनके लिए ग्राहक स्थानीय ब्रांड या सस्ता विकल्प चुन सकते हैं, कीमतें बढ़ाने की गुंजाइश सीमित रहती है। एक अनुमान के मुताबिक, वित्त वर्ष 2026-27 में परिचालन मार्जिन पर 100-150 आधार अंकों का दबाव पड़ सकता है। इस दबाव से निपटने के तीन तरीके हैं: कीमत बढ़ाना, उसी कीमत पर मात्रा घटाना, या छूट और प्रचार-प्रस्ताव कम करना। ग्राहक को कीमत में बढ़ोतरी तुरंत दिख जाती है, जबकि बाकी दो बदलाव आसानी से नजर से बच सकते हैं। उदाहरण के लिए, अगर किसी उत्पाद का 100 ग्राम का पैकेट 10 रुपये में मिलता है और उसी कीमत पर मात्रा घटाकर 90 ग्राम कर दी जाए, तो प्रति ग्राम लागत लगभग 11.1 प्रतिशत बढ़ जाती है। पैकेट पर कीमत वही रहती है, लेकिन उपभोक्ता का वास्तविक खर्च बढ़ जाता है। छोटे पैकेट सीमित नकदी वाले परिवारों के लिए उपयोगी होते हैं, क्योंकि वे कम भुगतान में ज़रूरी वस्तु



खरीदने की सुविधा देते हैं। हालांकि, छोटा पैकेट हमेशा प्रति इकाई सस्ता नहीं होता। इसलिए पैकेट पर शुद्ध मात्रा और इकाई-मूल्य साफ़-साफ़ दिखना चाहिए, साथ ही मात्रा में बदलाव की जानकारी भी आसानी से समझ में आनी चाहिए। कीमत और मात्रा की तुलना करके उपभोक्ता बेहतर निर्णय ले सकते हैं, बशर्ते जानकारी पढ़ने और समझने योग्य हो। इस पूरे घटनाक्रम में कंपनियों की बढ़ती बिक्री को भी सावधानीपूर्वक समझना चाहिए। राजस्व में वृद्धि कीमतों में बढ़ोतरी के कारण हो सकता है, जबकि बिक्री की मात्रा धीमी गति से बढ़ रही हो। उदाहरण के लिए, यदि कीमतें लगभग 7 प्रतिशत और बिक्री की मात्रा करीब 3 प्रतिशत बढ़े, तो कारोबार लगभग 10 प्रतिशत बढ़ सकता है। इससे यह निष्कर्ष नहीं निकलता कि परिवारों का उपभोग भी उतना ही मजबूत है। क्रिसिल ने मई में अपने आकलन में कहा था कि वित्त वर्ष 2026-27 में राजस्व वृद्धि में मूल्यवृद्धि की प्रमुख भूमिका होगी और बिक्री की मात्रा की वृद्धि धीमी रहने की संभावना है। ग्रामीण बाजारों की स्थिति आय और मौसम से गहराई से जुड़ी होती है। कृषि आय या रोजगार प्रभावित होने पर परिवार सबसे पहले गैर-जरूरी खर्च घटाते हैं। दबाव बना रहने पर वे जरूरी वस्तुओं की मात्रा, ब्रांड और खरीद की आवृत्ति में बदलाव करने लगते हैं। शहरी परिवारों पर किराया, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन का खर्च भी पड़ता है। ऐसे में रोजमर्रा की कई वस्तुओं की कीमतों में छोटी-छोटी बढ़ोतरी मिलकर दूसरी जरूरतों के लिए बचने वाली रकम कम कर देती है। कंपनियों के लिए भी यह चुनौती है, क्योंकि ग्राहकों की कमजोर खरीद क्षमता का असर अंततः उनकी बिक्री पर पड़ता है। छोटे उत्पादकों और दुकानदारों पर इसका असर अलग तरह से पड़ता है। महंगा माल खरीदने के लिए अधिक कार्यशील पूंजी की ज़रूरत होती है, जबकि ग्राहक बढ़ी हुई कीमत स्वीकार करने में हिचकते हैं। बिक्री धीमी रहने पर माल और नकदी, दोनों अटक सकते हैं। बड़ी कंपनियों के पास खरीद, भंडारण और लागत संभालने की अपेक्षाकृत अधिक क्षमता होती है। छोटे उद्यमों को ऐसी वित्तीय सुविधा चाहिए, जो उनके कारोबार की वास्तविक स्थिति के अनुरूप हो। अस्थायी लागत-दबाव के कारण किसी व्यवहार्य कारोबार को कमजोर पड़ने देना रोजगार और प्रतिस्पर्धा, दोनों के लिए नुकसानदेह होगा। बेहतर भंडारण, कुशल परिवहन, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, ऊर्जा-दक्षता सुधारने और उत्पादन में अपव्यय घटाने से लागत पर स्थायी असर पड़ सकता है। आवश्यक वस्तुओं की व्यापार-नीति पूर्वानुमेय होनी चाहिए और कमी की स्थिति में उसकी समय पर समीक्षा की जानी चाहिए। साथ ही, ग्रामीण रोजगार और कमजोर परिवारों की क्रयशक्ति को सहारा देने वाले उपाय भी महत्वपूर्ण हैं। कंपनियों की जिम्मेदारी भी साफ है। जरूरी मूल्यवृद्धि पारदर्शी हो, मात्रा में बदलाव छिपाया न जाए और गुणवत्ता से समझौता न हो। लागत घटने पर ग्राहकों को राहत देने में भी उतनी ही तत्परता दिखनी चाहिए, जितनी लागत बढ़ने पर दाम बदलने में दिखाई जाती है। ग्राहक का विश्वास दीर्घकालिक व्यावसायिक पूंजी है; अल्पकालिक मुनाफे के लिए इसे कमजोर करना महंगा पड़ सकता है। साबुन की टिकिया और बिस्कुट का पैकेट घरेलू अर्थव्यवस्था के छोटे, लेकिन अहम संकेतक हैं। उनकी कीमत और मात्रा में बदलाव से पता चलता है कि परिवार की आय कितनी दूर तक साथ दे पा रही है। उद्योग की लाभप्रदता जरूरी है, लेकिन टिकाऊ वृद्धि के लिए ग्राहकों की खरीद क्षमता भी बनाए रखनी होगी। बाजार की असली मजबूती तभी होगी, जब परिवार रोजमर्रा का सामान खरीदने के लिए अपनी किसी दूसरी जरूरत में लगातार कटौती करने को मजबूर न हो।

(लेखक वरिष्ठ बैंकिंग एवं आर्थिक स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

समत्वं योग उच्यते



संकलित
दर्शन

जिस मनुष्य का जीवन योगयुक्त है, उसे जीवन चलाने के कर्म बंधन में बांधने वाले नहीं होते। जैसे कमल कीचड़ में रहकर भी कमल ही रहता है। युक्त और अयुक्त का अर्थ योगयुक्त और योगअयुक्त से है अर्थात योग है समत्व बुद्धि। 'समत्वं योग उच्यते'। समत्व बुद्धि से तात्पर्य सोच-विचार कर किए गए कर्म को योगयुक्त कर्म कहते हैं। समत्व बुद्धि से अर्थ सुख-दुख, विजय-पराजय, हर्ष-शोक, मान-अपमान इत्यादि द्वंद्वों में विचलित हुए बिना एक समान शांत चित्त रहे- वही कर्मयोगी कहलाता है। स्थितप्रज्ञ -जिस काल में यह पुरुष मन में स्थित संपूर्ण कामनाओं को त्याग देता है, उस काल में आत्मा से ही आत्मा में संतुष्ट हुआ, जैसे जहाज को चलाने वाले के पास ठीक दिशा बताने वाला कम्पास या यंत्र होना चाहिए, उसी तरह श्रेष्ठ जीवन जीने के तथा मोक्ष के अभिलाषी व्यक्ति के पास 'योग' होना चाहिए। योग नहीं तो जीवन दिशाहीन है। यही बात कृष्ण ने गीता में स्थितप्रज्ञ के विषय में कही है। बुद्धि को निर्मल और तीव्र करने के लिए योग ही एक मात्र साधन है। योग स्थित व्यक्ति साधारण मनुष्यों से विलक्षण देखने लगता है। जिस व्यक्ति के भीतर जीवन में सत्य की किरणें फैल जाती हैं, सत्य का सूर्य जगता है और जिसकी आंतरिक चेतना जागृति को, पूर्ण जागृति को उपलब्ध हो जाती है, उसका जीवन स्पांटेनियस हो जाता है, सहज हो जाता है, सहज-स्फूर्त हो जाता है। उसके जीवन में किसी ढांचे को खोजना मुश्किल है। उसके जीवन में कोई बंधी-बंधाई रेखाएं नहीं होतीं।

श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद करता है



संकलित
प्रेरणा

महर्षि वेदव्यास ने एक कीड़े को तेजी से भागते हुए देखा। उन्होंने उससे पूछा- हे क्षुद्र जंतु, तुम इतनी तेजी से कहां जा रहे हो? उनके प्रश्न ने कीड़े को चोट पहुंचाई और वह बोला- हे महर्षि, आप तो इतने ज्ञानी हैं। यहां क्षुद्र कौन है और महान कौन? क्या इस प्रश्न और उसके उत्तर की सही-सही परिभाषा संभव है? कीड़े की बात ने महर्षि को निरुत्तर कर दिया। फिर भी उन्होंने उससे पूछा- अच्छा यह बताओ कि तुम इतनी तेजी से कहाँ जा रहे हो? कीड़े ने कहा- मैं तो अपनी जान बचाने के लिए भाग रहा हूं। देख नहीं रहे, पीछे से कितनी तेजी से बैलगाड़ी चली आ रही है। कीड़े के उत्तर ने महर्षि को चौंकाया। वे बोले, तुम तो इस कीट योनि में पड़े हो। यदि मर गए तो तुम्हें दूसरा और बेहतर शरीर मिलेगा। इस पर कीड़ा बोला- महर्षि, मैं तो इस कीट योनि में रहकर कीड़े का आचरण कर रहा हूं, परंतु ऐसे प्राणी असंख्य हैं, जिन्हें विधाता ने शरीर तो मनुष्य का दिया है, पर वे मुझसे भी गया-गुजरा आचरण कर रहे हैं। कीड़े की बातों में महर्षि को सत्यता नजर आई। वे सोचने लगे कि वाकई जो मानव जीवन पाकर भी देहासक्ति और अहंकार से बंधा है, जो ज्ञान पाने की क्षमता पाकर भी ज्ञान से विमुख है, वह कीड़े से भी बदतर है। महर्षि ने कीड़े से कहा- नन्हें जीव, चलो हम तुम्हारी सहायता कर देते हैं। कीड़ा बोला- किंतु मुनिवर श्रमरहित पराश्रित जीवन विकास के द्वार बंद कर देता है। कीड़े के कथन ने महर्षि को ज्ञान का नया संदेश दिया।

सारा संसार



अगर आप द्वारकादीश मंदिर जा रहे हैं, तो यहां के इस्कॉन मंदिर के दर्शन भी जरूर करें। भगवान कृष्ण और देवी राधा की आवास मूर्तियों को समृद्ध परिधानों में लिपटा हुआ और फूलों से अलंकृत किया गया, यह पूरी तरह से पत्थर से निर्मित मंदिर है। इसकी भव्यता देखते ही बनती है।

मन का मौन
डॉ. बलवीर आचार्य



अभ्यास और वैराग्य का पथ

मानसिक एकाग्रता, आत्मिक शान्ति तथा अन्तर्मुखी जीवन के लिए मन का मौन अत्यन्त आवश्यक है। सामान्यतः मौन का अर्थ केवल वाणी का संयम समझा जाता है, किन्तु योग और अध्यात्म की दृष्टि से वास्तविक मौन मन की चंचल वृत्तियों का शान्त होना है। मुख से शब्दों के उच्चारण को रोक देना अपेक्षाकृत सरल है, परन्तु मन में निरन्तर उठने वाले विचारों, कल्पनाओं और संकल्प-विकल्पों के प्रवाह को नियंत्रित करना एक गम्भीर साधना का विषय है। मन की चंचलता और नियन्त्रण का उपाय : मन स्वभाव से ही चंचल, प्रमाथी और बलवान है। इसी यथार्थ को स्वीकार करते हुए अर्जुन ने श्रीकृष्णा से कहा था कि मन को वश में करना वायु को रोकने के समान कठिन है। इसके उत्तर में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं कि मन निस्सन्देह चंचल है, किन्तु 'अभ्यास' और 'वैराग्य' के द्वारा इसे नियंत्रित किया जा सकता है (गीता 6.35)। आगे वे स्पष्ट करते हैं कि असंयमित मन वाले व्यक्ति के लिए मानसिक शान्ति प्राप्त करना कठिन है, किन्तु जिसने अपने मन को साध लिया है, वह निरन्तर पुरुषार्थ द्वारा उसे अवश्य प्राप्त कर लेता है (गीता 6.36)। महर्षि पतञ्जलि ने भी योगदर्शन में इसी सत्य का प्रतिपादन किया है। समाधि पाद के सूत्र 1.12 में वे कहते हैं- 'अभ्यासवैराग्याभ्यां तन्निरोधः' अर्थात मन के व्यापार का निरोध अभ्यास और वैराग्य से ही सम्भव है। निरन्तर सजगता, ध्यान और आत्मनिरीक्षण का अभ्यास मन को स्थिरता प्रदान करता है, जबकि विषयों के प्रति अनासक्ति और मोह का क्षय वैराग्य को विकसित करता है। इन दोनों के समन्वय से मन का कोलाहल शान्त होने लगता है और साधक आन्तरिक मौन का अनुभव करता है। आन्तरिक मौन और साक्षीभाव : मन का मौन विचारों के पूर्ण अभाव का नाम नहीं है, अपितु विचारों से असंग (अलिप्त) रहने की क्षमता का नाम है। इस अवस्था में साधक अपने भीतर उठने वाली मानसिक तरंगों का केवल साक्षी बना रहता है; वह उन्हें देखता है, किन्तु उनसे अपना तादात्म्य (जुड़ाव) स्थापित नहीं करता। यही साक्षीभाव मानसिक सन्तुलन, भावनात्मक परिपक्वता और आत्मिक प्रसन्नता का मूल आधार बनता है। वास्तव में मन ही हमारी इंद्रियों और कर्मों का नियामक है। मन की स्थिति के अनुसार ही व्यक्ति का व्यवहार, निर्णय और जीवन-दृष्टि निर्मित होती है। जब मन वासनाओं, राग-द्वेष और असंख्य इच्छाओं से व्याकुल रहता है, तब जीवन में तनाव, अशान्ति और असन्तोष बढ़ते हैं। इसके विपरीत, जब मन अभ्यास और वैराग्य के द्वारा संयमित हो जाता है, तब भीतर स्थिरता, विवेक और सहज आनन्द का उदय होता है। मन के मौन की अनिवार्यता- आज के यांत्रिक और तनावपूर्ण जीवन में मन का मौन केवल एक आध्यात्मिक आवश्यकता ही नहीं, अपितु मानसिक स्वास्थ्य की भी अनिवार्य शर्त है। ध्यान, जप, स्वाध्याय तथा आत्मचिन्तन के माध्यम से मन क्रमशः बाह्य आकर्षणों से हटकर अपने मूल स्वरूप की ओर उन्मुख होता है। यह स्थिति व्यक्ति को संसार के परिवर्तनशील अनुभवों के मध्य भी आन्तरिक सन्तुलन बनाए रखने की अपार शक्ति प्रदान करती है। अतः मन का मौन संसार से कोई पलायन नहीं, अपितु आत्मचेतना की एक उच्च अवस्था है। गीता के अनुसार यह अभ्यास और वैराग्य से प्राप्त होता है तथा योगदर्शन के अनुसार यही मन की शान्ति का सच्चा मार्ग है। जब मन की अशान्त तरंगें शान्त होने लगती हैं, तब साधक अपने वास्तविक स्वरूप का अनुभव करता है और स्थायी शान्ति, आनन्द तथा आध्यात्मिक उत्कर्ष की दिशा में निरन्तर अग्रसर होता है।

(लेखक महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय रोहतक में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

सटाका



आज की पाती

रोजगार के लिए हर पहलू पर ध्यान दें सरकारें

सरकार ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और पढ़ाई के साथ-साथ इनके कौशल विकास के लिए भी एक नई योजना इंटर्नशिप शुरू की है। इसके लिए सरकार ने कुछ बड़ी कंपनियों को इसके दायरे में लाने का भी प्रयास किया है। इन कंपनियों में विद्यार्थियों को अपने कैरियर को संवारने की राह मिलेगी। इसके लिए सरकार अपनी तरफ से खर्च भी करेगी अर्थात जो विद्यार्थी इस योजना को अपनाते हैं, उनकी आर्थिक मदद भी करेगी और विद्यार्थी कंपनी के काम को सीखेंगे, ऐसा करके या तो अपना कोई बिजनेस कर सकेंगे या कंपनी में नौकरी आसानी से पा सकेंगे। यह योजना तभी कामयाब होगी जब कंपनियां इस योजना को सही तरीके से अमल में लाएंगी। रोजगार के लिए हर पहलू पर ध्यान देने की जरूरत है। -रेहान, रोहतक

ट्रेंड

अभद्र टिप्पणी



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज पटना में मोदी जी के पिता के बारे में अभद्र टिप्पणी करके मर्यादा की सारी हदें पार कर दी हैं। यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस पार्टी ने मोदी जी या उनके परिवार के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया है। -अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

वोट चुराए जा रहे



हमारे वोट चुराए जा रहे हैं, और हम किसी भी हाल में इसे चुपचाप बर्दाश्त नहीं करेंगे। वोटर लिस्ट से नाम हटा दिए गए हैं। नियमों और कानूनों को तोड़ा गया है। और सवाल पूछने वालों पर लाठियां चलाई गई हैं। अब देश इसका जवाब देगा।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

भ्रष्टाचार का मामला



यूपी के नगर निकाय के उच्च अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया जाना चाहिए, क्योंकि कुछ लोग बिना पैसे जमा किए खुलेआम पोस्टर लगवा रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है- यह या तो भ्रष्टाचार का मामला है या फिर प्रशासन के दबाव का।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

कांग्रेस की बढ़ती हताशा



कांग्रेस पार्टी की प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रति नफरत सभी को पता है। इसी नफरत भरी मानसिकता को आगे बढ़ाते हुए, कांग्रेस अध्यक्ष खड़के जी ने प्रधानमंत्री के दिवंगत पिता के बारे में जो अभद्र टिप्पणी की है, वह कांग्रेस की बढ़ती हताशा को दर्शाती है।
- धर्मेन्द्र प्रधान, सांसद, बीजेपी

करंट अफेयर

पाक ने ईरान से सटे प्रमुख सीमा मार्ग को फिर खोला

पाकिस्तान ने द्विपक्षीय व्यापार और सीमा पार आवाजाही फिर से शुरू करने के लिए ईरान से सटा एक प्रमुख सीमा मार्ग खोल दिया है। सीमा के एक सप्ताह तक मार्ग बंद रहने के कारण मालवाहक वाहन फंसे हुए थे, आपूर्ति बाधित हो गई थी और सर्दियों की शुरुआत से पहले एलपीजी की कमी की आशंका बढ़ गई थी। खबर के अनुसार, बलूचिस्तान प्रांत के ग्वादर जिले में गब्द-रिमदान सीमा मार्ग पर शनिवार को व्यापारिक गतिविधियां फिर शुरू हो गईं और सीमा अधिकारियों ने 16 अक्टूबर या उससे पहले की तारीख के माल भेजने संबंधी दस्तावेजों के साथ आने वाली वाणिज्यिक खेपों को सीमा पार करने की अनुमति दी है। ग्वादर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष मीर नवीद जान कलमाती ने पुष्टि की कि 'गेट 250' के नाम से भी जाने जाने वाले इस सीमा मार्ग को फिर से खोल दिया गया है। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान ने गब्द-रिमदान में ईरान के साथ अपनी सीमा खोल दी है और सामान से लदे ट्रकों तथा अन्य वाहनों को दोनों देशों के बीच आवाजाही की अनुमति दे दी है।' उन्होंने इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि सीमा पार व्यापार बहाल होने से दोनों ओर फंसे व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों को तत्काल राहत मिलेगी।



ऑफ बीट

अकेलापन समझने के तरीके को बदल देता है

अगर कोई एक चीज़ है जो इंसानों के रूप में हम सब में एक जैसी है, तो वह यह है कि हममें से अधिकांश ने कभी न कभी अकेलापन महसूस किया है। लेकिन क्या सामाजिक रूप से अलग-थलग महसूस करने से होने वाला दर्द इंसान होने का एक हिस्सा है? जब हम अकेलापन महसूस करते हैं तो दुनिया इतनी अलग क्यों लगती है? हाल के शोध ने कुछ उत्तर देना शुरू कर दिया है। और यह पता चला है कि अकेलापन आपकी धारणा और संज्ञान को प्रभावित कर सकता है। अध्ययनों ने अकेलेपन से जुड़े मस्तिष्क क्षेत्रों में अंतर की पहचान की है। अकेले युवा वयस्कों में, सामाजिक अनुभूति और सहानुभूति से संबंधित मस्तिष्क के क्षेत्रों में कम घना सफेद पदार्थ (तंत्रिका तंतुओं का एक बड़ा नेटवर्क जो आपके मस्तिष्क के विभिन्न क्षेत्रों के बीच सूचना और संचार के आदान-प्रदान का काम करता है) होता है। लेकिन अकेले वृद्ध वयस्कों में, संज्ञानात्मक प्रसंस्करण और भावनात्मक विनियमन के लिए महत्वपूर्ण मस्तिष्क क्षेत्र वास्तव में मात्रा में छोटे होते हैं। एक हालिया अध्ययन में पाया गया कि अकेले लोगों का दिमाग दुनिया को अजीब तरीके से संसाधित करता है।



अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

स्वदेशी वस्तुओं के इस्तेमाल से मजबूत होगी देश की अर्थव्यवस्था : डॉ. बकुल लाड

एमवीएम परिसर में 11 दिवसीय स्वदेशी मेले का किया जा रहा है आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अपने देश में बने उत्पादों को खरीदना चाहिए, ताकि देश का पैसा देश में ही रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी उद्देश्य से 'वोकल फॉर लोकल' का नारा दिया है, जिससे लोग स्थानीय उत्पादों का इस्तेमाल करें और देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो। यह बात स्वदेशी मेले के तीसरे दिन अतिथि डॉ. बकुल लाड ने कही।

राजधानी के शासकीय मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय परिसर में स्वदेशी जागरण मंच और स्वर्णिम भारतवर्ष फाउंडेशन की ओर से 11 दिवसीय स्वदेशी मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत कथक नृत्य, बांसुरी और तबला वादन तथा आराधना ग्रुप की ओर से सुगम संगीत की प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में मेला संयोजक सतीश विश्वकर्मा, स्वदेशी जागरण मंच के मध्य क्षेत्र संयोजक सुधीर दाते, स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत संयोजक श्रीकांत बुधौलिया, स्वदेशी जागरण मंच मध्यभारत प्रांत महिला कार्य प्रमुख एवं मेले के सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिता संयोजक सीमा भारद्वाज, मेला सह संयोजक दीपक वर्मा, रमन तिवारी और विनय कुमार सोनी भी मौजूद रहे।



स्वदेशी मेले में मंच पर उपस्थित अतिथि।


नगर निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी का सम्मान करतीं स्वदेशी जागरण मंच की मध्य भारत प्रांत प्रमुख सीमा भारद्वाज।

स्वदेशी को आचरण में उतारने की जरूरत : किशन सूर्यवंशी

कार्यक्रम के अतिथि किशन सूर्यवंशी ने कहा कि बचपन से हम सुनते आए हैं कि भारत सोने की चिड़िया था और अंग्रेज यहां से धन लूटकर ले गए। उस समय भारत में बनने वाले उत्पादों की गुणवत्ता अच्छी थी और भारतीय वस्तुएं विश्वभर में प्रसिद्ध थीं। भारत आत्मनिर्भर था, लेकिन बाद में विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) जैसी संस्थाओं के आने और विदेशी वस्तुओं के प्रति आकर्षण बढ़ने से स्वदेशी उत्पादों के इस्तेमाल में कमी आई। सूर्यवंशी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी और स्थानीय उत्पादों का इस्तेमाल करना होगा। इन उत्पादों का निर्यात भी बढ़ाना चाहिए। केवल स्वदेशी की बात करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि अपने आचरण में भी इसे अपनाना होगा।

राजनीतिक मजबूती के साथ आर्थिक मजबूती भी जरूरी : संजय नागेश

अतिथि संजय नागेश ने कहा कि वर्ष 1989-90 का समय भारतीय राजनीति और अर्थव्यवस्था के लिहाज से महत्वपूर्ण मोड़ था। उस दौर में विश्व व्यापार संगठन जैसी संस्थाओं के गठन और देश में उदारीकरण की प्रक्रिया के बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने स्वदेशी के विचार को आगे बढ़ाने के लिए मंच तैयार किए। राजनीतिक मजबूती के साथ आर्थिक मजबूती भी जरूरी है।

स्वदेशी मेले में प्रतियोगिता का आयोजन, 30 बच्चों ने लिया हिस्सा

स्वदेशी मेले के दूसरे दिन रविवार को पर्यावरण विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में तीन आयु वर्गों के 30 बच्चों ने हिस्सा लिया। निर्णायक समिति ने प्रत्येक आयु वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान के विजेताओं का चयन किया। 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग में श्रीजता शाह ने प्रथम, तनिष्क मंगेल ने द्वितीय और नक्षत्रा गौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी तरह 11 से 16 वर्ष आयु वर्ग में कनक सक्सेना प्रथम, मानव लांगर द्वितीय और मुस्कान सरोरिया तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं, 17 से 25 वर्ष आयु वर्ग में दीपशिखा मिश्रा ने प्रथम, अंशु तिवारी ने द्वितीय और ऋचा द्विवेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों आयु वर्गों में राज यादव, मोहिनी चौधरी और पूर्णिमा अहिरवार को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। प्रतियोगिता में शामिल सभी 30 प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए।



सांस्कृतिक प्रस्तुति देते बाल कलाकार।

आज के कार्यक्रम और अतिथि

स्वदेशी मेले में सोमवार को भारत के लोक नृत्य दर्शन, देशभक्ति गीत और भजन संध्या के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में भाजपा के मध्य प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल और अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत प्रांत मंत्री अतिथि के रूप में शामिल होंगे।


स्वदेशी मेले में सांस्कृतिक प्रस्तुति देखते सूर्यवंशी व अतिथि।

प्राचार्य रेखा को मिला 'विजनरी लीडर ऑफ द ईयर' सम्मान



भोपाल। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता, नवाचार और दूरदर्शी नेतृत्व की मिसाल प्रस्तुत करते हुए, माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्य प्रदेश द्वारा संचालित मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल, टीटी नगर, भोपाल ने एजुकेशनवर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग में लगातार तीसरी बार प्रथम स्थान कायम रखते हुए सफलता की शानदार हैट्रिक बनाई है। विद्यालय की यह निरंतर उपलब्धि शासकीय विद्यालयों के बीच उसकी विशिष्ट पहचान और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। प्राचार्य रेखा शर्मा ने इस उपलब्धि पर विद्यालय के समस्त शिक्षकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा माध्यमिक शिक्षा मंडल के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया।

शरद पूर्णिमा पर भजन-कीर्तन से गुंजायमान हुए राजधानी के घर-मंदिर

दूधिया चांदनी में खीर का भोग, फूलों से सजी नाव में निकले राधा-कृष्ण और शिव-पार्वती

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शरद पूर्णिमा पर रविवार रात राजधानी के मंदिरों में भक्ति और उत्सव का माहौल रहा। आसमान में चमकते चंद्रमा की दूधिया रोशनी के बीच श्रद्धालुओं ने खीर का भोग लगाया और प्रसाद ग्रहण किया। कहीं भजन-कीर्तन हुए तो कहीं भगवान के विशेष श्रृंगार और नौका विहार के आयोजन किए गए। मंदिरों में देर रात तक श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। मां चामुंडा दरबार के पुजारी रामजीवन दुबे ने बताया कि आश्विन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने स्नान, दान, व्रत और पूजन किया। व्रतधारी महिलाओं ने सात लड्डू बनाकर तुलसी पत्र के साथ भगवान कृष्ण को अर्पित किए।



फूलों से सजी नाव में भगवान ने किया नौका विहार

शीतलदास की बगिया में फूलों से सजी नाव पर राधा-कृष्ण का नौका विहार कराया गया। इससे पहले घोड़ा नक्कास स्थित राधा-कृष्ण मंदिर से आकर्षक चल समारोह निकाला गया। इसी तरह बड़वाले महादेव मंदिर समिति की ओर से भगवान वटेश्वर और मां भवानी को नौका विहार कराया गया। शीतलदास की बगिया सहित विभिन्न मंदिरों और घरों में महिलाओं ने भगवान लक्ष्मी-नारायण और शालिग्राम के साथ तुलसी माता का पूजन किया। मावा और शक्कर से बने लड्डुओं का भोग लगाया गया तथा तुलसी की परिक्रमा कर परिवार की सुख-शांति की कामना की।

साल में एक बार गर्भगृह से बाहर आए बांके बिहारी

तलैया स्थित बांके बिहारी मार्कंडेय मंदिर में शरदोत्सव का विशेष आकर्षण भगवान का गर्भगृह से बाहर आकर खीर का भोग ग्रहण करना रहा। मान्यता के अनुसार, शरद पूर्णिमा पर साल में एक बार भगवान बांके बिहारी गर्भगृह से बाहर आते हैं।

चंद्रमा की किरणों में रखी खीर

शरद पूर्णिमा पर खुले आसमान के नीचे खीर रखने की परंपरा भी निभाई गई। मान्यता है कि इस रात चंद्रमा अपनी सोलह कलाओं से युक्त होकर अमृत वर्षा करता है।

इन मंदिरों में भी हुए आयोजन

शहर के गुप्ता मंदिर, बिरला मंदिर, साईंबाबा मंदिर शास्त्री नगर, माता मंदिर, भवानी शिव मंदिर हबीबगंज, बांके बिहारी मंदिर मारवाड़ी रोड, श्रीकृष्ण प्रणामी मंदिर, परशुराम मंदिर और साईं मंदिर 1100 क्वार्टर सहित कई अन्य मंदिरों में शरद पूर्णिमा पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बीमारी से जागरुकता का दिया संदेश

कैंसर जागरुकता के लिए एम्स में हुआ 'रन फॉर लाइफ' कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम्स के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग ने अन्य विभागों के सहयोग से कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समय पर जांच एवं उपचार का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के लिए 'रन फॉर लाइफ-रन अगेंस्ट कैंसर' का आयोजन किया। मुख्य अतिथि डॉ. माधवानंद कर कार्यपालक निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, एम्स दरभंगा ने कैंसर की शीघ्र पहचान, समय पर उपचार, नियमित शारीरिक व्यायाम और कैंसर मरीजों के प्रति संवेदनशीलता के महत्व पर जोर दिया। संदेश जैन, उप निदेशक ने स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। प्रतिभागियों की आयु और क्षमता के अनुसार तीन श्रेणियां निर्धारित की गई। जिसमें बुजुर्गों, बच्चों, मरीजों और कैंसर से उबर चुके लोगों के लिए एक किमी की ग्रीन वॉक, संकाय सदस्यों, कर्मचारियों, उनके परिजनों और आम नागरिकों के लिए तीन किलोमीटर की फन रन/वॉक तथा धावकों एवं फिटनेस प्रेमियों के लिए पांच किमी की ग्रीन रन का आयोजन किया गया। दौड़ से पूर्व प्रतिभागियों ने डॉ. मुद्दा सोफिया के मार्गदर्शन में योग सत्र में भाग लिया, जिसके पश्चात शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने हेतु मोना दांगी और जसविंदर कौर द्वारा सामूहिक जुम्बा सत्र का संचालन किया गया।

नारायण मिशन के 60 वर्ष होने पर आयोजन

एक प्रार्थना, एक मानवता के लिए हुआ दैवदशकम पाठ



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्री नारायण मिशन के 60 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में गोविंदपुरा स्थित श्री नारायण नगर के श्री नारायण गुरु मंदिर में वैश्विक दैवदशकम पाठ का आयोजन किया गया। श्री नारायण फोरम फॉर यूनिवर्सल ब्रदरहुड, जर्मनी की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में भोपाल मिशन के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। मिशन के अध्यक्ष प्रकाशन एस. ने बताया कि शाम 7:15 बजे विश्वभर के श्रद्धालुओं के साथ सामूहिक रूप से दैवदशकम का पाठ किया गया। इसका उद्देश्य श्री नारायण गुरुदेव के शांति, एकता, बंधुत्व और मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना था। कार्यक्रम की शुरुआत श्यामला सोमन के परिचय और दीप प्रज्वलन से हुई। आध्यात्मिक प्रवचन में एम.एन. सदानंदन, जी.आर. गोपीनाथन पिल्लई, अनिल नायर, डॉ. एस.ए. पिल्लई और अधिवक्ता सजीव कुमार ने विचार रखे।

श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति की गई आरंभ

सीएम मप्र स्थापना दिवस पर बच्चों को प्रदान करेंगे छात्रवृत्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सीएम मप्र स्थापना दिवस पर प्रदेश के 102 छात्र-छात्राओं को भगवान श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति प्रदान करेंगे। प्रत्येक विजेता को राशि एक लाख की छात्रवृत्ति एवं प्रमाण पत्र दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण मेधावी छात्रवृत्ति योजना भगवान श्रीकृष्ण के जीवन-दर्शन, व्यक्तित्व, भारतीय ज्ञान परंपरा, संस्कृति, शिक्षा और जीवन-मूल्यों से भावी पीढ़ी को जोड़ने के उद्देश्य से आरंभ की गयी है। सीएम ने सभी 102 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों की प्रतिभा, परिश्रम और ज्ञान के प्रति समर्पण विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा।

खंडवा जिले के सर्वाधिक 6 विद्यार्थी विजेता बने

जिलावार चयन में खंडवा जिले के सर्वाधिक 6 विद्यार्थी विजेता बने हैं। अशोकनगर, बड़वानी, नर्मदापुरम, सिवनी, सिंगरौली और उमरिया से 4-4 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। वहीं, बुरहानपुर, छतरपुर, गुना, झाबुआ, कटनी, मऊगंज, सागर, सतना, श्योपुर और उज्जैन से 3-3 विद्यार्थी चयनित हुए हैं। मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार एवं श्रीकृष्ण पाथेय न्यास के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्रीराम तिवारी ने कहा कि योजना के तहत प्रतियोगिता का ऑनलाइन आयोजन 11 अगस्त से 30 सितंबर की अवधि तक किया गया है। प्रतियोगिता में कुल 63 हजार 736 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 58 हजार 099 प्रतिभागियों ने प्रश्नपत्र हल किया।

संत रावतपुरा सरकार का रहेगा सानिध्य

आज होगा मां राजराजेश्वरी हरिद्रा कोटि कुंकुमार्चन महानुष्ठान



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की मंगल कामना के लिए सोमवार को लाल परेड ग्राउंड में संत रावतपुरा सरकार महाराज के सानिध्य में मां राजराजेश्वरी हरिद्रा कोटि कुंकुमार्चन महानुष्ठान होगा। शाम 7 बजे से होने वाले इस अनुष्ठान में करीब 2 से ढाई घंटे का समय लगेगा। इस आयोजन में करीब 50 हजार भक्त एक साथ बैठकर मां का एक करोड़ अर्चन करेंगे।

अर्चन-पूजन की पूरी सामग्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट की ओर से दी जाएगी। श्रद्धालुओं शाम 5.30 बजे तक मैदान पहुंचकर स्थान ग्रहण करना अनिवार्य है। यह अनुष्ठान युवाओं में आध्यात्मिक चेतना जगाने, जीवन में सही लक्ष्य प्राप्त करने और मानसिक शांति देने में सहायक सिद्ध होगा।



गोंडी भाषा, सामाजिक एकता पर जोर

जनजातीय संस्कृति और परंपराओं को सहेजने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सगा सग्गुम आदिम सामाजिक संस्था, भोपाल की ओर से जंगो लिंगो एवं लाठी गोंगों पुनेम पाबून और सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया। इसमें जनजातीय समाज की संस्कृति, परंपराओं और रीति-रिवाजों के संरक्षण पर जोर दिया गया। इसमें समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं, महिलाओं ने भाग लिया। समारोह के मुख्य अतिथि विविध भारती आकाशवाणी के कार्यक्रम निदेशक तिरुमाल आनंद सिंह उददे रहे। अध्यक्षता संस्था के अध्यक्ष तिरुमाल अजीत सिंह तेकाम ने की। इसके साथ ही लोगों को संवैधानिक अधिकारों और सरकारी योजनाओं की जानकारी देने तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के लिए काम करने की रूपरेखा भी साझा की। कार्यक्रम में जनजातीय व्यंजनों और पारंपरिक कला से जुड़े स्टॉल आकर्षण का केंद्र रहे।

आईएमए के चिकित्सा एमपीकॉन में मिला सम्मान

डॉ. बीसी रॉय ओरेशन अवॉर्ड से सम्मानित हुई जीएमसी की डीन डॉ. कविता



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) की डीन डॉ. कविता एन. सिंह को भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) के 68वें चिकित्सा सम्मेलन एमपीकॉन में डॉ. बीसी रॉय ओरशन अवार्ड से सम्मानित किया गया। सागर में आयोजित सम्मेलन में उन्हें चिकित्सा शिक्षा, स्त्री एवं प्रसूति रोग चिकित्सा, अनुसंधान और अकादमिक क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। डॉ. कविता एन. सिंह ने स्त्री एवं प्रसूति रोग विज्ञान, विशेषकर ऑन्को-गायनेकोलॉजी के साथ-साथ स्नातक एवं स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वह चिकित्सा विद्यार्थियों और चिकित्सकों को व्यावसायिक आचरण, चिकित्सा नैतिकता, प्रभावी संवाद तथा बेहतर नैदानिक अभ्यास के लिए प्रेरित और मार्गदर्शित करती हैं। यह सम्मान गांधी चिकित्सा महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय है और चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान तथा गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

निगमायुक्त अहिरवार के निर्देश पर सुबह 6 बजे से मैदान में उतरा अमला

वायु गुणवत्ता सुधारने सफाई अभियान: 1000 सफाई मित्रों, 10 मशीनों से की सफाई, बैनर-पोस्टर भी हटाए



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में वायु गुणवत्ता सुधारने और धूल-मिट्टी कम करने के लिए नगर निगम ने रविवार को विशेष सफाई अभियान चलाया। निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देश पर सुबह 6 बजे से शुरू हुए अभियान में करीब 1000 सफाई मित्रों और 10 रोड स्वीपिंग मशीनों की मदद ली गई। फॉगर और जेट स्प्रे मशीनों से पानी का छिड़काव कर सड़कों, फुटपाथों और फ्लाईओवर की सफाई की गई।अभियान के तहत चेतक ब्रिज, सुभाष नगर फ्लाईओवर, जीएडी फ्लाईओवर, वीर सावरकर सेतु, बावड़िया फ्लाईओवर, लालघाटी और एयरपोर्ट फ्लाईओवर सहित शहर के प्रमुख मार्गों और पुलों पर सफाई कराई गई। इसके अलावा भानपुर ब्रिज, राजा भोज सेतु, रानी कमलापति ब्रिज और भारत टॉकीज रेलवे स्टेशन ब्रिज पर भी धूल-मिट्टी हटाने के लिए पानी का छिड़काव किया गया।

निगम के सफाई कर्मचारियों ने कचरा हटाकर पहुंचाया निष्पादन स्थल



फुटपाथ, डिवाइडर, सेंट्रल वर्ज, साइड वर्ज और रोटरी की सफाई की। वहीं, अन्य कर्मचारियों ने अपने निर्धारित क्षेत्रों में झाड़ू और दूसरे औजारों की मदद से कचरा व गंदगी हटाई। सफाई के दौरान निकली धूल-मिट्टी और कचरे को तुरंत उठाकर निष्पादन स्थल तक पहुंचाया गया।

सार्वजनिक स्थलों से हटाए बैनर-पोस्टर

अभियान के दौरान सार्वजनिक स्थलों, फ्लाईओवर, पुलों और बिजली के खंभों पर लगाए गए बैनर, पोस्टर, पंपलेट और अन्य प्रचार सामग्री भी हटाई गई। निगम की इस कार्रवाई का उद्देश्य शहर को साफ रखने के साथ धूल-मिट्टी पर नियंत्रण करना और वायु गुणवत्ता में सुधार के प्रयासों को गति देना है।

खबर संक्षेप



प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान आयोजित

औबेदुल्लागंज। मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था आंबेडकर बुद्धिस्ट चैरिटेबल सोसाइटी द्वारा पत्रकार भवन में सेक्टर स्तरीय प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिषद की जिला समन्वयक रायसेन प्रिया चौधरी मुख्य अतिथि रहीं। सुजीत यादव एवं रामकिशोर नंदवंशी ने मुख्य वक्ता रहे। मुख्य अतिथियों एवं वक्ताओं ने सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने, जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में ब्लॉक समन्वयक निशा वाहेकर, संस्था के अध्यक्ष सुनील सेरिया, सचिव अनिल झागरे, बृजेश बामनिया, लक्ष्मी नारायण प्रजापति, राजा राम, शंकर पाल, रज्जन नागर, सूरज सागर, डॉ. विजय मालवीय, कृष्ण गोपाल वैष्णव, भूपेंद्र मेहरा, रूपेश चौहान, मेहनाज निहाल प्रियंका गौर, ललिता सहित समितियों सदस्यों ने सहभागिता की।

महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

भोपाल। छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शंकर नगर उड़िया बस्ती में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसकी लाश बिस्तर पर जली हुई अवस्था में मिली है। सूचना पर पहुंची पुलिस में मर्ग कायम कर लाश पीएम के लिए मर्चुरी भेज दी है। पुलिस के अनुसार रानीपंथी पति संजीव और सत्येंद्र पंथी (30) मूलतः करीला, जिला रायसेन की रहने वाली थी। रानी पंथी यहां अकेली रहती थी। रविवार रात करीब 8:30 बजे आसपास के लोगों ने रानी की झुग्गी से धुआं उठता हुआ देखा था।

डॉ. नागर ने सुना मन की बात कार्यक्रम



औबेदुल्लागंज। भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेन्द्र नागर ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' के 139वें संस्करण का बूथ 136 पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के साथ श्रवण किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष डॉ. नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी विचारों को सुनकर राष्ट्रसेवा, जनसेवा एवं संगठन के प्रति अपने संकल्प को और मजबूत करने का अवसर मिला। 'मन की बात' कार्यक्रम देशवासियों को राष्ट्रहित में कार्य करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने प्रधानमंत्री के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और संगठन को मजबूत बनाने तथा जनसेवा के कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। राष्ट्रसेवा, जनसेवा और संगठन के प्रति समर्पण यही 'मन की बात' से मिला प्रेरणादायी संदेश रहा।

हीलिंग फॉर वर्ल्ड पीस 2.0 का आयोजन

मन की शांति से विश्व शांति की ओर एक सामूहिक प्रयास की पहल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में हीलिंग फॉर वर्ल्ड पीस 2.0 का आयोजन किया गया। इस आध्यात्मिक एवं सामूहिक पहल का उद्देश्य व्यक्तिगत शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्म-जागरूकता के माध्यम से विश्व शांति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

कार्यक्रम की केंद्रीय थीम 'जीव-जगत-जगदीश्वर' रही, जिसने मानव, प्रकृति और परम चेतना के आपसी संबंध को समझने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम को एक विशिष्ट आध्यात्मिक अनुभव के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिसमें आधुनिक तकनीक और पारंपरिक आध्यात्मिक विधाओं का समन्वय देखने को मिला। 360-डिग्री इमर्सिव विजुअल अनुभव, हेडफोन-आधारित ऑडियो, योग, एनर्जी हीलिंग और कथा-जैमिंग जैसी गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों को ध्यान, आत्मचिंतन और आंतरिक शांति से जुड़ने का अवसर मिला।

व्यक्तिगत शांति, सकारात्मक ऊर्जा और आत्म-जागरूकता से विश्व शांति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना रहा उद्देश्य



विचार व व्यवहार में संतुलन आवश्यक

इस आयोजन में ऊर्जा गुरु आयुष गुप्ता, योगिनी आरविका गुप्ता और कथावाचिका पलक किशोरी ने अपनी उपस्थिति एवं प्रस्तुति से कार्यक्रम को विशेष बनाया। कार्यक्रम के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि विश्व शांति की शुरुआत प्रत्येक व्यक्ति के भीतर शांति स्थापित करने से होती है। जब व्यक्ति अपने विचारों, भावनाओं और व्यवहार में संतुलन विकसित करता है, तो उसका सकारात्मक प्रभाव परिवार, समाज और व्यापक मानव समुदाय तक पहुंच सकता है।

लोगों को शांति, ध्यान और आत्म-अन्वेषण के साझा उद्देश्य से जोड़ने का प्रयास

हीलिंग फॉर वर्ल्ड पीस 2.0 ने विभिन्न स्थानों और देशों से जुड़े प्रतिभागियों को शांति, ध्यान और आत्म-अन्वेषण के साझा उद्देश्य से जोड़ने का प्रयास किया। इस पहल ने सामूहिक प्रार्थना, सकारात्मक संकल्प और आध्यात्मिक जागरूकता की शक्ति को सामने रखा। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल एक आयोजन तक सीमित न रहकर विश्व शांति के संदेश को एक निरंतर जन-अभियान के रूप में आगे बढ़ाना है। आयोजकों की परिकल्पना भोपाल को ध्यान, आध्यात्मिकता, आत्म-अन्वेषण और विश्व शांति के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित करने की है। इस दिशा में ऐसे आयोजन लोगों को अपने भीतर झांकने, जीवन के प्रति अधिक सजग दृष्टिकोण अपनाने और समाज में सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। इस पहल को सफल बनाने में विभिन्न संस्थानों, संगठनों और सहयोगी भागीदारों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इनमें सेज यूनिवर्सिटी, मानसरोवर कॉलेज, एलएनसीटी, सागर ग्रुप, ताज लेकफ्रंट, सुकून-ए-भोपाल, वाइसलाइफ (वेलनेस पार्टनर), मप्र टूरिज्म, एमपी कल्चर डिपार्टमेंट, मीडिया स्क्वायर, जीएस स्टूडियो, अनंतम, अग्रवाल ज्वैलर्स और द फिथ वेदा सहित अन्य सहयोगी शामिल रहे।

सूर्यवंशी, अग्रवाल का माना आभार

आयोजकों ने कार्यक्रम के प्रति सहयोग और समर्थन के लिए दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड के सीएमडी एवं चेयरमैन दिलीप सूर्यवंशी तथा सेज यूनिवर्सिटी के संजीव अग्रवाल सहित सभी सहयोगियों, प्रतिभागियों और समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

पुलिस ने आरोपियों के पास से 12.63 ग्राम मादक पदार्थ बरामद किया

बाइक से एमडी ड्रग की तस्करी करते दो बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बाइक से एमडी ड्रग्स की तस्करी करने वाले दो युवकों को परवलिया पुलिस ने बायपास रोड पर घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 12.63 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब 1.50 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल बाइक और मोबाइल फोन भी जब्त किया है। जब्त सामान की कुल कीमत करीब तीन लाख रुपए आंकी गई है।

पुलिस के मुताबिक बीती रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक बाइक से एमडी ड्रग्स लेकर थाना क्षेत्र से गुजरने वाले हैं। सूचना के बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में पांच पुलिस टीमें बनाकर बायपास रोड पर घेराबंदी की गई। रात करीब 1:40 बजे पुलिस को बाइक पर सवार दो संदिग्ध युवक दिखाई दिए। दोनों ने भागने की कोशिश की, लेकिन पकड़े गए।

तस्करी में इस्तेमाल बाइक और मोबाइल फोन जब्त

जब्त सामान की कुल कीमत करीब तीन लाख रुपए आंकी गई



यह है ड्रग्स तस्कर

तलाशी में तरुण सराठे निवासी छावनी पठार बिलखिरिया के पास से 12.63 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली। उसके साथ बाइक पर सवार अखिलेश मेहरा निवासी छावनी पठार को भी गिरफ्तार किया गया। आरोपी तरुण के खिलाफ बिलखिरिया थाने में दो मामले दर्ज हैं।

जिले के सभी थाना क्षेत्रों में चलाया विशेष कॉम्बिंग गश्त और वाहन चेकिंग अभियान

91 पुलिसकर्मियों ने संभाला मोर्चा, 49 स्थाई और 51 गिरफ्तारी वारंट तामील

देहात पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए शनिवार-रविवार की दरमियानी रात जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष कॉम्बिंग गश्त और वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रमोद कुमार सोनकर के मार्गदर्शन में चलाए गए इस अभियान में 91 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान 49 स्थाई वारंट और 51 गिरफ्तारी वारंट तामील किए गए। अभियान के तहत फरार आरोपियों और वारंटियों की धरपकड़ के साथ गुंडा-बदमाशों एवं निगरानी बदमाशों की भी जांच की गई। पुलिस ने न्यायालयीन वारंटों के अलावा समंस की तामीली पर भी विशेष ध्यान दिया।

46 जमानती वारंट और 43 समंस तामील

कॉम्बिंग गश्त के दौरान पुलिस ने 49 स्थाई वारंट और 51 गिरफ्तारी वारंट तामील किए। इसके अलावा 46 जमानती वारंट और 43 समंस की तामीली भी की गई। पुलिस टीमों ने 37 गुंडा-बदमाशों और 25 निगरानी बदमाशों की चेकिंग की। संपत्ति संबंधी अपराधों के सिलसिले में भी एक स्थान पर जांच की गई।

मुगालिया कोट में वाहनों की चेकिंग

देर रात मुगालिया कोट में वाहन चेकिंग प्वाइंट बनाकर आने-जाने वाले वाहनों की जांच की गई। यहां पुलिस ने 13 दोपहिया और पांच चारपहिया वाहनों सहित 18 वाहनों को चेक किया। अभियान का उद्देश्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना था।

सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो

कोर्ट पेशी में पुलिस का आरोपी को वीआईपी ट्रीटमेंट, हिरासत में मुल्जिम ने पी सिगरेट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नशे से दूरी है जरूरी अभियान के बारे में और पुलिस का स्लोगन तो आपने सुना ही होगा, लेकिन पुलिस की मौजूदगी में जब कोर्ट पेशी के दौरान मुल्जिम सड़क पर हथकड़ी पहने खुलेआम सिगरेट पीता नजर आए तो पुलिस की जिम्मेदारी और काम पर साल खड़े हो जाते हैं। सोशल मीडिया पर 25 अक्टूबर को ऐसा ही एक वीडियो वायरल हुआ। वायरल वीडियो में एक मुल्जिम कोर्ट के बाहर सिगरेट पीता नजर आया है। उसके एक हाथ में हथकड़ी थी और दूसरे हाथ में सिगरेट थी। वीडियो में प्रधान आरक्षक पान की गुमठी पर पैसे देते हुए नजर आ रहा है।

जबकि महिला मुल्जिम से बातचीत करती हुई नजर आ रही है। मुल्जिम मोबाइल पर बातचीत कर रहा है। मुल्जिम के कोर्ट पेशी के दौरान मोबाइल पर बातचीत करने से पुलिस एक्ट की नियमों का उल्लंघन हुआ है। साथ ही मुल्जिम को कोर्ट पेशी के दौरान वीआईपी ट्रीटमेंट देने से पुलिस की छवि धूमिल हुई है। वायरल वीडियो आलाधिकारियों तक पहुंच गया है। बताया जाता जा रहा है हेड कांस्टेबल कमला नगर थाने के हैं और मुल्जिम भी वहीं का है।

युवक की हादसे में मौत परिजनों को 75 लाख 26 हजार का मुआवजा

भोपाल। सड़क दुर्घटना में बॉम्बे मर्केंटाइल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड में पदस्थ सै. मोहम्मद साजिद की मौत हो जाने के मामले में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश जयंत शर्मा के न्यायालय ने मृतक के परिजनों को 75 लाख 26 हजार 368 रुपए का मुआवजा मय 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा किए जाने के आदेश दुर्घटना करने मिनी ट्रक चालक, स्वामी और बीमा कंपनी यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड को दिए हैं। मृतक के परिजनों की ओर से आरके हिंगोरानी, सनी हिंगोरानी अधिवक्ता द्वारा दायर की गई याचिका की सुनवाई के बाद जिला न्यायालय ने यह आदेश पारित किए हैं।

नव भारत साक्षरता अभियान में बीस हजार नवसाक्षरों ने दी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नजीराबाद

उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान के अंतर्गत बैरसिया विकासखंड में बीस हजार नवसाक्षरों ने मूल्यांकन परीक्षा दी। परीक्षा का उद्देश्य नवसाक्षरों के पढ़ने-लिखने व बुनियादी शैक्षणिक ज्ञान का आकलन करना रहा।

जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी आरके यादव एवं बैरसिया बीआरसी आरके गुर्जर, बीएसी योगेश सक्सेना नजीराबाद संकुल प्राचार्य गजराज सिंह गुर्जर एवं विकासखंड सह-समन्वयक ब्रजेंद्र सिंह गुर्जर, नजीराबाद शंकुल धीरप लववंशी, रूनाह संकुल समन्वयक प्रेम नारायण सेन, नायसमंद शंकुल मेहरबान सिंह अहिरवार पदाधिकारियों ने नजीराबाद संकुल केंद्र के अंतर्गत स्कूलों ने आयोजित परीक्षा का अवलोकन किया। उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान का उद्देश्य निरक्षर व्यक्तियों को बुनियादी शिक्षा से जोड़ना तथा उन्हें पढ़ने-लिखने और दैनिक जीवन में आवश्यक गणना करने में सक्षम बनाना है। बैरसिया विकासखंड में बीस हजार नवसाक्षरों की सहभागिता अभियान के प्रति जागरूकता को दर्शाती है। परीक्षा अवलोकन के दौरान जनशिक्षक लक्ष्मण सिंह गुर्जर, मुकेश सेन, भारत सिंह गुर्जर, प्रेम नारायण सेन, सोरन सिंह राजपूत मौजूद रहे।

मिठी गोबिंदराम स्कूल ने मॉडल यूनाइटेड नेशंस में लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने सांकेतिका 8.0 एवं मॉडल यूनाइटेड नेशंस प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने कई पुरस्कार हासिल किए। संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में आयोजित सांकेतिका 8.0 में विद्यालय ने रस्साकशी, मुखरंग (फेस पेंटिंग) और विज्ञापन प्रस्तुति में प्रथम पुरस्कार, जबकि फैशन वॉक और वाद-विवाद में तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया।

प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं के आशीष प्रताप सिंह ने एआईपीपीएम में द्वितीय पुरस्कार के साथ सिल्वर मेडल जीता। निलेश मोटवानी (कक्षा 12वीं) और प्रसून पांडे (कक्षा 11वीं) को लोकसभा समिति में 'ऑनरेबल मेंशन' मिला। संस्थान के सचिव घनश्याम बूलचंदानी, प्राचार्या रेखा केवलानी एवं उपप्राचार्या दिव्या कृपलानी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए इसे उनकी मेहनत, टीमवर्क और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया। सांकेतिका की प्रभारी निर्मला तिवारी और एमयूएन की मार्गदर्शक मरियम रईस के योगदान की भी सराहना की गई।

बैरागढ़ में आज शहनाज अख्तर की प्रस्तुतियों से भक्तिमय होगा माहौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

संत हिरदाराम नगर में 26 अक्टूबर को श्री मारुति नंदन हिंदू संगठन की ओर से भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर आयोजक विकास कंसोले और रोहन सूर्यवंशी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आयोजन की जानकारी दी और श्रद्धालुओं से सोमवार रात्रि 8 बजे स्थानीय बसस्टैंड पर आयोजित इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर भक्ति संगीत का आनंद लेने की अपील की। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायिका शहनाज अख़्तर द्वारा भजन संध्या में भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजकों का उद्देश्य श्रद्धालुओं को भक्ति और आध्यात्मिकता से जोड़ना है। ताकि आज कल जो युवतियां भटक गई है, उसे सही रास्ता मिल सके।





कार्यक्रम में भजनों के माध्यम से भक्तिमय वातावरण निर्मित होगा। इस दौरान आयोजन से जुड़े पदाधिकारी जीतू कटारिया व रवि पटेरिया सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। आयोजकों ने बताया कि कार्यक्रम में श्रद्धालु सपरिवार शामिल होकर भजनों का आनंद ले सकते हैं। भजन संध्या को लेकर क्षेत्र के श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है। शहनाज अख़्तर भजनों की प्रस्तुति देंगी।

आम का पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

केंद्रीय मंत्री चौहान, विधायक पटवा ने आदिवासी परिवारों के त्याग और समर्पण को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं भोजपुर विधायक सुरेंद्र पटवा ने रविवार को नया नीलगढ़ में आम का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और प्रकृति के प्रति प्रेम का संदेश दिया।

नीलगढ़ के आदिवासी वन एवं वन्य प्राणियों के संरक्षण के उद्देश्य से अपना घर, गांव और जमीन छोड़कर नया नीलगढ़ में नए जीवन की शुरुआत कर रहे हैं। प्रकृति और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए उनका यह त्याग, समर्पण और योगदान समाज के लिए प्रेरणादायी है। उनके इसी संकल्प और प्रकृति के प्रति सम्मान को समर्पित करते हुए आम का पौधा रोपित किया गया व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



प्रेम और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प का प्रतीक बनेगा आम का पौधा

केंद्रीय मंत्री शिवराज ने कहा कि आज रोपा गया आम का पौधा आदिवासी परिवारों के नए जीवन, प्रकृति के प्रति उनके प्रेम और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प का प्रतीक बनेगा। कार्यक्रम में औबेदुल्लागंज भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, वरिष्ठ नेता नरेंद्र शर्मा, हरगोविंद वर्मा, जनपद सदस्य रूपेश चौहान, प्रेम नारायण वर्मा, माखन परमार, धर्मेंद्र चौरसिया, मनोज नागर, दिलीप गौर, लोकेश परमार सहित लोगा उपस्थित रहे।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का किया स्वागत



औबेदुल्लागंज। रविवार सुबह करीब 9:30 बजे कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का बरेली जाते समय आशीर्वाद पटेल चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया।

इस अवसर पर कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। कांग्रेस सेवा दल के महासचिव पंकज शर्मा, संतोष सेन, पंकज शर्मा, मनोज नागर, सुदर्शन लोवशी, कपिल यादव, सौरभ खरे, सूरज मल गौर, संजय लोधी, विक्रम परमार, राजेंद्र परमार आदि उपस्थित रहे।

सोलह दिवसीय शांति विधान का आयोजन, शांतिधारा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में जैन समाज द्वारा 16 दिवसीय शांति विधान का आयोजन पूज्य ऐलक श्री दया सागर महाराज के सान्निध्य में किया जा रहा है। रविवार को पन्द्रहवे दिन सौ धर्म इंद्र बनने का सौभाग्य निर्मल कुमार जैन निवासी झांझरी डीमापुर परिवार एवं बिल्लू भाई जैन निवासी भोपाल को एवं बच्चूलाल अरुण जैन परिवार औबेदुल्लागंज को प्राप्त हुआ।

विधान आचार्य पंडित प्रकाश जैन भोपाल द्वारा संगीत के साथ पूजन करवाई। सुबह भगवान की शांति धारा का सौभाग्य दोनों परिवारो के अलावा पंडित लक्ष्मीचंद मुकेश जैन इजारदार परिवार को मिला। आयोजन में औबेदुल्लागंज समाज के अलावा भी लोग उपस्थित रहे। रविवार और सोमवार को परम पूज्य आचार्यश्री विद्यासागर महाराज एवं आचार्य समय सागर महाराज के जन्म दिवस शरद पूर्णिमा उत्साह से मनाया जा रहा है। रविवार को आचार्यश्री के चरणों का प्रछालन का सौभाग्य पंडित लक्ष्मीचंद मुकेश जैन इजारदार, सुनील तामोट, अनिल चौधरी, प्रदीप भंडारी, पुष्पा एलसी जैन परिवार को प्राप्त हुआ।



जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई, रकम भी ली

कृषि भूमि की रजिस्ट्री के नाम पर हड़पे 30 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कृषि भूमि की रजिस्ट्री कराने का अनुबंध कर 30 लाख रुपए लेने के बाद न तो जमीन की रजिस्ट्री कराई और न ही रकम वापस की। गुनगा थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसे न्यायालय में पेश किया , जहां से जेल भेज दिया गया।

पुलिस के अनुसार महेंद्र टाउनशिप फेज-2, बावड़ियां कलां निवासी दीपक मिश्रा ने 8 अगस्त 2026 को मामले की शिकायत की थी कि ग्राम पीपलखेड़ा में स्थित दो भूखंडों की कुल 2.577 हेक्टेयर यानी करीब 6.36 एकड़ कृषि भूमि के विक्रय के संबंध में आरोपी लक्ष्मण सिंह राजपूत के साथ अनुबंध हुआ था।



पूछताछ में रकम खर्च करना बताया

पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर आरोपी लक्ष्मण सिंह राजपूत निवासी ग्राम पीपलखेड़ा, थाना गुनगा को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने प्राप्त रकम खर्च करना बताया। पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

पेंशन अपडेट करने का झांसा देकर रिटायर्ड इंजीनियर के खाते से निकाले 7 लाख 80 हजार

पेंशन अपडेट कराने और ऑनलाइन सुविधाएं देने का झांसा देकर साइबर जालसाज ने एक रिटायर्ड इंजीनियर को 7 लाख 80 हजार रुपए का चूना लगा दिया। आरोपी ने लिंक भेजकर फरियादी से आधार कार्ड और पेन कार्ड के अलावा अन्य जरूरी जानकारी हासिल कर ऑनलाइन धोखाधड़ी कर दी। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक वेस्टर्न कोर्ड कॉलोनी कोलार निवासी अनिल कुमार (66) रिटायर्ड इंजीनियर है। उन्हें पेंशन मिलती है। विगत 21 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे उनके मोबाइल पर किसी अज्ञात जालसाज ने कॉल कर बताया कि सरकार के नए नियमों के तहत आपकी पेंशन अपडेट होना है, अन्यथा आपको पेंशन मिलना बंद हो जाएगी या आपका पेंशन कार्ड ब्लॉक हो जाएगा। पेंशन अपडेट होने से आपको सारी सुविधाएं ऑनलाइन मिलने लगेंगी। फरियादी अनिल कुमार अपना पेंशन कार्ड अपडेट कराने के लिए तैयार हो गए। इसके बाद जालसाज ने उन्हें एक लिंक भेजा। फरियादी ने आरोपी जालसाज के कहे अनुसार लिंक खोलकर उसमें आधार कार्ड और पेन कार्ड सहित अन्य जरूरी जानकारी भर दी। बताया जा रहा है कि उसके कुछ देर बाद ही फरियादी अनिल कुमार के खाते से दो बार में 7 लाख 80 हजार रुपए कट गए।

प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' कार्यक्रम के 139वें एपिसोड में देशवासियों को किया संबोधित

त्योहारी सीजन के दौरान 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को मजबूती दें, स्थानीय कलाकारों के निर्मित उत्पाद को प्राथमिकता दें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' कार्यक्रम के 139वें एपिसोड में देशवासियों से आगामी त्योहारी सीजन के दौरान 'वोकल फॉर लोकल' के संकल्प को मजबूत करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि त्योहारों पर खरीदारी करते समय देश के स्थानीय कारीगरों, बुनकरों और हस्तशिल्पकारों के बनाए उत्पादों को प्राथमिकता दें। उन्होंने बताया कि बिहार का मखाना, कर्नाटक की अरहर दाल और महाराष्ट्र के आदिवासी उत्पाद अब नई पैकेजिंग और वैश्विक बाजारों तक पहुंच रहे हैं। खादी उत्पादों की बढ़ती मांग से उन पारंपरिक कारीगरों को सीधा सहारा मिल रहा है जो हमारी सांस्कृतिक विरासत को संभाल कर रखे हुए हैं। स्थानीय खरीदारी न केवल छोटे कारोबारियों और कारीगरों का उत्साह बढ़ाएगी, बल्कि 'आत्मनिर्भर भारत' के सपने को भी गति देगी।

खास बातें

- रिकॉर्ड 28 करोड़ की खादी की खरीद की गई
- ई-संजीवनी से 40 करोड़ लोगों का इलाज किया गया
- इससे आत्म निर्भर भारत को मिलेगी गति



पूर्णिया का मखाना पहुंच रहा ग्रीस, कलबुर्गी की अरहर दाल अब मालदीव जा रही

पीएम मोदी ने कहा कि 'वोकल फॉर लोकल' की भावना अब हमारे उत्पादों को दुनिया के बाजारों तक पहुंचा रही है। बिहार के पूर्णिया का मखाना अब ग्रीस पहुंच रहा है। कर्नाटक के कलबुर्गी की अरहर दाल अब मालदीव जा रही है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में आदिवासी समुदायों ने अपने बनाए उत्पादों की पैकेजिंग पर बहुत फोकस किया है। यहां के 'शबरी नेचुरल्स' के जरिए शहद, महुआ, चिरौंजी और बांस से बने उत्पाद बाजार में लाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इनकी पैकेजिंग पर आदिवासी कला की छाप है और इस पैकेजिंग को जापान का प्रतिष्ठित ' गुड डिजाइन अवार्ड' मिला है।

महर्षि वाल्मीकि ने दी जीवन की गहरी सीख

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि ने रामायण के माध्यम से हमें जीवन की गहरी सीख दी है। वे सेवा, करुणा और सामाजिक समरसता का महत्व समझाते हैं। भगवान राम ने माता शबरी के प्रेम और भक्ति को अपनाया। निषादराज की मित्रता को सम्मान दिया। सबको साथ लेकर चलने का भाव, ये आदर्श आज भी हमें दिशा दिखाते हैं।

लोगों के प्रेम को अमूल्य पूंजी बताया

प्रधानमंत्री ने कहा कि मुझे सैकड़ों ऐसे संदेश मिलते हैं जिनमें लोग बताते हैं कि 'मन की बात' सुनकर उन्हें ऐसा लगता है, जैसे मैं उनके बीच उनके परिवार में बैठकर एक परिवार के सदस्य की तरह उन सबसे संवाद कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मेरे लिए आप सभी श्रोताओं की यह आत्मीयता, आपका यह स्नेह बहुत अमूल्य पूंजी है।

यह सेवा-भाव का गौरवगान करने का शुभ अवसर

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके लिए 'मन की बात' देश की आम जनता के परिश्रम, उसके पराक्रम, उसकी प्रतिबद्धता, उसके समर्पण एवं सेवा-भाव का गौरवगान करने का एक शुभ अवसर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि जो लोग समाज और राष्ट्र के लिए जीते हैं, वे अपने आप में एक तीर्थ के ही स्वरूप हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के माध्यम से मैं एक तरह से देश की लोकशक्ति की आराधना करता हूं। मुझे इसके माध्यम से देश के हर परिवार से जुड़ने का अवसर मिलता है।

12 साल के सफर को बताया 'तीर्थयात्रा' : प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' की 12 साल की यात्रा को तीर्थयात्रा बताया है। पीएम मोदी ने कहा कि यह देश के लोगों के प्रयासों को करीब से जानने एवं उनके योगदान को नमन करने की एक तीर्थयात्रा से कम नहीं है।

खबर संक्षेप

आंध्र में 100 शहरी निकाय चुनाव रुका



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद आंध्र प्रदेश राज्य चुनाव आयोगने 100 शहरी स्थानीय निकायों में चल रही चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। 13 नगर निगमों तथा 87 नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में चुनाव की कार्रवाई रोक दी गई। टीडीपी-वाइएसआरसीपी के बीच जारी हिंसक झड़पों के बीच कोर्ट ने यह कदम उठाया।

कन्नड़ लोगों को नौकरी नहीं तो होगी कार्रवाई



बेंगलुरु। कर्नाटक के सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि अगर निजी संस्थान राज्य में कन्नड़ लोगों को जानबूझकर नौकरी के अवसर नहीं देते हैं, तो सरकार कार्रवाई करेगी। कन्नड़ लोगों के अधिकारों, सम्मान और रोजगार के अवसरों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उनके अधिकारों, सम्मान और अवसरों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

दशकर्म में झड़प, पीके के सामने चले लाठी-डंडे



वैशाली। जिले के राघोपुर विधानसभा क्षेत्र की रामपुर श्यामचंद पंचायत के भगतान टोला में शनिवार को 13 बच्चों के दशकर्म कार्यक्रम के दौरान हिंसक झड़प हो गई। जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर की मौजूदगी में दो पक्षों में मारपीट में सत्तारूढ़ जदयू के प्रदेश सचिव अजीत यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके सिर में चोट आई है।

यूपी में वाल्मिकी जयंती पर सार्वजनिक अवकाश



लखनऊ। यूपी की योगी सरकार ने महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया है। प्रदेश में सरकारी और निजी स्कूल बंद रहेंगे। वाल्मीकि जयंती देशभर में 26 अक्टूबर को मनाई जाएगी। सरकार की 2026 की अवकाश सूची में भी इस दिन महर्षि वाल्मीकि जयंती का जिक्र है। अवकाश कैलेंडर में सार्वजनिक अवकाश दर्ज किया है।

मादक पदार्थों की तस्करी में 6 तस्कर गिरफ्तार



नई दिल्ली। मिजोरम और मणिपुर में चलाए गए एक समन्वित तलाशी अभियान में भारत-म्यांमा सीमा से जुड़े मादक पदार्थों के 'हवाला' नेटवर्क का पर्दाफाश किया गया है। इस कार्रवाई में 6लोगों को गिरफ्तार किया गया, 1,400 से अधिक बैंक खातों में लेनदेन पर रोक लगाई गई और लगभग 26 करोड़ की संपत्ति कुर्क की गई है। ईडी ने रविवार को जानकारी दी।

प्रधानमंत्री ने ओडिशा में आरबीआई के डेटा सेंटर का किया उद्घाटन

विकास को बताया सरकार की प्राथमिकता, वित्तीय सेवाएं अधिक सुरक्षित, भरोसेमंद और प्रभावी होंगी



एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को भुवनेश्वर के जटनी (इन्फो वैली-2) में भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 169 करोड़ रुपए के डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विकास का विस्तार ही हमारी प्राथमिकता है। साथ ही ये भी कहा कि भारत में अब गवर्नेंस की भूमिका बदल रही है।

देश का विकास तभी संतुलित होगा, जब गांवों और छोटे शहरों को भी पर्याप्त अवसर मिलेंगे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में भारतीय रिजर्व बैंक के डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन किया। करीब 169 करोड़ से तैयार इस सुविधा को देश की डिजिटल बैंकिंग और वित्तीय व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता विकास है और विकास का लाभ गांवों, छोटे शहरों तथा समाज के हर वर्ग तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित, सक्रिय प्रशासन और सुशासन के मॉडल पर काम कर रही है। देश का विकास तभी संतुलित होगा, जब गांवों और छोटे शहरों को भी आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। यह नया केंद्र डिजिटल वित्तीय सेवाओं को सुरक्षित, भरोसेमंद और प्रभावी बनाने में मदद करेगा। इससे बैंकिंग और भुगतान प्रणालियों को संचालित करने के लिए सुरक्षित तकनीकी आधार मिलेगा।



आरबीआई के डेटा सेंटर और साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान का उद्घाटन करते प्रधानमंत्री

ओडिशा को दी बड़ी सौगात

जटनी स्थित इन्फो वैली-2 में बनाया गया, 18.55 एकड़ क्षेत्र में बना

आरबीआई का यह केंद्र ओडिशा के जटनी स्थित इन्फो वैली-2 में बनाया गया है। यह 18.55 एकड़ क्षेत्र में फैला है। इसकी आधारशिला 22 मार्च 2023 को तत्कालीन आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने रखी थी। इस परिसर में डेटा सेंटर के साथ साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान भी है। यहां महत्वपूर्ण भुगतान और निपटान प्रणालियों के साथ अन्य प्रमुख तकनीकी पहलों का संचालन किया जाएगा। डिजिटल लेनदेन बढ़ने के साथ बैंकिंग व्यवस्था में डेटा की सुरक्षा भी जरूरी हो गई है। यह केंद्र वित्तीय आंकड़ों और तकनीकी प्रणालियों को सुरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाएगा।

डिजिटल बैंकिंग ने चौबीसों घंटे बैंकिंग सेवाओं से जोड़ा

प्रधानमंत्री ने कहा कि डिजिटल बैंकिंग ने देश के लोगों को चौबीसों घंटे बैंकिंग सेवाओं से जोड़ दिया है। उन्होंने बताया कि अब ऐसे लोग भी बैंक से सस्ता और आसान कर्ज ले सकते हैं, जिनके पास गारंटी देने के लिए संपत्ति नहीं है।

वित्तमंत्री सीतारमण ने भी किया संबोधित

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने छोटे कारोबारियों को दी कर्ज की सुविधा, लोग लाभान्वित

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना ने छोटे कारोबारियों के लिए बैंक से कर्ज लेना आसान बनाया है। सूक्ष्म और छोटे उद्यमियों के लिए 60 करोड़ से अधिक बिना गारंटी वाले ऋण खातों में 43 लाख करोड़ से ज्यादा की राशि मंजूर की गई है।

अब देश में 59 करोड़ से अधिक जनधन खाते खुले

सीतारमण ने बताया कि 2014 में हर परिवार को बैंकिंग प्रणाली से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया था। उनके अनुसार अब देश में 59 करोड़ से अधिक जनधन खाते हैं। इन खातों में सालाना शुल्क और न्यूनतम बैलेंस रखने की शर्त नहीं है।

डेटा सेंटर डिजिटल युग की तिजोरी के समान: डिजिटल बैंकिंग और ऑनलाइन भुगतान का इस्तेमाल बढ़ने के साथ साइबर सुरक्षा का महत्व भी बढ़ा है। साइबर सुरक्षा प्रशिक्षण संस्थान इस क्षेत्र में प्रशिक्षण देने के लिए बनाया गया है। वित्त मंत्री ने डेटा सेंटर को डिजिटल युग की तिजोरी जैसा बताया। सरकार ने 2022 में डेटा सेंटर को बुनियादी ढांचे का दर्जा दिया था।

वित्तीय सेवाओं की होगी बढ़ोतरी

वित्त मंत्री ने बताया कि केंद्रीय बजट 2026-27 में भारत में मौजूद डेटा सेंटरों से वैश्विक क्लाउड सेवाएं देने वाली विदेशी कंपनियों के लिए कर छूट की घोषणा की गई है। सरकार का लक्ष्य डिजिटल बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है।

कार्यक्रम में ये रहे शामिल

कार्यक्रम में आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा, ओडिशा के राज्यपाल ब्रजमोहन राम, सीएम मोहन चरण माझी, केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम और उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव भी थे।

पीएम मोदी का वाराणसी में स्वागत



उमड़ा जनसैलाब, 'हर-हर महादेव' के जयघोष से गूंजा नमो घाट

वाराणसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वागत में रविवार को वाराणसी में जनसैलाब उमड़ पड़ा। पुलिस लाइन से नमो घाट तक करीब 7 किलोमीटर लंबे मार्ग पर लोगों ने पुष्प वर्षा, ढोल-नगाड़ों और 'हर-हर महादेव' के उद्घोष के साथ उनका अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से अपने काफिले के साथ नमो घाट पहुंचे, जहां उन्हें भारतीय वायुसेना के एयर शो में शामिल होना है।

- हाथ हिलाकर प्रधानमंत्री ने किया अभिवादन

इस दौरान लोगों में प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए खासा उत्साह देखने को मिला। प्रधानमंत्रीका काफिला पुलिस लाइन से सांस्कृतिक संकुल, चौकाघाट, कज्जाकपुरा और राजघाट पुल होते हुए नमो घाट पहुंचा। मार्ग में जगह-जगह स्वागत मंच बनाए गए थे और बड़ी संख्या में लोग बैरिकेडिंग के दोनों ओर खड़े होकर उनके आगमन का इंतजार कर रहे थे। भदऊचुंगी समेत कई स्थानों पर समर्थकों की भारी भीड़ जुटी। लोगों का उत्साह देखकर प्रधानमंत्री ने कुछ स्थानों पर वाहन से बाहर निकलकर हाथ हिलाते हुए उनका अभिवादन किया। इस दौरान उनके काफिले पर फूलों की पंखुड़ियां बरसाई गईं और देशभक्ति गीतों के साथ स्वागत किया गया।

'नमो-नमो' का उद्घोष किया

नमो घाट पहुंचने पर वायु सेना के अधिकारियों और भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री का स्वागत किया। गंगा तट पर आयोजित कार्यक्रम स्थल पर 'नमो-नमो' के उद्घोष के बीच प्रधानमंत्री ने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। स्वागत के लिए जुटे लोगों में विभिन्न समुदायों के लोग शामिल रहे। घाटों और आसपास के इलाकों में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। प्रधानमंत्री खोचवां में अरविंद मिल लिमिटेड की नई टेक्सटाइल इकाई का उद्घाटन कर चुके हैं। 7 एकड़ में स्थापित इकाई में परिधानों का उत्पादन किया जाएगा।

अर्बन मोबिलिटी इंडिया सम्मेलन खत्म

मंत्री खट्टर ने शहरी परिवहन में उत्कृष्टता के लिए पुरस्कृत किया

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर



19वां अर्बन मोबिलिटी इंडिया (यूएमआई) सम्मेलन और प्रदर्शनी 2026 रविवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री, श्री मनोहर लाल ने समापन सत्र को संबोधित किया और शहरी परिवहन में उत्कृष्टता तथा सर्वोत्तम प्रथाओं के लिए पुरस्कार प्रदान किए। 23-24 अक्टूबर को सम्मेलन आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा ओडिशा सरकार के सहयोग से इंस्टीट्यूट ऑफ अर्बन ट्रांसपोर्ट के माध्यम से आयोजित किया गया था। समापन सत्र में ओडिशा सरकार के आवासन एवं शहरी विकास मंत्री डॉ. कृष्ण चंद्र महापात्र, ओडिशा सरकार के आवासन एवं शहरी विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव उषा पाधी तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी, नीति निर्माता, शहरी परिवहन विशेषज्ञ और प्रतिनिधि शामिल हुए।

नीति आयोग ने विकास पर दिया जोर

हम राज्य की राजधानियों से शहरों को नहीं चला सकते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा ने दूसरे राष्ट्रीय शहरी सम्मेलन के समापन सत्र में कहा कि विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए शहरी प्रशासन, योजना और वित्तपोषण में व्यापक सुधारों की तत्काल आवश्यकता पर प्रकाश डाला। भारत में चल रहे जनसांख्यिकीय और शहरी बदलाव के व्यापक दायरे पर जोर देते हुए गौबा ने बताया कि भारत की जनसंख्या कई दशकों तक बढ़ती रहेगी और 2060 के आसपास लगभग 165 करोड़ पर स्थिर हो जाएगी।

2050 तक भारत की लगभग आधी आबादी के शहरी क्षेत्रों में रहने की उम्मीद है, जिससे शहरी जनसंख्या 85 करोड़ होने का अनुमान है। शहरी आबादी की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने शहरों की योजना बनाने, प्रशासन और वित्तपोषण के तरीकों में एक बुनियादी बदलाव की जरूरत होगी।

ईसीआईनेट सॉफ्टवेयर विवाद पर कांग्रेस का सवाल

कांग्रेस नेता जयराम ने कहा

जानकारी क्यों छिपा रहा चुनाव आयोग? सच्चाई सबके सामने आनी चाहिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस ने चुनाव आयोग पर विवादित ईसीआईनेट सॉफ्टवेयर से जुड़ी जानकारी छिपाने का आरोप लगाया। पार्टी का दावा है कि आयोग जानकारी को सार्वजनिक करने से इनकार कर रहा है, क्योंकि इससे एसआईआर प्रक्रिया में कथित तौर पर हुई बड़े पैमाने की और केंद्रीकृत गड़बड़ियों की सच्चाई सामने आ सकती है। विपक्षी दल ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने और एसआईआर प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। कांग्रेस महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने एक्स पर रिपोर्ट साझा की। रिपोर्ट में दावा कियाईसीआई ने ईसीआईनेट सॉफ्टवेयर के नाम और उसके संस्करण से जुड़ी जानकारी देने से मना कर दिया है।

एआई का किया जा रहा इस्तेमाल

जयराम ने कहा कि आयोग विवादित ईसीआईनेट सॉफ्टवेयर से जुड़ी जानकारी लगातार छिपा रहा है। इस सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर हेरफेर को केंद्रीकृत तरीके से अंजाम देने के लिए किया गया है।उन्होंने कहा, भारतीयों को टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के खुलासे से यह क्यों पता चला कि ईसीआईनेट सॉफ्टवेयर उसी ने विकसित किया है?आयोग ने इस जानकारी का खुलासा क्यों नहीं किया? आयोग एसआईआर और मतदाता सूची के पुनरीक्षण में एआई के इस्तेमाल से बार-बार इनकार क्यों कर रहा है?

जामिया में छात्रों की नारेबाजी से बढ़ा तनाव

पुलिस ने गेट किया बंद. 3 महिला समेत 4 को किया डिटेन

छात्र अपनी मांगों को लेकर कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गेट नंबर 7 पर किया हंगामा



जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्र अपनी मांगों को लेकर कई दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। हालांकि इसी बीच विश्वविद्यालय की दीवारों पर लिखे गए देश विरोधी नारों के कारण परिसर में तनाव बढ़ गया है। इस विरोध-प्रदर्शन के बीच पुलिस ने जामिया के गेटों को बंद कर दिया है। गेट पर हंगाम कर रहे छात्रों को भी हटा दिया गया है। वहीं दूसरी ओर आंदोलनकारी छात्रों ने खाना पानी बंद किये जाने का लगाया आरोप। पुलिस द्वारा रोके जान के बाद भी छात्रों के समर्थन में बाहर से गेट नंबर 7 पर नारेबाजी करते बाहरी छात्र व स्थानीय नेता पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस ने 3 महिला छात्र नेताओं समेत 4 को हिरासत में लिया है। इस बीच पुलिस की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

जेएनयू की दीवारों पर नए नारे

वामपंथ के विरोध में लिखे 'अखंड भारत' और 'स्टॉप लव जिहाद'

दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में दीवारों पर विवादित नारे लिखने के नए-मामले सामने आए हैं। जेएनयू में वामपंथी छात्रों की ओर से दीवारों पर नारे लिखे जाने के विरोध में अब 'अखंड भारत' और 'स्टॉप लव जिहाद' जैसे नारे लिखे गए हैं।



प्रियंका और बर्खास्त प्रोफेसर की तस्वीरें लगाई

परिसर में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के साथ राहुल गांधी और जेएनयू से बर्खास्त प्रोफेसर अंगोमचा बिमोल अकोइजम की तस्वीरें भी चस्पा की गई हैं। प्रोफेसर पर 11 छात्राओं के यौन उत्पीड़न का मामला आया था।

रामलीला मैदान में आयोजन

राहुल ने की 'वोट बचाओ,देश बचाओ' में आने की अपील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली 'वोट बचाओ, देश बचाओ जन मार्च और महारैली' में शामिल होने की अपील की है। उन्होंने छात्रों, किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं और व्यापारियों समेत लोकतंत्र की चिंता करने वालों को पहुंचने को कहा है। राहुल ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची से लोगों के नाम हटाए जा रहे हैं । हमें वोट की रक्षा के लिए लोगों को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए।



रैली के विरोध में उतरा सिख समुदाय

विपक्ष कि महारैली को लेकर सिख समुदाय ने नाराजगी जताई है। सिख समुदाय का कहना है कि 1 नवंबर का दिन 1984 में हुए सिख दंगों का ही दिन है। इसी दिन कोई बड़ी रैली करना उनके दुखों को कुरेदने जैसा होगा।

पहाड़ों में बदला मौसम,हिमाचल में दो किमी रास्ता बर्फ से ढंका उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में भी बढ़ेगी ठंड

13,500 फीट की ऊंचाई पर जमने लगी मणिमहेश झील, यमुनोत्री और केदारनाथ में भी हुई बर्फबारी


रास्तों पर जमी बर्फ

- ग्लेशियर पॉइंट से डल झील तक दो किलोमीटर रास्ता बर्फ से ढंका, श्रद्धालुओं को सतर्क रहने की सलाह
- उत्तराखंड के पांच पर्वतीय जिलों में बारिश के आसार, मैदानी इलाकों में भी गिरेगा पारा
- मणिमहेश में पांच से छह बार हो चुकी बर्फबारी, 3200 मीटर से अधिक ऊंचाई पर हिमपात की संभावना
- 26 से 29 अक्टूबर तक उत्तराखंड में मौसम शुष्क रहने का अनुमान, 30 अक्टूबर से फिर बदलाव के संकेत

एजेंसी ▶▶ देहरादून

हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊंचाई वाले इलाकों में मौसम ने करवट ले ली है। हिमाचल के चंबा जिले में समुद्र तल से करीब 13,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित पवित्र मणिमहेश डल झील का बड़ा हिस्सा जमने लगा है। झील के किनारे स्थित चतुर्मुखी शिवलिंग पर करीब छह इंच बर्फ जम चुकी है। वहीं, उत्तराखंड के यमुनोत्री धाम और केदारनाथ में भी शनिवार दोपहर बाद बर्फबारी हुई।


केदारनाथ में बर्फ गिरने लगी

ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार

उत्तराखंड मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्वानुमान के अनुसार, 25 अक्टूबर को उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, चमोली और पिथौरागढ़ जिलों के कुछ हिस्सों में बारिश होने की संभावना है। 3200 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी के आसार हैं। ऊंचाई वाले इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश और बर्फबारी भी हो सकती है। मौसम में इस बदलाव से पहाड़ी क्षेत्रों के साथ मैदानी इलाकों के तापमान में गिरावट आने और ठंड बढ़ने की संभावना है।

29 अक्टूबर तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान

मौसम विभाग के अनुसार, 26 से 29 अक्टूबर तक उत्तराखंड में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इसके बाद 30 अक्टूबर से मौसम के मिजाज में फिर बदलाव हो सकता है। वहीं, मणिमहेश यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को बर्फबारी और फिसलन के बीच विशेष सतर्कता बरतने की जरूरत है। खासकर राधाष्टमी के बाद यात्रा करने वालों को निकलने से पहले मौसम की स्थिति और प्रशासन के निर्देशों की जानकारी लेनी चाहिए। बर्फ से ढके रास्तों पर परिस्थितियों का आकलन किए बिना आगे बढ़ना जोखिम भरा हो सकता है।


मणिमहेश झील जमने लगी

खबर संक्षेप

जंग हो न हो, हम नीति नहीं बदलेंगे: ईरान

तेहरान। मिडिल ईस्ट में एक बार फिर युद्ध की आशंकाओं के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास



अराघची ने कहा है कि चाहे कोई और युद्ध छिड़े या न छिड़े, ईरान की नीतियां वैसी ही बनी रहेंगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका या कोई अन्य देश दोबारा ईरान पर सैन्य कार्रवाई करने की कोशिश करता है, तो यह पूरी तरह अविवेकपूर्ण कदम होगा। अराघची ने एक कार्यक्रम में दावा किया कि 40 दिनों तक चले युद्ध के बाद होर्मुज की स्थिति पहले जैसी नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष ने क्षेत्रीय सुरक्षा व्यवस्था में बुनियादी बदलाव ला दिया है।

यात्री बस और ट्रक की टक्कर में 22 की मौत

नैरोबी। केन्या के मुख्य राजमार्ग पर रविवार सुबह एक यात्री बस और ट्रक के बीच हुई भीषण



टक्कर में कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय पुलिस के अनुसार, इस दर्दनाक हादसे में कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। माकुएनी काउंटी कमिश्नर अब्दुल्लाही खलीफ ने आशंका जताई है कि मृतकों की संख्या अभी और बढ़ सकती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बस में सवार यात्री एक अंतिम संस्कार कार्यक्रम से लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना घटी।

फायरिंग का आरोपी अस्पताल में छिपा था

इंदौर। अभिनेता टाइगर श्रॉफ की कार पर फायरिंग के मामले में गिरफ्तार 22 वर्षीय प्रांजल ठाकरान



पुलिस से बचने के लिए इंदौर के एक अस्पताल में रात बिताता था। हरियाणा के सोनीपत निवासी प्रांजल पिछले पांच दिनों से इंदौर में था। वह मालवा मिल चौराहे स्थित अंकुर स्टेप डाउन सेंटर में भर्ती पैरालिसिस पीड़ित भाई से मिलने जाता था और रात में विजिटर्स रूम में ठहरता था। उसके भाई की यहां फिजियोथेरेपी चल रही थी। प्रांजल के इंस्टाग्राम अकाउंट पर पिस्तौल, बंदूक और कारतूस के साथ वीडियो मिले हैं।

फ्रांस की सड़कों पर उतरे 8 लाख लोग

फ्रांस-इटली और स्पेन समेत यूरोप के कई देशों में हुए हिंसक प्रदर्शन

फ्रांस में हिंसक झड़प के बाद 1000 के करीब गिरफ्तार



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूरोप के कई देशों में वीकेंड पर महंगाई, आवास संकट, पेंशन कटौती, शिक्षा व्यवस्था में गिरावट, भ्रष्टाचार और युद्ध के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन देखने को मिले। शनिवार रविवार को फ्रांस, अल्बानिया, इटली, स्पेन और पुर्तगाल में हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। कई शहरों में प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ हिंसक झड़पें हुईं, जिसके बाद सरकारों को सुरक्षा व्यवस्था कड़ी करनी पड़ी और कुछ स्थानों पर सेना तक को तैनात करना पड़ा। फ्रांस में शनिवार को हुए प्रदर्शनों के दौरान भारी तनाव देखा गया। गृह मंत्री लॉरेंट नुनेज के अनुसार, देशभर में लगभग 1000 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सरकार के अनुमान के मुताबिक करीब 4.10 लाख लोगों ने इन रैलियों में हिस्सा लिया, जबकि आयोजकों ने यह संख्या लगभग 8 लाख बताई। पेरिस में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों के बीच झड़प के बाद पुलिस ने वाटर कैनन और आंसू गैस के गोले दागे।

अल्बानिया में भ्रष्टाचार के खिलाफ गुस्सा

अल्बानिया की राजधानी तिराना समेत कई शहरों में छात्रों के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारी भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और खराब शिक्षा व्यवस्था को लेकर आक्रोशित थे।उन्होंने ट्यूशन फीस कम करने और शिक्षा बजट बढ़ाने की मांग के साथ-साथ प्रधानमंत्री एडी रामा के इस्तीफे की भी मांग की। प्रदर्शनकारियों ने कृषि मंत्रालय के प्रवेश द्वार पर आग लगा दी, तथा पुलिस पर पत्थर और पटाखे फेंके। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए दंगा रोधी पुलिस ने आंसू गैस, वॉटर कैनन और रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया। **इटली में सेना के 500 अतिरिक्त जवान तैनात:** इटली के मिलान, रोम, ट्यूरिन, नेपल्स और फ्लोरेंस जैसे शहरों में युवाओं ने कई सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को लेकर मार्च निकाला। पुलिस ने आठ शहरों से 9 लोगों को गिरफ्तार किया और 371 लोगों को अस्थायी तौर पर हिरासत में लिया, जिनमें 110 नाबालिग शामिल थे।

स्पेन में पेंशन और आवास संकट को लेकर प्रदर्शन

स्पेन की राजधानी मैड्रिड में हजारों पेंशनभोगियों और आम नागरिकों ने सार्वजनिक पेंशन प्रणाली की सुरक्षा और महंगाई के अनुसार पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने न्यूनतम पेंशन को न्यूनतम वेतन के बराबर करने, महिला-पुरुष पेंशन अंतर को खत्म करने और पेंशन के निजीकरण पर रोक लगाने की मांग उठाई।

विदेश मंत्री एस.जयशंकर की दो टूक

आतंकवाद पालने वाले देशों पर कसे शिकंजा युद्ध नहीं बातचीत से निकलेगा शांति का रास्ता



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने आतंकवाद और दुनिया में चल रहे संघर्षों को लेकर कड़ा संदेश दिया है। दिल्ली में आयोजित 'चिन्मय अमृत महोत्सव ग्लोबल सम्मेलन' में उन्होंने कहा कि आतंकवाद शांति के लिए बड़ा खतरा है और इसे किसी भी हाल में राज्य की नीति का हिस्सा नहीं बनाया जा सकता।

दुनिया के सभी देशों को आतंकवाद के हर रूप के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया के किसी भी हिस्से में होने वाला युद्ध पूरी दुनिया की शांति को प्रभावित करता है। मौजूदा समय में चल रहे दो बड़े संघर्षों के बीच भारत का स्पष्ट मत है कि बातचीत और कूटनीति के जरिए ही विवादों का समाधान निकाला जा सकता है। जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद को किसी भी परिस्थिति में सही नहीं ठहराया जा सकता।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक एकजुटता, युद्ध रोकने के लिए बातचीत और कूटनीति तथा दुनिया में शांति और समान विकास पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि दुनिया के सभी देशों को आतंकवाद के हर रूप के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना होगा

- एआई दुनिया को पूरी तरह बदल सकता है, लेकिन विकास और प्रभाव को मुट्ठी भर लोगों के हाथों में नहीं छोड़ सकते
- लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एक-दूसरे का सहयोग जरूरी
- भारत ने आतंकवाद पर दुनिया को एकजुट होने की जरूरत बताई

आतंकवाद से मिल चुके कई सबक

इसके पीछे कोई तर्क या बहाना स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। इसके बावजूद आतंकवादी गतिविधियां जारी हैं, क्योंकि कुछ देश इस मुद्दे पर सख्त रुख अपनाने के बजाय अपने राजनीतिक हितों को ज्यादा महत्व देते हैं। उन्होंने कहा कि इतिहास में आतंकवाद के खतरों से जुड़े कई सबक मिल चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी कुछ देश अपने फायदे के हिसाब से फैसले लेते हैं। विदेश मंत्री ने जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया आतंकवाद के खिलाफ ज्यादा मजबूत इच्छाशक्ति दिखाए। सभी देशों को मिलकर इसके हर रूप और तरीके का मुकाबला करना चाहिए। आतंकवाद के प्रति किसी भी तरह की नरमी वैश्विक शांति के प्रयासों को कमजोर करती है।

वैश्विक चुनौतियों और उससे निपटने के उपायों का किया जिक्र

◆ जयशंकर बोले- ग्लोबल साउथ के सामने 4एफ संकट

अपने बयान में विकासशील देशों के सामने आ रही चुनौतियों का जिक्र करते हुए एस. जयशंकर ने कहा कि आज दुनिया का यह हिस्सा 4एफ संकट से जूझ रहा है। इनमें फाइनेंस, फ्यूल, फूड और फर्टिलाइजर शामिल है। विदेश मंत्री ने आगे कहा कि इन समस्याओं के समाधान में विकसित देशों की भी बराबर की हिस्सेदारी है। बाजार के विकृत और संकीर्ण तौर-तरीके आम जनता की परेशानियों को और बढ़ा रहे हैं, इसलिए इस पर गंभीर और सच्ची बातचीत की सख्त जरूरत है।

शांति और समृद्धि एक-दूसरे से जुड़ी हैं, अनदेखी न करें

जयशंकर ने कहा कि दुनिया में शांति, विकास और समृद्धि के बीच गहरा संबंध है। संघर्ष और हिंसा किसी भी समाज की तरक्की में बाधा बनते हैं। दुनिया के एक हिस्से का समृद्ध होना और दूसरे हिस्से का बुनियादी सुविधाओं से वंचित रहना लंबे समय तक संभव नहीं है। इसलिए देशों को अपने हितों के साथ-साथ पूरी दुनिया की जरूरतों को भी समझना होगा। उन्होंने साफ किया कि स्थायी शांति के लिए आपसी सहयोग, बातचीत और कूटनीति को प्राथमिकता देना जरूरी है। युद्ध और आतंकवाद से किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल सकता।

एआई को लेकर चेतावनी भी दी

इसके अलावा तकनीक पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि एआई दुनिया को पूरी तरह बदल सकता है, लेकिन इसके विकास और प्रभाव को मुट्ठी भर लोगों के हाथों में नहीं छोड़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसे मानव-केंद्रित और समावेशी दृष्टिकोण का समर्थन करता है जो पूरी मानवता के हित में हो। अंत में विदेश मंत्री ने अपने संबोधन के अंत में इस बात पर जोर दिया कि प्रगति और समृद्धि एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं।

मुकाबले से ज्यादा जरूरी है सहयोग की भावना

सम्मेलन में जयशंकर ने दुनिया के देशों के बीच आपसी सहयोग और प्रतिस्पर्धा के मुद्दे पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि मानव समाज में हमेशा दो तरह की सोच रही है।

एक सोच प्रतिस्पर्धा को महत्व देती है, जबकि दूसरी सहयोग को बेहतर रास्ता मानती है। यही सोच देशों के आपसी रिश्तों और उनके व्यवहार में भी दिखाई देती है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र की स्थापना का जिक्र करते हुए कहा कि करीब आठ दशक पहले दुनिया ने मिलकर एक ऐसी व्यवस्था बनाने की कोशिश की थी, जहां देश साझा लक्ष्यों को हासिल करने के लिए एक-दूसरे का सहयोग कर सकें। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 1 में भी इसी भावना को जगह दी गई है।

सियांग डैम के विरोध में हिंसा, एनएचपीसी कार्यालय में आगजनी

पुलिस थाने और नेताओं के आवासों पर हमले

आरएएफ के 250 जवानों को एयरलिफ्ट कर पासीघाट भेजा

एजेंसी ▶▶ ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश में प्रस्तावित 11,200 मेगावाट के सियांग डैम के विरोध में हिंसा के बाद केंद्र ने सुरक्षा बढ़ाने की तैयारी की है। रैपिड एक्शन फोर्स की 2 कंपनियों के करीब 250 जवानों को महाराष्ट्र के नवी मुंबई से वायुसेना के विमानों के जरिए पासीघाट पहुंचाने का अनुरोध किया गया है। 23 अक्टूबर को सियांग, अपर सियांग और पूर्वी सियांग जिलों में परियोजना के विरोध में 12 घंटे का बंद बुलाया गया था। इसके बाद पासीघाट में हिंसा भड़कने की खबरें


फाइल फोटो

थीं। इस दौरान नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन के कार्यालय में आगजनी की गई। पुलिस थाने, वाहनों और भाजपा नेताओं के आवासों को भी निशाना बनाए जाने की सूचना है। इनमें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष कलिंग मोयोंग और विधायक निनोंग एरिंग तथा ओनी पनयांग के आवास शामिल हैं।

विस्थापन की आशंका से विरोध

सियांग अपर मल्टीपर्पज प्रोजेक्ट के विरोधियों को आशंका है कि बांध से पुश्तैनी जमीन, घरों, खेती और पर्यावरण पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। परियोजना समर्थक इसे बिजली उत्पादन और जल सुरक्षा के लिहाज से अहममानते हैं। जिला प्रशासन ने पासीघाट, मेबो और रुक्सिन में निषेधात्मक प्रतिबंध लागू किए हैं।

अमेरिका में जी-20 में मिलने की उम्मीद

तनाव के बीच दिसंबर में फिर मिल सकते हैं मोदी-जिनपिंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और चीन के बीच सीमा पर तनाव की खबरों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की दिसंबर में फिर मुलाकात होने की संभावना जताई जा रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों नेता 14 या 15 दिसंबर को अमेरिका के फ्लोरिडा में प्रस्तावित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान बातचीत कर सकते हैं। सम्मेलन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मेजबानी में मियामी में आयोजित होने की बात



कही गई है। हालांकि, दोनों नेताओं की संभावित मुलाकात को लेकर अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। पिछले महीने नई दिल्ली में मोदी और जिनपिंग के बीच हुई बातचीत से दोनों देशों के संबंधों में सुधार की उम्मीद जगी थी।

स्पेस में छलांग, 2029 तक 4 लॉन्च पैड

गगनयान का मानवरहित परीक्षण जल्द, चंद्रयान-5 में रोवर भी भेजेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने कहा है कि वर्ष 2029 तक देश में चार प्रक्षेपण स्थल चालू हो जाएंगे। इससे भारत की अंतरिक्ष गतिविधियों का विस्तार होगा और उपग्रह प्रक्षेपण की बढ़ती वैश्विक मांग पूरी करने में मदद मिलेगी।

उन्होंने स्पष्ट किया कि इसरो का निजीकरण नहीं होगा, लेकिन वाणिज्यिक गतिविधियों के विस्तार के लिए निजी कंपनियों और स्टार्टअप के साथ साझेदारी बढ़ाई जाएगी।



नारायणन के मुताबिक, तमिलनाडु के तूतीकोरिन जिले के कुलसेकरपट्टिनम में 2,000 एकड़ क्षेत्र में लघु उपग्रह प्रक्षेपण यान (एसएसएलवी) के लिए अलग परिसर विकसित किया जाएगा। यहां रॉकेट के विभिन्न हिस्सों और उपकरणों को जोड़ने, प्रक्षेपण, निगरानी, नियंत्रण और आंकड़े प्राप्त करने की सुविधाएं होंगी।

3 राज्यों में 38 ठिकानों पर छापेमारी, 1424 खाते फ्रीज

ऑपरेशन त्रिशूल से 100 करोड़ के हवाला नेटवर्क का खुलासा

खास बातें

- 17 .82 करोड़ रुपए की संपत्तियों को कुर्क किया
- 500 डेटोनेटर और 12 लाख रुपए नकद भी बरामद किए
- डेथ ट्रायंगल कॉरिडोर से चल रहा था खेल
- अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स कार्टेल भारत, म्यांमार और बांग्लादेश के बीच तस्करी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने देश में ड्रग्स के अवैध कारोबार और नशीले पदार्थों के नेटवर्क के खिलाफ एक और ऐतिहासिक और बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए जानकारी दी कि केंद्रीय एजेंसियों और पूर्वोत्तर के राज्यों की पुलिस ने मिलकर ऑपरेशन त्रिशूल को अंजाम दिया है।

शाह के पोस्ट के अनुसार, इस बड़े ऑपरेशन के तहत असम, मिजोरम और मणिपुर में कुल 38 ठिकानों पर एक साथ ताबड़तोड़ छापेमारी की गई, जिससे अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स कार्टेल की कमर टूट गई है। सोशल मीडिया



एआई फोटो

प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में शाह ने बताया कि 23 अक्टूबर को चलाए गए इस अभियान के दौरान एजेंसियों ने 100 करोड़ के हवाला लेनदेन का पर्दाफाश किया है।

जांच के दौरान कुल 1424 बैंक खातों को फ्रीज कर दिया गया है, जबकि 17.82 करोड़ रुपए की संपत्तियों को कुर्क किया गया है। बता दें कि इस कार्रवाई में कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा, अधिकारियों ने 500 डेटोनेटर और 12 लाख रुपए नकद भी बरामद किए हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स कार्टेल भारत, म्यांमार और बांग्लादेश के बीच डेथ ट्रायंगल कॉरिडोर के रास्ते अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी कर रहा था।

केंद्र सरकार और तीनों राज्यों असम, मिजोरम और मणिपुर की पुलिस ने आपसी तालमेल से इस खतरनाक अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया है। अमित शाह ने अपने पोस्ट में दृढ़ संकल्प जताते हुए कहा कि मोदी सरकार ने ऑपरेशन त्रिशूल के जरिए ड्रग्स के खिलाफ एक और घातक प्रहार किया है।

31 दिसंबर 2029 तक देश को नशा मुक्त करने का लक्ष्य

इतना ही नहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश को नशा मुक्त करने के अपने लक्ष्य को भी दोहराया। अपने



पोस्ट में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने संकल्प लिया है कि 31 दिसंबर 2029 तक देश से हर एक ड्रग नेटवर्क का पूरी तरह सफाया कर दिया जाएगा। गृह मंत्री ने साफ किया है कि गृह मंत्रालय इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और 'नशा मुक्त भारत' के रोडमैप को सख्ती से लागू किया जा रहा है।

अहमदाबाद-मुंबई के बीच 508 किमी का कॉरिडोर तैयार

2027 के आखिरी 3 महीनों में शुरू हो सकती है देश की पहली हाईस्पीड ट्रेन सेवा

100 फीट नीचे स्टेशन, समुद्र के भीतर सात किमी सुरंग से गुजरेगी बुलेट ट्रेन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना तेजी से आगे बढ़ रही है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक,



अहमदाबाद-मुंबई हाईस्पीड रेल कॉरिडोर पर पहली ट्रेन सेवा 2027 की आखिरी तिमाही में शुरू होने की उम्मीद है। 508 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर में आधुनिक रेलवे स्टेशनों के साथ सुरंगों और पुलों का निर्माण किया जा रहा है। इसकी खासियत



मुंबई में जमीन से करीब 100 फीट नीचे बन रहा स्टेशन और समुद्र के नीचे से गुजरने वाली सात किलोमीटर लंबी सुरंग है। मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) में हाईस्पीड रेल कॉरिडोर का एकमात्र भूमिगत स्टेशन बनाया जा रहा है। जमीन से करीब 32 मीटर नीचे बन रहे इस स्टेशन में प्लेटफॉर्म, और सेवा क्षेत्र के तीन स्तर होंगे।

320 किमी प्रति घंटा होगी बुलेट ट्रेन की स्पीड

यहां छह प्लेटफॉर्म बनाए जा रहे हैं, जिनमें प्रत्येक की लंबाई 400 मीटर से अधिक होगी। महाराष्ट्र में कॉरिडोर का 21 किलोमीटर हिस्सा सुरंग से होकर गुजरेगा। इसमें ठाणे क्रीक के नीचे समुद्र के भीतर सात किलोमीटर लंबी सुरंग शामिल है। इसके निर्माण के लिए जुलाई 2026 में विक्रोली और सावली से दो टनल बोरिंग मशीनें शुरू की गई थीं। प्रत्येक मशीन का व्यास 13.6 मीटर और वजन 3,000 टन से अधिक है। बुलेट ट्रेन की अधिकतम रफ्तार 320 किलोमीटर प्रति घंटा होगी।



13 वर्षीय ओजस्वनी ने रचा इतिहास

इंडियन ओपन के कट में प्रवेश

एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम

भारत की 13 वर्षीय गोल्फर ओजस्वनी सारस्वत ने महिला यूरोपीय टूर (एलईटी) प्रतियोगिता इंडियन ओपन के कट में जगह बनाकर पहले ही इतिहास रच दिया है और अब उनका लक्ष्य विश्व में नंबर एक खिलाड़ी बनने और अपने आदर्श नीरज चोपड़ा की तरह ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतना है। ओजस्वनी महिला गोल्फ के इतिहास में एलईटी प्रतियोगिता में कट बनाने वाली दूसरी सबसे कम उम्र की खिलाड़ी हैं।

उनसे पहले आरिया जुतानगर्न ने 2008 में 12 साल की उम्र में फिनएयर मास्टर्स के कट में जबह बनाकर यह उपलब्धि हासिल की थी।

विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनना लक्ष्य

ओजस्वनी ने कहा, 'कट में जगह बनाकर मैं बहुत खुश हूं। यह तो बस शुरुआत है। मेरा लक्ष्य भारत में और फिर विश्व में सर्वश्रेष्ठ बनना है। मैं एक दिन विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बनना चाहती हूं।' उन्होंने कहा, ' मैं भारत की ध्वजवाहक बनना चाहती हूं और ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतना चाहती हूं। यह मेरा सबसे बड़ा सपना है।'

नीरज चोपड़ा मेरे प्रेरणास्रोत : ओजस्वनी

ओजस्वनी ने कहा, 'नीरज चोपड़ा मेरे प्रेरणास्रोत हैं क्योंकि वह ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता हैं। मैंने उनकी मानसिकता को समझा है। मुझे लगता है कि सभी खेल काफी हद तक एक जैसे होते हैं और इसलिए मानसिकता भी लगभग एक जैसी ही होती है। जब उन्होंने स्वर्ण पदक जीता तो वह मेरे प्रेरणास्रोत बन गए।'

जापान ओपन की नई क्वीन बनीं कैटरीना

फाइनल में यूएसए की एशलिन क्रूगर को हराया



एजेंसी ▶▶| ओसाका

चेक गणराज्य की कैटरीना सिनियाकोवा ने रविवार को सीधे सेटों में जीत हासिल करने जापान ओपन के रूप में तीन साल में अपना पहला एकल खिताब जीता। सिनियाकोवा ने फाइनल में एशलीन क्रूगर को आसानी से 6-1, 6-0 से हराया। यह मैच 64 मिनट तक चला।

लगातार 10 गेम जीतकर मुकाबले किया अपने नाम

मैच में शुरुआती बढ़त 2-1 होने के बाद सिनियाकोवा ने लगातार 10 गेम जीतकर मुकाबले को अपने नाम किया। डब्ल्यूटीए रैंकिंग में दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी सिनियाकोवा ने 16 विनर्स लगाए, जबकि उन्होंने 19 अनफोर्स्ड एरर (बिना दबाव की गई गलतियां) कीं। वहीं, अपने तीसरे डब्ल्यूटीए टूर-लेवल फाइनल में खेल रहीं एशलिन क्रूगर 10 विनर्स ही लगा सकीं और उनसे 34 अनफोर्स्ड एरर हुए, जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। तीन वर्षों में यह सिनियाकोवा का पहला टूर-लेवल सिंगल्स फाइनल था। वह 2016 में 'जापान विमेंस ओपन' (मौजूदा टूर्नामेंट का ही पुराना रूप) में उपविजेता रही थीं, इस तरह 10 साल बाद वह फिर से यहां फाइनल में पहुंचीं।

मैंने सच में मैच का आनंद लिया

सिनियाकोवा ने कहा, मुझे याद नहीं कि मैंने आखिरी बार कब इतना अच्छा खेला था। सब कुछ मेरे पक्ष में हो रहा था, इसलिए मैंने सच में इसका आनंद लिया। मुझमें बहुत आत्मविश्वास था। मैंने जिस तरह से खेला, उस पर मुझे बहुत गर्व है।

1 घंटा 16 मिनट चले मुकाबले में रयबाकिना ने फर्नांडीज को दी मात

निंगबो ओपन में रयबाकिना का दबदबा जीता साल का शानदार चौथा खिताब



एजेंसी ▶▶| निंगबो

दुनिया की नंबर 1 खिलाड़ी एलेना रयबाकिना ने कनाडा की लेयला फर्नांडीज को हराकर 'निंगबो ओपन' खिताब बरकरार रखा। रविवार को निंगबो स्थित सेंटर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में रयबाकिना ने फर्नांडीज को 6-2, 6-2 से मात दी।

यह मुकाबला 1 घंटा 16 मिनट तक चला। इस जीत के साथ रयबाकिना ने इस साल अपना चौथा खिताब जीता। रयबाकिना ने मैच के दौरान वर्ल्ड नंबर-30 खिलाड़ी फर्नांडीज की सर्विस को चार बार तोड़ा (हर सेट में दो-दो बार), और इस तरह निंगबो में लगातार दूसरी बार खिताब जीता।

बेहतरीन फॉर्म में रयबाकिना

कजाकिस्तान की खिलाड़ी एलेना रयबाकिना को पहले सेट की शुरुआत में थोड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा, जब उन्हें लगातार ब्रेक प्वाइंट्स बचाने पड़े। हालांकि, उन्होंने शानदार खेल दिखाया और लगातार पांच गेम जीतकर पहला सेट अपने नाम कर लिया। दूसरे सेट में भी रयबाकिना बेहतरीन फॉर्म में दिखीं और अपना दबदबा बनाए रखा। वर्ल्ड नंबर 1 खिलाड़ी ने दूसरे सेट में फर्नांडीज की सर्विस दो बार तोड़ी और आसानी से मैच जीत लिया।



यहां का माहौल शानदार : एलेना

खिताबी जीत के बाद रयबाकिना ने कहा, आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। यहां का माहौल शानदार है। आप लोगों के सामने खेलकर बहुत अच्छा लगता है। आप लोग हमेशा मुझे खेलते रहने के लिए काफी प्रेरणा और ऊर्जा देते हैं। यहां खेलते हुए यह मेरा दूसरा साल है और यह मेरी दूसरी जीत है। यह जगह मेरे लिए बहुत खास है। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

एलेना के कॅरियर का 15वां टूर-लेवल खिताब

यह इस सीजन में उनका चौथा खिताब है और उनके कॅरियर का 15वां टूर-लेवल खिताब है। अब उनके नाम सात डब्ल्यूटीए 500 ट्रॉफी हो गई हैं, जिनमें से दो निंगबो में जीती गई हैं। इससे पहले, इस साल रयबाकिना ने ऑस्ट्रेलियन ओपन, स्टटगार्ट और यूएस ओपन जीता था। फ्लशिंग मीडोज (यूएस ओपन) के दौरान ही वह 'वर्ल्ड नंबर 1' खिलाड़ी बनी थीं। यह कनाडाई खिलाड़ी के खिलाफ रयबाकिना की लगातार तीसरी टूर-लेवल जीत है। 'हेड-टू-हेड' मुकाबलों में अब रयबाकिना 4-2 से आगे हैं। कजाख खिलाड़ी ने पिछले साल निंगबो में भी जीत हासिल की थी और अब वह एशियन डब्ल्यूटीए 500 इवेंट में लगातार 8 जीत (8-0) के सिलसिले पर हैं।

अल्माटी ओपन : युकी ने जीता युगल का खिताब

अल्माटी। भारत के नंबर एक युगल खिलाड़ी युकी भांबरी ने अमेरिका के अपने जोड़ीदार रयान सेगरमैन के साथ मिलकर अल्माटी ओपन एटीपी 250 टेनिस टूर्नामेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता। भारत और अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने ऑस्ट्रिया के लुकास मीडलर और नील ओबरलीट्नर की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी को एक रोमांचक फाइनल में 7-6(3), 6-7(1), 10-2 से हराया। भांबरी का यह वर्ष 2026 का पहला एटीपी टूर खिताब है। यह एटीपी टूर पर उनका करियर का कुल पांचवा युगल खिताब है। भांबरी ने इससे पहले 2023 में मालोर्का में, 2024 में गस्टाड और न्यूनिख में और 2025 में एटीपी 500 दूबई टूर्नामेंट में एटीपी 250 खिताब जीते थे। न्यूजीलैंड के अपने साथी माइकल वीनस के साथ एटीपी 250 जिनेवा ओपन में उपविजेता रहने के बाद 34 वर्षीय भांबरी का एटीपी टूर्नामेंट में यह इस सत्र का दूसरा फाइनल था। भांबरी फरवरी में अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग 18 पर पहुंचे थे लेकिन इसके बाद उनका प्रदर्शन अनुकूल नहीं रहा, जिससे वह शीर्ष 40 से बाहर हो गए।



खबर संक्षेप



22 नवंबर को असम राइफल्स हाफ मैराथन

नई दिल्ली। असम राइफल्स की छठी हाफ मैराथन 22 नवंबर को शिलांग में आयोजित की जाएगी, जिसमें रिकॉर्ड भागीदारी होने की उम्मीद है। असम राइफल्स हाफ मैराथन (एआरएचएम) के दौरान शिलांग में सरकार, सशस्त्र बलों और विभिन्न क्षेत्रों से कई गणमान्य व्यक्तियों के उपस्थित होने की उम्मीद है। इस हाफ मैराथन में 12 से लेकर 60 वर्ष से अधिक आयु के 4000 से अधिक धावक तीन अलग-अलग वर्गों पांच किमी, 10 किमी और 21 किमी में प्रतिस्पर्धा करेंगे। इसकी पुरस्कार राशि 25 लाख रुपए है। यह घोषणा दिल्ली कैंट स्थित असम राइफल्स कार्यालय में उद्घाटन समारोह के दौरान की गई। असम राइफल्स हाफ मैराथन की शुरुआत 2021 में की गई थी।

कश्मीर मैराथन में शामिल हुए सैकड़ों प्रतिभागी



श्रीनगर। कश्मीर मैराथन के तीसरे सत्र में रविवार को सैकड़ों पुरुषों और महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने हिस्सा लिया, जिसे जम्मू-कश्मीर में सबसे बड़े एथलेटिक्स आयोजनों में से एक माना जा रहा है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने विभिन्न श्रेणियों में पदक जीतने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागी के दृढ़ संकल्प और जज्बे का भी उत्सव मनाया गया।

फ्रेंच ओपन

खिताबी मुकाबले में चूकीं सिंधू आन से यंग बनीं चैंपियन



एजेंसी ▶▶| पेरिस

पीवी सिंधू ने रविवार को 9.5 लाख अमेरिकी डॉलर के फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में कड़ी चुनौती पेश की लेकिन दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग से तीन गेम में हारकर उपविजेता रहीं। भारतीय खिलाड़ी को ओलंपिक चैंपियन आन से यंग के खिलाफ 21-16, 11-21, 12-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ आन ने अपना चौथा फ्रेंच ओपन खिताब और इस सत्र का 11वां खिताब अपने नाम किया।

20 मिनट में जीता पहला गेम

सिंधू ने शानदार शुरुआत की और अपनी लंबाई तथा आक्रामक शॉट्स का बेहतरीन इस्तेमाल करते हुए 20 मिनट में पहला गेम जीत लिया। उनके करियर में यह केवल दूसरी बार था जब वह कोरियाई खिलाड़ी के खिलाफ कोई गेम जीतने में सफल रही थीं। हालांकि आन के खिलाफ 11 मुकाबलों में वह अब तक उन्हें एक बार भी नहीं हरा पाई हैं। दोनों खिलाड़ियों के बीच नेट पर कई रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। एक समय स्कोर 4-4 से 7-7 तक पहुंच गया। ऐसे ही एक रैली के दौरान आन के शॉट पर शटल सिंधू के चेहरे पर जा लगी। ब्रेक तक सिंधू ने क्रॉस-कोर्ट स्मैश की मदद से दो अंक की बढ़त बना ली। उन्होंने अपनी लंबाई का अच्छा फायदा उठाया और जल्द ही स्कोर 15-11 कर दिया।

आन ने की दूसरे गेम में वापसी

दूसरे गेम में आन ने दमदार वापसी करते हुए 3-0 की बढ़त बना ली। सिंधू ने स्मैश से स्कोर 2-4 किया और फिर आन का एक शॉट नेट में चला गया। बॉडी स्मैश की मदद से सिंधू ने स्कोर 4-5 किया, लेकिन फिर आन 7-5 से आगे हो गईं। इसके बाद हवा के बहाव से उनका एक शॉट बाहर चला गया। 7-6 के स्कोर पर बेहतरीन नेट शॉट और 30 शॉट तक चली शानदार रैली ने आन को दो अंक की बढ़त बनाए रखने में मदद की। इसके बाद लगातार दो शानदार स्मैश लगाकर कोरियाई खिलाड़ी ने ब्रेक तक चार अंकों की बढ़त हासिल कर ली। आन ने अपनी बढ़त बढ़ाकर 13-7 कर दी।

एशिया कप राइजिंग में भिड़ेंगे भारत और पाक

22 नवंबर को मुकाबला

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत ए 19 नवंबर से दोहा में शुरू होने वाले 50 ओवर के एशिया कप राइजिंग स्टार्स टूर्नामेंट में 22 नवंबर को अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान का सामना करेगा। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान टूर्नामेंट में अपनी ए टीमें उतारेंगे, जबकि नेपाल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और हांगकांग के अपनी सबसे मजबूत टीमें भेजने की संभावना है।



भारत ए को पाकिस्तान ए, नेपाल और यूएई के साथ ग्रुप बी में रखा गया है। श्रीलंका ए, बांग्लादेश ए, अफगानिस्तान ए और हांगकांग ग्रुप ए में हैं। भारतीय टीम 20 नवंबर को नेपाल के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद उसका सामना पाकिस्तान ए (22 नवंबर) और यूएई (24 नवंबर) से होगा। दोनों ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। इस टूर्नामेंट की शुरुआत 2013 में एसीसी इमर्जिंग टीम एशिया कप के रूप में हुई थी। अब तक इसके सात टूर्नामेंट आयोजित किए जा चुके हैं, जिसमें भारत ने केवल एक बार जीत हासिल की है। ओमान में 5 से 14 नवंबर तक होने वाले अंडर-19 एशिया कप में भी भारत और पाकिस्तान 8 नवंबर को आमने-सामने होंगे।

पडिक्कल और सुदर्शन की जुझारू पारी, इंडिया ए को संकट से उबारा



एजेंसी ▶▶| लिंकन

देवदत्त पडिक्कल और साई सुदर्शन ने जुझारू बल्लेबाजी करते हुए भारत ए को न्यूजीलैंड ए के खिलाफ रविवार को चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट के दूसरे दिन शुरुआती झटकों से उबारा। पहली पारी में 113 रन पर आउट होने वाली भारतीय टीम ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक एक अपनी दूसरी पारी में 2 विकेट पर 106 रन बनाए हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड ए ने अपनी पहली पारी में 317 रन बनाकर 204 रन की बढ़त हासिल की थी। इस तरह से भारतीय टीम अभी उससे 98 रन पीछे है। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (05) और केएल राहुल (04) मैच में दूसरी बार फ्लॉप रहे, जिससे भारतीय टीम दूसरी पारी में 10 रन पर 2 विकेट गंवाने से संकट में पड़ गई। इसके बाद पडिक्कल (89 गेंदों पर नाबाद 56 रन) और सुदर्शन (104 गेंदों पर नाबाद 39 रन) ने तीसरे विकेट के लिए 96 रन की अटूट साझेदारी करके पारी को संभाला।

करण सिंह ने हासिल किया साल का चौथा खिताब

आईटीएफ टेनिस टूर एम25 के चैंपियन बने करण

एजेंसी ▶▶| मुंबई

करण सिंह ने आईटीएफ सर्किट पर अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। रविवार को कूपरेज स्थित महाराष्ट्र स्टेट लॉन टेनिस एसोसिएशन में आयोजित 30,000 अमेरिकी डॉलर इनामी राशि वाले 'आईटीएफ मेंस वर्ल्ड टेनिस टूर एम25' टूर्नामेंट में उन्होंने सिंगल्स का खिताब अपने नाम किया।तीसरी वरीयता प्राप्त करण ने फाइनल में अपनी एकेडमी के साथी खिलाड़ी दिग्विजय प्रताप सिंह को हराया। दूसरे सेट में जब करण 7-5, 3-1 से आगे चल रहे थे, तब दिग्विजय को मैच से रिटायर होना पड़ा। यह 2026 सीजन में करण का चौथा खिताब है। 23 वर्षीय खिलाड़ी पिछले कुछ महीनों से बेहतरीन फॉर्म में हैं। मुंबई में मिली यह जीत पिछले दो महीनों में उनका दूसरा खिताब है और वे इस दौरान चौथी बार फाइनल में पहुंचे हैं।



पहला सेट में हुई कड़ी टक्कर

आउटडोर हार्ड कोर्ट पर खेले गए इस मुकाबले में, दोनों खिलाड़ियों के बीच पहला सेट काफी कड़ा रहा। एक घंटे से अधिक समय तक चले इस सेट में आखिरकार करण ने बाजी मारी और इसे 7-5 से जीत लिया। इसी लय को बरकरार रखते हुए, करण ने दूसरे सेट में 3-1 की बढ़त बना ली थी। तभी दुर्भाग्यवश, 1 घंटे 32 मिनट के खेल के बाद दिग्विजय को मैच से हटना पड़ा, जिससे करण को आधिकारिक तौर पर चैंपियनशिप ट्रॉफी मिल गई।

पूरे टूर्नामेंट में नहीं गंवाया सेट

मुंबई में खेले गए पूरे टूर्नामेंट के दौरान करण ने एक भी सेट नहीं गंवाया। उन्होंने 'राउंड ऑफ 32' में नितिन कुमार सिन्हा को 6-4, 6-4 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। 'राउंड ऑफ 16' में उन्होंने शानदार सर्विस का प्रदर्शन किया और क्वालीफायर आदिल कल्याणपुर को 1 घंटे 38 मिनट में 7-5, 6-3 से हरा दिया। क्वार्टर फाइनल में सातवीं वरीयता प्राप्त सिद्धार्थ रावत के मैच से हटने (3-4 रिटायर्ड) के बाद आगे बढ़े करण ने सेमीफाइनल में चिराग दुहन के खिलाफ बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपनी सर्विस पर 100 प्रतिशत होल्ड रेट बनाए रखा। इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत उन्होंने दुहान को 6-3, 6-2 से हराया और केवल 1 घंटे 19 मिनट में फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली।

उत्साह के साथ मनाया पिंकाथन-डे, 150 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

5 से 70 वर्ष तक के प्रतिभागियों ने दौड़ में लिया भाग, महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल





महिलाओं के स्वास्थ्य, फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरुकता बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को भोपाल में पिंकाथन डे 2026 का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। इस आयोजन में लगभग 150 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। खास बात यह रही कि इसमें पांच वर्ष के बच्चों से लेकर 70 वर्ष तक की महिलाओं और कई पुरुषों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी की और फिटनेस के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

पिंकाथन की शुरुआत अभिनेता एवं फिटनेस आइकन मिलिंद सोमन ने महिलाओं को स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से की थी। भोपाल की पिंकाथन एम्बेसडर प्रीति खरे और रिचा पाराशर ने बताया कि भोपाल में चौथी बार पिंकाथन का आयोजन किया गया है। पिंकाथन डे का आयोजन देश के 65 शहरों में एक साथ किया गया, जिसके माध्यम से लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

अरुणेश्वर और नीरज ने किया फ्लैग ऑफ

भोपाल में आयोजित कार्यक्रम का फ्लैग ऑफ अरुणेश्वर सिंह देव और नीरज गुलाटी ने किया। कार्यक्रम में हरि ओम जटिया सर की गरिमामयी उपस्थिति ने भी प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। वहीं, फेमिना मिस इंडिया (म.प्र) 2026 की धनुश्री चौहान और एवरेस्ट फतह करने वाली पर्वतारोही अंजना यादव ने प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

परिवार की जिम्मेदारियों के साथ अपने लिए समय निकालें

इस अवसर पर प्रीति खरे और रिचा पाराशर ने महिलाओं से विशेष अपील की कि वे परिवार और कार्यक्षेत्र की जिम्मेदारियों के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य के लिए भी समय निकालें। पिंकाथन डे 2026 का आयोजन इस संदेश के साथ संपन्न हुआ कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक व्यक्ति का स्वस्थ होना जरूरी है। महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना और उन्हें फिटनेस के लिए प्रेरित करना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है।



'फिल्म वाली बैठक' में बच्चों को दिया संदेश

जरूरी नहीं कि अमीर हो, तो खुश ही रहेगा!

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बच्चों की दुनिया को समझने, उनकी कल्पनाशीलता को प्रोत्साहित करने और उनकी संवेदनाओं को अभिव्यक्ति देने के उद्देश्य से आज काजियात कैंपस में आगाज अकादमी द्वारा 'फिल्म वाली बैठक' का आयोजन किया गया जिसमे बीस बच्चे शामिल हुए।

फिल्मकार और फिल्म एप्रिसिएशन सूत्रधार सुनिल शुक्ल ने बच्चों के साथ संवाद करते हुए उन्हें कुछ चुनिंदा लघु फिल्में दिखाईं। फिल्मों के प्रदर्शन के साथ रोचक चर्चाओं और रचनात्मक गतिविधियों ने इस आयोजन को बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव बना दिया। कार्यक्रम में सत्यजीत रे की चर्चित मूक फिल्म टू, द ब्लैक होल, जमैका के धावक उसेन बोल्ट के बचपन से प्रेरित एनिमेटेड फिल्म द बॉय हू लर्न्ड टू फ्लाई और जू दिखाई गईं। इसके अलावा चार्ली चैपलिन की फिल्मों के हास्य दृश्य भी प्रदर्शित किए गए।

रविंद्र भवन स्थित अंजनी सभागार में दो शो प्रस्तुत किए गए

दर्शकों को गुदगुदाने और सोचने पर भी विवश करता 'चोर साहब'

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



ड्रामची आर्ट एंड कल्चर फाउंडेशन की प्रस्तुति 'चोर साहब' का मंचन

ड्रामची आर्ट एंड कल्चर फाउंडेशन की पहली रंगमंचीय प्रस्तुति 'चोर साहब' का हिंदी अनुवाद एवं निर्देशन निधि दीवान ने किया है। विश्वविख्यात इतालवी नाटककार दारियो फ़ो की प्रसिद्ध कृति द वर्चुअल बर्गलर पर आधारित इस नाटक के रविवार को रविंद्र भवन स्थित अंजनी सभागार में दो शो प्रस्तुत किए गए। पहला शो दोपहर 2 बजे और दूसरा शो शाम 7 बजे मंचित हुआ।

'चोर साहब' को हिंदी दर्शकों और भारतीय परिवेश के अनुरूप रूपांतरित किया गया है। इस रूपांतरण में विशेष ध्यान रखा गया कि मूल कृति की आत्मा, उसकी व्यंग्यात्मक धार और लेखक की मूल भावभूमि अक्षुण्ण रहे, ताकि दारियो फ़ो की लेखनी का मर्म हिंदी दर्शकों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके। नाटक के संगीत संयोजन एवं संगीत निर्देशन की ज़िम्मेदारी उमेश तर्कस्वार ने निभाई, जबकि प्रकाश व्यवस्था बालेंद्र सिंह ने संभाली।

सामाजिक विसंगतियों, मानवीय स्वभाव और व्यवस्था के विरोधाभास दर्शाए

हास्य और व्यंग्य से भरपूर 'चोर साहब' अपनी रोचक परिस्थितियों के माध्यम से सामाजिक विसंगतियों, मानवीय स्वभाव और व्यवस्था के विरोधाभासों को उजागर करता है। यह प्रस्तुति दर्शकों को गुदगुदाने के साथ-साथ सोचने पर भी विवश करती है। ड्रामची आर्ट एंड कल्चर फाउंडेशन की इस पहली प्रस्तुति के दो मंचनों के साथ संस्था ने रंगमंच के क्षेत्र में अपनी रचनात्मक यात्रा का शुभारंभ किया। विश्व रंगमंच की एक प्रतिष्ठित कृति को हिंदी दर्शकों तक पहुँचाने का यह प्रयास संस्था की रंगमंच के प्रति प्रतिबद्धता और सार्थक नाट्य प्रस्तुतियों के संकल्प को दर्शाता है



दो सफल मंचन के साथ रचनात्मक यात्रा की शुरुआत

चार दिवसीय पुतुल समारोह का हुआ समापन

एकलव्यः साधना, त्याग और सामाजिक न्याय की अमर गाथा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



गुरु-दक्षिणा में अंगूठा मांगते हैं द्रोणाचार्य



जनजातीय संग्रहालय एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र-नई दिल्ली और डॉल्स थिएटर-कोलकाता के सहयोग से मप्र जनजातीय संग्रहालय के मुक्ताकाश मंच पर कठपुतली कला की विविध शैलियों पर केंद्रित पुतुल समारोह का आयोजन 22 से 25 अक्टूबर, 2026 तक किया गया। समापन पर छड़ एवं धागा शैली में एकाकी धनुर्धर का मंचन सुदीप गुप्ता एवं साथी, कोलकाता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कलाकार का स्वागत राजीव सक्सेना, सहायक निदेशक द्वारा किया गया।

समारोह में पुतलियों के निर्माण एवं प्रदर्शन तकनीक आधारित शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में बच्चों के द्वारा एक 07 मिनट की कठपुतली कला से जुड़ी कथा को भी मंचित किया। शिविर का संचालन डॉल्स थिएटर के श्री सुदीप गुप्ता एवं साथी, कोलकाता द्वारा किया गया। समारोह में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र-नई दिल्ली और डॉल्स थिएटर-कोलकाता द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी का भी संयोजन किया गया, जिसमें भारतीय एवं विदेशी कठपुतलियों को प्रदर्शित किया गया। समारोह में प. बंगाल, केरल,उड़िसा, महाराष्ट्र, तमिलनाडू के साथ अन्य राज्य एवं विदेशों में क्रमशः चाइना, टर्की, वियतनाम, इंडोनेशिया, इजिप्ट, अर्जेंटिना के साथ अन्य देशों की कठपुतलियां प्रदर्शित की गई।

राजकुमारों के सामने एकलव्य का असाधारण कौशल अर्जुन की श्रेष्ठता की स्थापित धारणा को चुनौती देता है। यह जानकर द्रोण उससे गुरु-दक्षिणा में दाहिने अंगूठे की मांग करते हैं। एकलव्य बिना प्रतिवाद अपना अंगूठा अर्पित कर देता है। उसका यह त्याग विजय और पराजय की पारम्परिक परिभाषाओं को बदल देता है।

साधना, निष्ठा और त्याग को बताती है कथा

महाभारत आख्यान में एकलव्य की कथा साधना, निष्ठा और त्याग को बताती है। इसी प्रसंग पर आधारित नाट्यकृति का आरम्भ महर्षि व्यास के वनाश्रम से होता है, जहाँ वे धर्म के क्षय और बढ़ती हिंसा के बीच सत्य को युगों तक जीवित रखने के लिए महाभारत की रचना का संकल्प लेते हैं। देवर्षि नारद के परामर्श और गणेश को लिपिक बनाकर महागाथा का आरम्भ होता है। कथा हस्तिनापुर के राजकुमारों की शस्त्रविद्या के अभ्यास तक पहुँचती है। आचार्य द्रोण का कठोर अनुशासन और अर्जुन की एकाग्रता के बीच चूहों का समूह हास्य और व्यंग्य के रंग भरता है। इसी दौरान निषादराज हिरण्यधनु के पुत्र एकलव्य का प्रवेश होता है। द्रोण द्वारा शिष्य बनाने से इनकार किए जाने के बावजूद वह उनकी प्रतिमा स्थापित कर स्वयं धनुर्विद्या का अभ्यास करता है। कठिन परिस्थितियों और सामाजिक उपेक्षा के बीच अपनी अटूट लगन से वह अद्वितीय धनुर्धर बन जाता है।



'परिवर्तन जादू!' पुस्तक में संजोया स्व. वल्लभ दास शर्मा का जीवन और संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्व. वीडी शर्मा की जन्म शताब्दी पर 'परिवर्तन जादू' पुस्तक का विमोचन हुआ। पुस्तक का लेखन उनकी पुत्री चंद्रिका चंद्र ने किया है, जिसमें शर्मा के जीवन और संघर्षों को दर्शाया गया है। क्रांतिकारी गतिविधियों के कारण वे 'परिवर्तन बाबू' कहलाते थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने संदेश भेजकर सराहना की। मुख्य अतिथि सीमा पांडे मिश्रा ने मां के त्याग को दोहों में व्यक्त किया। प्रमोद फरक्या ने कहा कि माता-पिता के संस्कारों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने पिता की स्मृति में 108 नीम के पौधे समर्पित किए।

मंत्री विश्वास सारंग रहे मुख्य अतिथि

शरद पूर्णिमा पर गूंजा 'तू चंदा, मैं चांदनी', श्रोताओं ने सराहा

कलावृंद सर्व कल्याण समिति का आयोजन, राधिका मिश्रा की सरस्वती वंदना से हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल





शरद पूर्णिमा पर भोपाल में पहली बार सांगीतिक उत्सव चांद फिर निकला कार्यक्रम एक जानी मानी संस्था कलावृंद सर्व कल्याण समिति भोपाल द्वारा शहीद भवन में संपन्न हुआ।

चांद पर आधारित चित्रपट संगीत (हिन्दी) के नए पुराने गीतों की प्रस्तुतियां 32 शौकिया कलाकारों ने डॉ. अश्विना रांगणेकर, अध्यक्ष कलावृंद सर्व कल्याण समिति भोपाल के मार्गदर्शन में दी, जो एक से बढ़कर एक थी। मास्टर सार्थक बरपेटे और बेबी आरना नेमा सहित कलर्स राइजिंग स्टार फ़ेम और जी टीवी की लिटिल चैम्प्स टॉप 10, राधिका मिश्रा कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण थीं। कार्यक्रम का शुभारंभ राधिका मिश्रा के 'जय शारदे वागेश्वरी' सरस्वती वंदना से हुआ और कार्यक्रम शीर्षक गीत 'चांद फिर निकला' और 'तू चंदा मैं चांदनी' जैसे क्लासिक गीत को श्रोताओं ने बहुत सराहा। आओ तुम्हें चांद पे ले जाएं समूह में होने के बाद, 'चलो दिलदार चलो' अजय एवं रचना खोसला, 'न ये चांद होगा' संजय राजापुरकर, 'आधा है चंद्रमा रात आधी' शिवांगी जय पवार एवं तुषार सोहोनी, 'चौदवीं का चांद हो, 'चांद आनंद भरेगा' ज्ञानेंद्र शर्मा, 'चांद सी महबूबा' अनिल कोचर, 'चांद खिला वो तारे हंसे' सुष्मिता अय्यर, मेडले - रात भी है कुछ भीगी-2, 'ऐ चांद जहां वो जाए', 'चंदा जा चंदा जा रे जा' डॉ अश्विना रांगणेकर, 'तू मेरा चांद मैं तेरी चांदनी' डॉ. संजय शर्मा एवं फरहत खान जैसे सुमधुर गीतों के साथ 'तुम आए तो आया मुझे याद' गीत स्वाति जौहरी द्वारा गाया गया, जिसका साथ सभी गायक गायिकाओं ने दिया और समापन हुआ। कार्यक्रम की विशेषता सभी सिंगर्स की वेशभूषा कार्यक्रम के अनुरूप 'सफेद वस्त्र' थी, जिसने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास कैलाश सारंग थे और विशेष अतिथियों में हरीओम जाटिया, पंकज पाठक, डॉ. संजय सक्सेना, इंदौर से पधारे दिलीप पंडित थे।



आलोक कायस्थम के प्रभारी महासचिव बने

भोपाल। कायस्थ समाज की संस्था कायस्थम मप्र की वार्षिक आमसभा हुई। बैठक में संयुक्त सचिव अजय भटनागर ने पिछले वर्ष के कार्यों और आगामी योजनाओं की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष मुकुल अस्थाना ने आय-व्यय का ब्योरा दिया। अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने बताया कि महासचिव रश्मि सक्सेना के त्यागपत्र के बाद सचिव आलोक श्रीवास्तव को महासचिव का प्रभार सौंपा गया। जनवरी रवींद्र भवन में राज्य स्तरीय समारोह होगा।

प्रस्तुतियों संग सात युवा कलाकार राग भविष्य युवा प्रतिभा खोज पुरस्कार से सम्मानित

सुरों की साधना, कला की विरासत और नई प्रतिभाओं का संगम बना शरदोत्सव-2026

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जब शास्त्रीय संगीत के सुरों में परंपरा की मिठास घुली और नई पीढ़ी की प्रतिभाओं को पहचान मिली, तो शरदोत्सव की शाम कला के उत्सव में बदल गई। शिवाजी नगर स्थित दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय में रविवार अभिनव कला परिषद एवं स्वर-रंग आर्ट एवं कल्चरल सोसायटी द्वारा आयोजित शरदोत्सव-2026 में संगीत, स्मृति और सृजन का अनोखा संगम देखने को मिला। शरद पूर्णिमा इस सांगीतिक संध्या का प्रमुख आकर्षण 'राग भविष्य' रहा। 'आज की प्रतिभा, कल की पहचान' थीम पर मध्यप्रदेश के चयनित 7 युवा कलाकारों को सम्मानित किया गया। शास्त्रीय गायन और वादन की प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भारतीय संगीत की समृद्ध परंपरा से रू-ब-रू कराया। सुप्रसिद्ध ध्रुपद गायक उमाकांत गुंदेचा ने कहा कि अभिनव कला परिषद के माध्यम से पंडित सुरेश तांतेड़ ने युवा कलाकारों को प्राथमिकता के साथ मंच प्रदान किया।

अभिनव कला परिषद द्वारा आयोजित मशहूर चित्रकार स्व. सविदा नागदेव की जयंती पर समर्पित रहा आयोजन शास्त्रीय गायन-वादन से सजी रही सांगीतिक संध्या



इन 7 युवा कलाकारों का हुआ सम्मान

राग भविष्य- युवा प्रतिभा सम्मान 2026 के अंतर्गत शरदोत्सव में प्रतिभाशाली युवा कलाकारों- खुशी विजयवर्गीय को शास्त्रीय गायन, गीतांशी एवं कार्तिक जोशी को सितार वादन, ऋषि एवं मुनि मालवीय को बहुवाद्य वादन, प्रदक्षिणा भट्ट को ख़याल गायन, राधिका ताम्रकार को कथक नृत्य, काव्यांशी यादव को तबला वादन और शेविका एवं शांभवी सक्सेना को ध्रुपद गायन के लिए सम्मानित किया गया।

चित्रकार स्व. नागदेव की जयंती पर पुण्य स्मरण

शरदोत्सव में प्रसिद्ध पुरातत्वविद् डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर के शिष्य और सुप्रसिद्ध चित्रकार स्व. सविदा नागदेव की जन्म-जयंती के अवसर पर उनके कार्यों का पुण्य स्मरण किया गया। सभागार में मौजूद कला प्रेमियों ने कला और रंग-संवेदना के क्षेत्र में चित्रकार नागदेव के योगदान की सराहना कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। राग भविष्य के अंतर्गत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में सबसे पहले में गीतांशी जोशी और कार्तिक जोशी ने सितार-तबला की युगलबंदी से राग यमन की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके बाद संगीत और वादन का सिलसिला जारी रहा और खुशी विजयवर्गीय ने शास्त्री गायन पेश किया, इस पर काव्यांशी यादव ने संगत दी। कलाकारों की प्रस्तुतियों में सुरों की शुद्धता, साधना और संगीत के प्रति समर्पण की झलक दिखाई दी। अभिनव कला परिषद के सचिव अतुल सुरेश तातेड़ ने कहा कि शरदोत्सव ने संगीत की परंपरा और नई पीढ़ी की संभावनाओं को एक मंच पर लाकर कला-संस्कृति की नगरी भोपाल की सांस्कृतिक विरासत में एक नया अध्याय जोड़ा है। पिता पंडित स्व. श्री सुरेश तांतेड़ ने अभिनव कला परिषद की स्थापना कर लगभग 6 दशकों तक विभिन्न क्षेत्रों के कलाकारों को मंच देकर आगे बढ़ाया।

स्वस्थ जीवनशैली और नशामुक्ति का किया प्रचार

खेलकूद और शारीरिक व्यायाम से दिया स्वस्थ जीवनशैली का संदेश



भोपाल। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजयोग भवन, अरेरा कॉलोनी और सुख-शांति भवन, नीलबड़ में 'नशा मुक्त युवा, विकसित भारत' अभियान के छठे सप्ताह की लॉन्चिंग हुई। वरिष्ठ राजयोगिनी नीता दीदी ने कहा कि मन को सकारात्मक कार्यों में लगाकर ऊर्जा का रचनात्मक उपयोग करना चाहिए, अन्यथा व्यक्ति नकारात्मक आदतों की ओर बढ़ता है। लिम्का बुक रिकॉर्ड होल्डर बीके आशीष भाई ने कहा कि 'पहला सुख निरोगी काया' जीवन का महत्वपूर्ण संदेश है। कार्यक्रम में युवाओं को व्यायाम और प्रतिज्ञा के माध्यम से नशामुक्त रहने के लिए प्रेरित किया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930